*
ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.in
06 जुलाई, 2024
आषाढ़, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
रांची
शनिवार, वर्ष 09, अंक 256







## राज्य के विकास की स्टीयरिंग फिर हाथ ली है : हेमंत सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री बनने के बाद हेमंत सोरेन ने कार की स्टीयरिंग थामी। उन्होंने कहा है कि राज्य के विकास की स्टीयरिंग अब उनके हाथ में है। इस राज्य के प्रति उनकी बहुत सी सोच है। यहां के आदिवासी, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक, मूलवासी और जल-जंगल-जमीन को लेकर उनके कई विचार हैं। झारखंड देश में अलग तरह का राज्य है। कहने को तो इसे सोने की चिड़िया कहते हैं, लेकिन तकलीफ से कहना पड़ता है कि राज्य के लोग अभी भी दो वक्त की रोटी के लिए संघर्ष करते हैं। चाहे किसी की भी सरकार रही हो, उनकी संवेदनशीलता नहीं रही। हेमंत सोरेन ने कहा कि 2019 में आपने हमें राज्य को दिशा देने का जिम्मा सौंपा, सरकार बनने के बाद कोरोना जैसी महामारी आयी। ऐसी स्थिति में देश की हालत क्या थी, आप सबको मालूम है। सीमित संसाधन, स्वास्थ्य के घोर अभाव के बावजूद संवेदनशीलता के साथ काम किया। इस जंग में दो-दो मंत्री शहीद हो गये। कई राजनीतिक अवरोध सरकार के सामने आते रहे। सरकार को गिराना, विधायकों की खरीद-फरोख्त, झूठे मुकदमों में फंसाना इस अजीब सी राजनीति का शिकार मैं भी हुआ और मुझे पांच महीनों तक जेल में रहना पड़ा। आप लोगों के आशीर्वाद और ताकत की बदौलत सरकार को खरोंच भी नहीं आने दी।

**चंपाई सोरेन को अपनी जगह :** सौंप कर होटवार जेल में चला गया। पांच महीन के बाद न्यायलय के आदेश के बाद बाहर आ पाया। फिर से इस राज्य की दिशा को देने के लिए, 2019 के संकल्प को पूरा करने के लिए आपके सामने हूं। साथियों, पांच साल कई चुनौतियों के साथ हमने पार किया। कई जंग जीते हैं, चाहे वह कोरोना या फिर राजनीतिक साजिश हो। आपके दरवाजे तक संकल्पों को पूरा करने के लिए पहुंचे हैं।



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी धर्मपत्नी विधायक कल्पना सोरेन ने शुक्रवार को रांची स्थित मां बगलामुखी मंदिर पहुंच कर शीश नवाया। मुख्यमंत्री ने पूजा-अर्चना कर समस्त राज्यवासियों की सुख, शांति, समृद्धि एवं उन्नति की कामना की।

### केंद्र सरकार की वजह से बेरोजगारी

हेमंत सोरेन ने कहा कि कई चुनौतियां हमारे सामने हैं। रोजगार, किसान, शिक्षा, स्वास्थ्य समेत सभी क्षेत्रों में काम करने की आवश्यकता है। वर्तमान केंद्र सरकार की नीतियों की वजह से रोजगार घट रहे हैं। छोटे-मंझोले उद्योग बंद होते जा रहे हैं। दूसरे देश में छोटे-मंझोले उद्योग जा रहे हैं। झारखंड के सर्वांगीण विकास के लिए बहुत काम करना होता है। आपको इस बात का एहसास होगा कि इस सरकार की सोच और उद्देश्य क्या है।




## देश की हर ग्रामीण महिला बनेगी लखपति : शिवराज

### केंद्रीय कृषि मंत्री कुजू में आयोजित एसएचजी महिला वार्ता कार्यक्रम में हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**कुजू।** केंद्रीय कृषि मंत्री सह भाजपा झारखंड चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब हमारी बहनों की आंखों में आंसू नहीं आने देंगे। क्योंकि हमारी सरकार ने संकल्प लिया है कि अब से हर क्षेत्र की हमारी मां-बहनें समूह से जुड़कर लखपति बनेंगी। केंद्रीय कृषि मंत्री शुक्रवार को कुजू पूर्वी पंचायत सचिवालय में एसएचजी महिलाओं से वार्ता कार्यक्रम में बोल रहे थे।

शिवराज सिंह ने कहा कि हमारी देश की महिलाएं आगे बढ़ेंगी, तभी देश का विकास होगा। आपको आत्मनिर्भर बनाने के लिए कृषि सखी योजना लायी गयी है। इसके माध्यम से हर गांव की महिला को प्रशिक्षण दिया जायेगा, जिसके बाद उस महिला को सरकार की ओर से वेतन देकर आत्मनिर्भर बनाया जायेगा। कार्यक्रम में हजारीबाग सांसद मनीष जयसवाल ने कहा कि लोकसभा क्षेत्र की किसी भी महिला को कभी भी कोई परेशानी होती है, तो वह हमसे सीधे संपर्क कर सकती है। हजारीबाग क्षेत्र की हर महिला का विकास ही हमारी पहली प्राथमिकता रही है।

**कार्यक्रम में ये थे मौजूद:** कार्यक्रम में रामगढ़ उपायुक्त चंदन कुमार, डीडीसी रोबिन टोप्पो, बीडीओ संजय कोनगाड़ी, बीपीओ, पंचायत सचिव चांदनी कुमारी, मुखिया ललिता देवी, जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता सहित जिला पदाधिकारी और भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे।



### पारंपरिक तरीके से हुआ स्वागत

कार्यक्रम शुरू होने से पहले केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, सांसद मनीष जयसवाल समेत अन्य अतिथियों का स्वागत पारंपरिक तरीके से फूल-माला पहना कर और तिलक लगा कर किया गया। इस मौके पर मांडू प्रखंड अंतर्गत सुगिया गांव के बिरहोर टोला में पीएम आवास और अन्य योजनाओं के लाभार्थियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं से भी रूबरू हुए। इधर, सुगिया गांव में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण किया।

## नीट-पीजी की परीक्षा 11 अगस्त को होगी

### पेपर दो घंटे पहले तैयार होगा

गड़बड़ी की आशंका के बाद 22 जून को स्थगित हुई थी परीक्षा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज (एनबीइएमएस) ने नीट-पीजी परीक्षा की शुक्रवार को नयी तारीख जारी कर दी है। यह परीक्षा 11 अगस्त को ऑनलाइन मोड में दो शिफ्ट में होगी। पहले यह परीक्षा 23 जून को होनी थी, लेकिन गड़बड़ी की आशंका की वजह से इसे 12 घंटे पहले कैंसिल कर दिया गया। पेपर लीक और कोई गड़बड़ी ना हो इसके लिए एनबीइएमएस अब 11 अगस्त को परीक्षा के दो घंटे पहले पेपर तैयार करेगा। एनबीइएमएस ने कहा है कि परीक्षा के लिए जरूरी एसओपी और प्रोटोकॉल की समीक्षा करने के बाद नयी तारीख जारी की गयी है।

**नये पैटर्न से होगी परीक्षा:** एनबीइएमएस ने नीट-पीजी परीक्षा के पैटर्न में बदलाव किया है। परीक्षा में 200 एमसीक्यू टाइप सवाल पूछे जाते हैं। अब हर सवाल को हल करने के लिए कुछ मिनटों का तय समय ही मिलेगा। इसका मतलब यह है कि किसी सवाल को हल करने के लिए कोई अभ्यर्थी कितना समय दे सकता है, ये पहले से ऑटोमैटिक मोड पर सेट होगा। 2024 से ही नये पैटर्न पर परीक्षा होगी। इसके जरिये एमबीबीएस के छात्र देश के टॉप मेडिकल कॉलेजों में मास्टर डिग्री के लिए नामांकन ले सकते हैं।

### नीट मामले पर केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में दिया एफिडेविट

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को कहा कि एनटीए पूरी नीट परीक्षा रद्द कर फिर से परीक्षा कराने के पक्ष में नहीं है। साथ ही यह भी कहा कि परीक्षा में ऐसी बड़े स्तर की गड़बड़ी नहीं हुई है, जिससे 24 लाख छात्र प्रभावित हुए हों। इससे पहले गुरुवार को री-नीट के खिलाफ गुजरात के 56 छात्रों ने सुप्रीम कोर्ट में भी परीक्षा रद्द करने को लेकर याचिकाएं दायर की गयी हैं। सुप्रीम कोर्ट में दायर की गयी सभी 22 याचिकाओं पर 8 जुलाई को सुनवाई होगी।

## झारखंड भाजपा के फिर प्रभारी बने वाजपेयी

दीपक प्रकाश बिहार के सह प्रभारी

भाजपा ने 23 राज्यों में घोषित किये प्रभारी

**नयी दिल्ली।** भाजपा ने हरियाणा, उत्तराखंड, मध्यप्रदेश, झारखंड और ओड़िशा समेत देश भर के 23 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में अपने प्रभारी और सह-प्रभारी घोषित कर दिये हैं। हाल ही में सांसद बने संबित पात्रा को भी इसमें बड़ी जिम्मेदारी मिली है और उन्हें पूर्वोत्तर का समन्वयक बनाया गया है। भाजपा ने जिन प्रमुख राज्यों के प्रभारी घोषित किये हैं, उनमें बिहार में विनोद तावड़े को जिम्मेदारी मिली है। उनके साथ सह-प्रभारी के तौर पर झारखंड के दीपक प्रकाश रहेंगे, जो सांसद भी हैं। वहीं उत्तरप्रदेश में भाजपा के वरिष्ठ नेता रहे लक्ष्मीकांत वाजपेयी को झारखंड का फिर प्रभारी बनाया गया है। ओड़िशा में विजयपाल सिंह तोमर और लता उसेंडी को प्रभार मिला है।

## लातेहार : दस-दस लाख के इनामी दो नक्सलियों ने किया सरेंडर


डीआइजी, डीसी और एसपी के सामने किया आत्मसमर्पण

हिंसा छोड़ मुख्यधारा से जुड़ें नक्सली: डीआइजी

मुकेश कुमार सिंह

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पलामू डीआइजी वाइएस रमेश, उपायुक्त गरिमा सिंह और एसपी अंजनी अंजन के समक्ष पुनर्वास नीति नयी दिशा से प्रभावित होकर दस-दस लाख के इनामी दो हार्डकोर नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पण करने वालों में भाकपा माओवादी के जोनल कमांडर नीरज सिंह खेरवार उर्फ संजय खेरवार और सलमान उर्फ लोकेश उर्फ राजकुमार गोंझू है।पलामू डीआइजी वाइएस रमेश ने कहा कि ये दोनों नक्सली छोटू खेरवार दस्ते के सदस्य हैं। पिछले 20 वर्षों से भाकपा माओवादी संगठन से जुड़े हुए थे और विभिन्न घटनाओं में इनकी संलिप्तता रही है। ये दोनों नक्सली राज्य सरकार की पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं। उपायुक्त गरिमा सिंह ने कहा कि राज्य सरकार की आत्मसमर्पण नीति बहुत अच्छी नीति है। सरेंडर करने के बाद नीरज सिंह खरवार कहा कि लंबे समय से जंगल के रास्ते में भटक गये थे। इसके बाद लगा कि सरकार की आत्मसमर्पण नीति का लाभ उठाते हुए मुख्यधारा में लौट आयें। इसके बाद पुलिस पदाधिकारी से संपर्क कर सरेंडर करने का मन बनाया।






## हेमंत ड्राइविंग सीट पर और कल्पना को-ड्राइवर



### झारखंड की राजनीति में क्या गुल खिलायेगी यह नयी केमिस्ट्री !

शंभु नाथ चौधरी

**रांची (आजाद सिपाही)।** हेमंत सोरेन ने पांच महीने बाद झारखंड में एक बार फिर सत्ता की ड्राइविंग सीट संभाल ली है और इस बार उनके साथ को-ड्राइवर की सीट पर कोई और नहीं, बल्कि उनकी पत्नी कल्पना सोरेन हैं। 28 जून को हेमंत सोरेन के जेल से बाहर आने के बाद से ही कल्पना हर पल साये की तरह उनके साथ-साथ चल रही हैं। पिछले आठ दिनों के दौरान सार्वजनिक कार्यक्रमों में दोनों की जो केमिस्ट्री दिखी है, उसने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा है।

गुरुवार को सीएम पद की शपथ लेने के एक घंटे बाद ही हेमंत सोरेन झारखंड मंत्रालय स्थित कार्यालय में कल्पना सोरेन के साथ पहुंचे और पदभार संभाला। वहां से वापस आवास लौटते हुए हेमंत सोरेन ने अपनी कार खुद ड्राइव की। ड्राइविंग सीट पर बैठने के पहले उन्होंने पत्रकारों से मजाकिया लहजे में कहा, यार, सामने से हट जाओ। पांच महीने बाद ड्राइव कर रहा हूं...बहुत सारी ताकतें लगी थीं हमें रोकने में...पता नहीं किसे चोट लग जाये...मैं ड्राइवर हूं और कल्पना को-ड्राइवर।

हेमंत सोरेन ने यह बात भले ही हल्के-फुल्के अंदाज में कही, लेकिन सच यही है कि अब हर सियासी निर्णय में कल्पना सोरेन उनकी सबसे खास सलाहकार और सहयोगी हैं। 31 जनवरी को जेल जाने के पहले हेमंत सोरेन पहले कल्पना सोरेन को ही सीएम की कुर्सी सौंपना चाहते थे, लेकिन तब कुछ विधायकों और घर में ही भाभी की ओर से विरोध की वजह से उनका प्लान धरातल पर नहीं उतर पाया। हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद कल्पना सोरेन ने सत्ता न सही, लेकिन सियासी मोर्चे पर उनकी खाली जगह बखूबी संभाली और बेहद कम समय में एक मंझे हुए लीडर के तौर पर उनका उभार हुआ। हेमंत सोरेन जब तक जेल में रहे, उनका सोशल मीडिया हैंडल कल्पना ने ही संभाला और लोगों से भावनात्मक स्तर पर कनेक्ट होने में काफी हद तक सफल रहीं।

गुरुवार शाम कार ड्राइव कर ऑफिस से आवास लौटते हुए हेमंत सोरेन ने राज्य की जनता के नाम एक वीडियो संदेश बनाया, जिसे को-ड्राइवर सीट पर बैठी कल्पना ने ही अपने मोबाइल से रिकॉर्ड किया। कल्पना सोरेन ने शुक्रवार को यह वीडियो संदेश सोशल मीडिया एक्स पर अपने हैंडल से शेयर किया है। बाद में हेमंत सोरेन ने इसे रिपोस्ट किया। हेमंत सोरेन ने इस वीडियो में अपनी जेल यात्रा और राज्य की राजनीतिक स्थितियों से लेकर पलायन, बेरोजगारी जैसी समस्याओं का जिक्र किया और राज्य के विकास को गति देने के संकल्पों को दोहराया।

इसके पहले बीते आठ दिनों में अपने आवास पर कार्यकर्ताओं-समर्थकों के बीच संबोधन, संथाल हूल दिवस पर साहिबगंज के भोगनाडीह में आयोजित कार्यक्रम, सरकार बनाने की दावेदारी के लिए राज्यपाल से मुलाकात, शुक्रवार को चीफ जस्टिस के शपथ ग्रहण समारोह और उसके बाद रांची के बगलामुखी मंदिर में पूजा के कार्यक्रम में हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन साथ-साथ दिखे हैं।

हेमंत सोरेन की सरकार ने विधानसभा में विश्वास मत परीक्षण के लिए 8 जुलाई को एक दिन का विशेष सत्र आहूत किया है। झारखंड के विधानसभा के इतिहास में उस दिन यह पहली बार होगा, जब पति-पत्नी (हेमंत-कल्पना) की जोड़ी एक साथ सदन में मौजूद होगी। कल्पना सोरेन हाल में गांडेय विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में जीत दर्ज कर विधायक बन चुकी हैं। बहरहाल, सबकी निगाह इस बात पर टिकी है पति-पत्नी की केमिस्ट्री का राज्य की सत्ता सियासत पर क्या असर पड़ता है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 68,700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 97,000 रु./प्रति किलो |



# झारखंड में सुरसा की तरह फैल रहा है नशे का कारोबार

## ■ अफीम से लेकर शराब और नशीली दवाओं की गिरफ्त में फंस रहे हैं युवा

## ■ सरकारी प्रयास हो रहे बेअसर, कई जिले में फल-फूल रहा है नशे का रैकेट

## ■ सरकार के लिए बन गयी है बड़ी चुनौती, अदालत तक से मिल रही फटकार

**झारखंड इन दिनों एक नयी समस्या से जूझ रहा है। यह समस्या है नशा। तमाम सरकारी प्रयासों के बावजूद राज्य के कई जिलों में नशे का रैकेट खूब फल-फूल रहा है। इसलिए राज्य को नशा मुक्त बनाना सरकार के लिए बड़ी चुनौती बन गयी है। युवा तेजी से इसकी गिरफ्त में आ रहे हैं। जाहिर है कि यहां नशे का कारोबार भी तेजी से फैल रहा है, जिसमें देश-दुनिया के बड़े रैकेट शामिल हैं। एक अनुमान के मुताबिक झारखंड में हर साल गांजा, चरस, अफीम, ड्रग्स, ब्राउन शुगर, हेरोइन, डेंड्राइट से अरबों रुपये का कारोबार पर्दे के पीछे से ड्रग तस्कर करते हैं। झारखंड के बच्चों को ड्रग तस्कर अपना मुख्य निशाना बनाते हैं। शायद यही वजह है कि अब शहर से लेकर गांव तक सब नशे की गिरफ्त में आ गये हैं। सरकार भी मानती है कि यह वाकई चिंता का विषय है। आज राज्य का हर जिला नशे से बुरी तरह प्रभावित है, जिसकी रोकथाम के लिए प्रशासनिक पहल के साथ-साथ जागरूकता के जरिये प्रयास किये जा रहे हैं। झारखंड सरकार ने नशा मुक्ति को लेकर 19 से 26 जून तक विशेष अभियान चलाया। हाइकोर्ट भी लगातार इस समस्या पर राज्य सरकार को फटकार रहा है। हालांकि सरकारी प्रयास नाकाफी साबित हो रहे हैं। झारखंड में नशे का कारोबार कितनी तेजी से फैल रहा है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इस साल अब तक 134 से ज्यादा कारोबारी गिरफ्तार हो चुके हैं और 20 करोड़ रुपये से ज्यादा के नशीले पदार्थ जब्त किये जा चुके हैं। क्या है नशे के कारोबार का खतरा और कैसे संचालित होता है इसका पूरा रैकेट, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही | विशेष



राकेश सिंह

अगर यह कहा जाये कि झारखंड नशे की गिरफ्त में है, तो गलत नहीं होगा, क्योंकि राज्य में साल दर साल नशे के कारोबार में भारी बढ़ोत्तरी हुई है। राजधानी रांची में पांच साल में अफीम की खेती समेत अन्य नशा का कारोबार एक सौ फीसदी के पार पहुंच गया है। पुलिस-प्रशासन की सख्त कार्रवाई के बावजूद नशे का कारोबार रुक नहीं रहा है, बल्कि और इजाफा ही हो रहा है। पुलिस-प्रशासन अभियान चला कर अफीम की खेती को नष्ट कर रहा है। इसके बावजूद राजधानी समेत राज्य के आधा दर्जन जिलों के दर्जनों गांवों में खुलेआम अफीम की खेती होती है।

### खूब होती है अफीम की खेती

झारखंड में नशे के कारोबारी सबसे अधिक ध्यान अफीम की खेती पर देते हैं। रांची-खूंटी के सीमावर्ती क्षेत्र, खूंटी, चतरा, लातेहार, पलामू, हजारीबाग अफीम का कॉरिडोर बन गया है। रांची जिले में नामकुम, तुपुदाना, बुंडू, तमाड़, दशमफॉल, नगड़ी, खरसीदाग आदि थाना क्षेत्र में भी अफीम बड़े पैमाने पर उगाये जाते हैं।

रांची अंतर्गत नामकुम के राजाउलातु के सोगोद, रामपुर के बुदरी, बंधुआ, हुवांगहातु, लाली, हाहाप सहित जंगल से सटी दर्जनों पंचायतों में अफीम की फसल लहलहा रही है। झारखंड में करीब दो हजार एकड़ भूमि पर अफीम की खेती होती है और एक एकड़ फसल से औसतन 12 लाख रुपये की कमाई होती है।

### सरकारी जमीन पर होती है अफीम की खेती

झारखंड के प्रशासन की सख्ती के बाद तस्करों ने अब अफीम की खेती का तरीका भी बदल लिया है। तस्कर रैयती जमीन को छोड़ कर सरकारी जमीन पर अफीम की खेती कर रहे हैं। यानि कि 80 फीसदी से अधिक खेती अब सरकारी जमीन पर हो रही है।

इसकी भनक पुलिस को भी नहीं लगती है। पुलिस कार्रवाई भी करती है, तो भी तस्कर पकड़ में नहीं आता है। अफीम की खेती के लिए तस्कर हाइब्रिड बीज का उपयोग करते हैं, ताकि अधिक पैदावार हो सके। हाइब्रिड बीज का इस्तेमाल होने से उत्पादन दोगुना होता है। समय भी कम लगता है और अच्छी



आय भी होती है।

### धंधे में ज्यादा लोग हो रहे हैं शामिल

झारखंड में पिछले पांच साल में अफीम की खेती का दायरा काफी बढ़ गया है। ज्यादा से ज्यादा लोग इस धंधे में शामिल हो रहे हैं, लेकिन कहा यह भी जाता है कि यह धंधा पुलिस की मिलीभगत की वजह से ज्यादा फल-फूल रहा है।

### नक्सली भी कराते हैं अफीम की खेती

झारखंड में अफीम की खेती के पीछे नक्सलियों का भी हाथ है। नशा और नक्सलियों का गठजोड़ इतना गहरा हो चुका है कि अब सरकार के लिए यह एक विकराल समस्या बन चुकी है, जिससे उबर पाना इतना आसान नहीं है। पिछले पांच वर्ष में ऐसा कोई दिन नहीं है, जब अफीम, चरस, गांजा और अवैध शराब से जुड़े मामले सुर्खियां न बने हों। इसके बाद भी ना तो सरकार जग रही है ना ही प्रशासन। नक्सल प्रभावित क्षेत्रें में ग्रामीणों को कभी लालच में तो कभी अपनी जान बचाने के लिए मजबूरन नक्सलियों की बात माननी पड़ती है।

### किस साल कितनी अफीम हुई नष्ट

झारखंड पुलिस के आंकड़ों के अनुसार साल 2019 में 2500 एकड़, साल 2018 में 2160 एकड़, 2017 में 2676 एकड़, 2016 में 259 एकड़, 2015 में 516 एकड़, 2014 में 81 एकड़, 2013 में 247 एकड़, 2012 में 66 एकड़ और 2011 में 26 एकड़ जमीन से अफीम नष्ट करने की कार्रवाई की जा चुकी है।

### ब्राउन शुगर का कारोबार भी बढ़ा

झारखंड में नशे के कारोबारियों का एक बड़ा गिरोह सक्रिय है। अफीम का कारोबार अब सीधे ब्राउन शुगर के कारोबार में बदल रहा है। राज्य में नशे का कारोबार कितना बड़ा है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इस साल अब तक 20 करोड़ रुपये से अधिक के नशीले पदार्थ जब्त किये जा चुके हैं और 134 कारोबारियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

### सात जिलों में नशे के कारोबार से जुड़े 366 हॉट स्पॉट चिह्नित

झारखंड पुलिस ने राज्य के सात जिलों- खूंटी, गुमला, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला, हजारीबाग, चतरा और लातेहार में नशे के कारोबार से जुड़े 366 स्थलों को चिह्नित किया है। नशे के उपभोग, विक्रय और निर्माण/उत्पाद केंद्र के रूप में चर्चित इन स्थलों को पुलिस ने 'हॉट स्पॉट' की संज्ञा दी है। पुलिस के आंकड़ों के अनुसार खूंटी ऐसा जिला है, जहां सबसे अधिक 296 स्थल नशे के उत्पाद के लिए पूरे राज्य में चर्चित हैं, जबकि लातेहार जिले में सबसे अधिक 106 लोग अभी नशे के कारोबार में शामिल हैं। पूर्वी सिंहभूम जिले में सबसे अधिक 16 हॉट स्पॉट हैं, जहां पर नशीले पदार्थ की बिक्री होती है। चिह्नित हॉट स्पॉट पर कार्रवाई के लिए एक्शन प्लान भी तैयार किया गया है। अब सीआइडी मुख्यालय ने संबंधित जिलों के एसपी को निर्देश दिया है कि चिह्नित हॉट स्पॉट पर पुलिस विशेष निगरानी रखे। साथ ही समय-समय पर छापेमारी अभियान भी चलाया जाये।

### नशे के सौदागरों के खिलाफ बढ़ायी जा रही निगरानी

राज्य पुलिस के अधिकारी दावा करते हैं कि नशे के सौदागरों पर निगरानी बढ़ायी जा रही है। इसके तहत नौ जिलों की पुलिस ने मिल कर नशे के 205 सौदागरों के खिलाफ डोसियर तैयार किया है। चतरा जिला की पुलिस ने सबसे अधिक 177 नशे के सौदागरों के खिलाफ डोसियर खोला है। संबंधित जिलों के एसपी ने इससे संबंधित आंकड़ा तैयार कर पुलिस मुख्यालय को भेज दिया है।

### हाइकोर्ट ने राज्य सरकार को लगायी फटकार, मांगा जवाब

झारखंड हाइकोर्ट ने भी राज्य में नशे के कारोबार और अफीम की खेती पर गहरी चिंता जतायी और इस पर रोकथाम के लिए केंद्रीय और राज्य की एजेंसियों को संयुक्त रूप से अभियान चलाने को कहा है। अदालत ने राज्य सरकार को शपथ पत्र दाखिल कर जवाब देने को कहा है कि झारखंड को नशीले पदार्थों से कैसे मुक्त किया जा सकता है। इस मामले में राज्य के गृह सचिव, डीजीपी, सीआइडी के डीजी और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो को प्रतिवादी बनाया गया है। अदालत ने सुनवाई के दौरान कहा कि खूंटी जनजातीय बहुल आबादी वाला जिला है और यहां से बड़े पैमाने पर अफीम उत्पादन की खबरें आ रही हैं। यह स्थिति किसी भी सभ्य समाज के लिए स्वीकार्य नहीं है।

---


# लोहरदगा के भंडरा में मिड डे मील खाने के बाद 16 बच्चे हुए बीमार

- पेट दर्द सहित चक्कर आने और उल्टी की शिकायत, अस्पताल में मची अफरा-तफरी
- भंडरा के कुंदो राजकीय मध्य विद्यालय का मामला

आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरा।** प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय कुंदो में शुक्रवार को मध्याह्न भोजन खाने से 16 विद्यार्थियों की तबीयत बिगड़ गयी। इन्हें भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां सभी छात्रों को स्लाइन चढ़ायी जा रही है। इस बीच बच्चों के बीमार होने की सूचना मिलते ही अफरा-तफरी मच गयी। स्कूल और अस्पतालों में भीड़ जुट गयी।

**फूड प्वाइजनिंग की बात सामने आयी :** अस्पताल के प्रभारी डॉ संजय कुमार ने फूड प्वाइजनिंग की बात कही है। बच्चों को डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है। मामला प्रखंड स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुंदो का है। शुक्रवार की दोपहर एक बजे कक्षा एक से लेकर कक्षा छह तक के छात्रों के भोजन में चावल, दाल, अंडा दिया गया, जिसके खाने के आधे घंटे बाद से ही किसी को चक्कर आने लगा। कोई उल्टी करने लगा।





### भारी संख्या में बच्चों को देख कर मच गयी अफरा-तफरी

खाना खाने के बाद बच्चों को पेट दर्द की शिकायत होने लगी। उन्हें आनन-फानन में एंबुलेंस और अन्य साधन से स्थानीय सीएचसी लाया गया। यहां इतनी संख्या में बच्चों को देख कर अफरा-तफरी मच गयी। जैसे ही इसकी खबर गांव में पहुंची तो मौके पर ग्रामीण इकट्ठा हो गये। अभिभावकों में अफरा-तफरी मच गयी। स्थानीय लोगों की मदद से छात्रों को इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। अस्पतालों में मौजूद चिकित्सक और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने इलाज किया। आवश्यक उपचार प्रारंभ किया गया।

### खाने से पेट्रोल और केरोसिन जैसी दुर्गंध आने की बात बतायी

बच्चों ने खाने से पेट्रोल और केरोसिन जैसी दुर्गंध आने की बात कही है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार के साथ अन्य डॉक्टरों ने बच्चों का प्राथमिक उपचार किया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि खाना खाने के बाद बच्चों में पेट दर्द, उल्टी, चक्कर की शिकायत पायी गयी है। सभी का प्राथमिक उपचार किया गया है। प्रधान शिक्षक ने बताया कि विद्यालय में कुल नामांकन 143 है, जिसमें 112 बच्चे उपस्थित थे। भंडरा के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी जयनाथ महतो ने बताया कि एमडीएम से बच्चों के बीमार होने की सूचना है। जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

### इन बच्चों में हुई थी समस्या

प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुंदो में मध्याह्न भोजन खाने के बाद जो बच्चे बीमार हुए थे, उसमें पूजा कुमारी, अर्चना लकड़ा, बिशाल उरांव, मानिता कुमारी, ब्रिजा उरांव, कविता उरांव, सीमा उरांव, छोटी कुमारी, सुमन कुमारी, एनीमा कुमारी, सृष्टि कुमारी, देवांती कुमारी, सुनीता कुमारी, आरोही भगत, पूनम कुमारी, मंजू कुमारी शामिल हैं।

---

## हाइकोर्ट की कड़ी टिप्पणी | बिना दिमाग लगाये मजिस्ट्रेट कोर्ट ने आदेश पर साइन कर दिया, ट्रेनिंग पर भेजें

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय ने जमशेदपुर सिविल कोर्ट के एक न्यायिक दंडाधिकारी के आदेश के खिलाफ दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए गंभीर टिप्पणी की। अदालत ने अपने आदेश में ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट को आदेश पारित करने से पहले सावधानीपूर्वक विचार करने पर जोर देने के साथ रविवार और अन्य छुट्टियों पर मजिस्ट्रेट के लिए प्रशिक्षण का सुझाव दिया है। दरअसल, जमशेदपुर सिविल कोर्ट




ने दुष्कर्म के एक आरोपी के खिलाफ कुर्की का इश्तेहार और वारंट जारी किया था, जिसके खिलाफ आरोपी ने हाइकोर्ट में याचिका दाखिल की थी।

इस मामले की सुनवाई हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में हुई। अदालत ने कुर्की के इश्तेहार और वारंट को रद्द करते हुए कहा कि अदालत को यह मानने में कोई हिचकिचाहट नहीं है कि ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट ने सीआरपीसी की धारा 82 के तहत इश्तेहार जारी करके अवैधता की है। उन्होंने कानून की अनिवार्य आवश्यकताओं का पालन किये बिना आदेश पारित किया है, इसलिए यह कानून में टिकाऊ नहीं है और इसे जारी रखना कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग होगा।

अदालत ने अपने आदेश में गंभीर टिप्पणी करते हुए कहा कि इस आदेश पर बिना दिमाग लगाये हस्ताक्षर कर दिये गये हैं। हाइकोर्ट ने रजिस्ट्रार जनरल को अपने इस आदेश की एक कॉपी जमशेदपुर सिविल कोर्ट के प्रधान जिला न्यायाधीश को भेजने का निर्देश दिया और उनसे यह सुनिश्चित करने को कहा कि संबंधित न्यायिक मजिस्ट्रेट भविष्य में इस तरह की जल्दबाजी और गैर विचारणीय कार्रवाई से बचें।

---

### बीएसएफ और राजस्व खुफिया निदेशालय का भारत-बांग्लादेश सीमा पर साझा अभियान

## 6.86 करोड़ का सोना और 11.5 लाख नकदी बरामद, 7 गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** दक्षिण बंगाल सीमांत अंतर्गत पश्चिम बंगाल के नदिया जिले में तैनात बीएसएफ 68वीं वाहिनी के सतर्क जवानों ने कोलकाता राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआइ) के साथ सीमानगर में साझा अभियान चलाया। इस दौरान स्टेट हाइवे नंबर 11 पर सिलसिलेवार चार तलाशी अभियानों में 7 तस्करों को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से 9.572 किलो वजन की सोने की 16 ईंट और सोने का एक बिस्किट बरामद किया। साथ ही 11 लाख 58 हजार 500 रुपये नकदी व सोने की



डिलवरी में इस्तेमाल एक मारुति इको कार भी जब्त की। जब्त सोने का अनुमानित बाजार मूल्य छह करोड़ 86 लाख 23 हजार 582 रुपये है। बीएसएफ ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इसकी जानकारी दी। बीएसएफ के 68वीं वाहिनी के जवानों और डीआरआइ की संयुक्त टीम ने सीमानगर के इलाके में स्टेट हाइवे नंबर 11 पर व्यापक तलाशी अभियान चलाया। इस अभियान में जवानों ने एक संदिग्ध मारुति इको कार से 4.8 किलो सोना के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया। इसके बाद 4 अन्य तस्करों को भी 4.82 किलो सोने के साथ तलाशी के दौरान हिरासत में लिया गया। प्रारंभिक पूछताछ और अभियान के दौरान करीमपुर के रामनगर गांव में एक संदिग्ध घर की तलाशी के दौरान एक व्यक्ति को सोने के 1 बिस्किट और 11 लाख 58 हजार 500 रुपये की अवैध नकदी के साथ गिरफ्तार किया गया। मुख्य तस्कर की पहचान रफीक मंडल के रूप में हुई है, जो नदिया जिला के तेयपुर का रहने वाला है। इसके अलावा 6 अन्य तस्करों की पहचान लाल, रवि, प्रदीप, दाऊद, सीमांतो व बिट्टू के रूप में हुई है जो नदिया जिले के ही रहने वाले हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 30.4 °c | 23.5 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.39 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.07 बजे |



## राज्यपाल ने मुख्य न्यायाधीश को दिलायी शपथ



रांची (आजाद सिपाही)। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को राजभवन स्थित बिरसा मंडप में न्यायमूर्ति डॉ विद्युत रंजन षाड़ंगी को झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के पद की शपथ दिलायी। राज्यपाल ने मुख्य न्यायाधीश को शपथ लेने के उपरांत हार्दिक बधाई दी। इससे पूर्व प्रधान सचिव मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग वंदना डाडेल ने न्यायमूर्ति डॉ विद्युत रंजन षाड़ंगी का झारखंड राज्य उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के पद पर नियुक्ति संबंधी वारंट को पढ़ा और राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ नितिन कुलकर्णी द्वारा मुख्य न्यायाधीश को शपथ ग्रहण के लिए आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो समेत अन्य मौजूद थे।

## राज्यपाल से मिले विधायक डॉ लंबोदर



रांची (आजाद सिपाही)। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से शुक्रवार को विधायक डॉ लंबोदर महतो ने राजभवन में मुलाकात की। इस दौरान विधायक ने विभिन्न विषयों से संबंधित ज्ञापन राज्यपाल को सौंपा। राज्यपाल को दिये ज्ञापन में बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के पर्जन्य बीएड कॉलेज से संबंधित विषयों पर ध्यान आकृष्ट कराया। कहा कि राजकीय डिग्री महाविद्यालय गोमिया में झारखंड ओपेन यूनिवर्सिटी का अध्ययन केंद्र स्थापित करने और गोमिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत गोमिया, कसमार और पेटरवार प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों को उत्क्रमित करने के लिए पहल की जाये।

## राज्यपाल से केंद्रीय मंत्री ने की मुलाकात



रांची (आजाद सिपाही)। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से शुक्रवार को महिला-बाल विकास मंत्रालय की केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने राजभवन में मुलाकात की। दोनों की मुलाकात को शिष्टाचार भेंट बताया गया।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

**मेष** विविध उलझनों का सामना होगा, इस समय शत्रु हावी हो सकता है, उदर पीड़ा।

**वृष** भौतिक सुख-सम्पन्नता में वृद्धि होगी, घर में अविवाहित बच्चों के रिश्ते आएंगे, घर-परिवार में शांति का वातावरण रहेगा।

**मिथुन** कर्मक्षेत्र में संतोषजनक वातावरण, प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर, मान-यश-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी।

**कर्क** शुभ समाचार की प्राप्ति होगी, बच्चों की तरफ से खुशखबरी प्राप्त होगी।

**सिंह** रोजगार-व्यापार के क्षेत्र में विरोधियों पर विजय मिलेगा, आज का दिन सुख-शांति से व्यतीत होगा।

**कन्या** पुराने मित्रों से मुलाकात होगी।अनायास धन व कार्य की प्राप्ति होगी।

**तुला** नौकरी नया पद-पोजीशन-अधिकार मिलने में उलझन होने की संभावना।

**वृश्चिक** नौकरी की क्षेत्र से कोई शुभ समाचार मिलेगा, मान-यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**धनु** सफलता आपके दरवाजे पर दस्तक देगी, सरकारी कार्य में प्रगति होगी।

**मकर** नये जॉब का ऑफर मिलने की संभावना, रोजगार संबंधी समस्यायें हल होंगी।

**कुंभ** आपको कोई नया कार्य या प्रोजेक्ट प्राप्त हो सकता है, घर में कोई शुभ कार्य सम्पन्न कर सकते हैं।

**मीन** नौकरी में परिवर्तन होने की संभावना, दूर की यात्रा के योग बन सकते हैं, परिवार में नए मेहमान का आगमन होगा।


देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in


### भाजपा प्रदेश आरोप पत्र समिति और घोषणा पत्र समिति की बैठक

# हेमंत सोरेन ड्राइविंग सीट पर एक्सीडेंट कराने बैठे हैं: शिवराज



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा झारखंड प्रदेश चुनाव प्रभारी और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान शुक्रवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश आरोप पत्र समिति एवं घोषणा पत्र समिति की बैठक में शामिल हुए। बैठक प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में हुई। शिवराज सिंह ने बैठक में घोषणा पत्र समिति, आरोप पत्र समिति के साथ मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने आगामी कार्यक्रमों के संबंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिये। वहीं शिवराज सिंह ने राज्य सरकार के सत्ता परिवर्तन पर बड़ा निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन का ड्राइविंग सीट पर बैठना एक्सीडेंट ही करायेगा। ये जितने दिनों तक ड्राइविंग करेंगे, राज्य की जनता का नुकसान ही होगा। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य पहले भी बर्बाद हुआ आगे और होगा। राज्य की जनता परेशान है। चारों तरफ लूट मची है। बिना पैसे का कोई काम नहीं होता। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास बनाने तक के लिए बालू नहीं मिल रहा। मिलता भी है तो ऊंची कीमत पर। उन्होंने कहा कि यह ठगबंधन सरकार धोखेबाज सरकार है और जनता में हाहाकार मचा है। लोग छह महीनों से पेंशन के लिए तरस रहे। बिजली गायब रहती है, ट्रांसफार्मर वर्षों से जले पड़े हैं। बिजली नहीं आती, लेकिन बिल आते हैं। भ्रष्टाचार के कारण सरकार के पूर्व मंत्री, वरिष्ठ पदाधिकारी जेल में हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ऐसी भ्रष्ट निकम्मी सरकार को बेनकाब करेगी। जनांदोलन और अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से पार्टी बार-बार जनता के बीच जायेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल को जनता याद कर रही। विकास को याद कर रही और 2024 में फिर भाजपा के नेतृत्व में मजबूत एनडीए सरकार बनाने के लिए संकल्पित हो रही। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी सहित प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज सिंह, सीपी सिंह, बिरंची नारायण, अनंत ओझा, नवीन जयसवाल, केदार हाजरा, सुनीता सिंह, अरुण उरांव, बीडी राम, अमित मंडल, आरती सिंह, गीता कोड़ा, शशांक राज उपस्थित थे।

## हेमंत सरकार अपनों से डरनेवाली सरकार है: बाबूलाल

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने सरकार पर हमला बोला



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शुक्रवार को हेमंत सरकार पर हमला बोला। कहा कि राज्य की जनता ने पहली बार ऐसी सरकार देखी है जो अपने दल, विधायकों, मंत्रियों से डरती है। हेमंत सरकार पार्ट 3 में तो यह भय कुछ ज्यादा ही बढ़ गया है। इसीलिए मुख्यमंत्री जल्दीबाजी में अकेले शपथ लेते हैं। कैबिनेट का कोई मंत्री अभी साथ नहीं। भय इतना कि विश्वास मत के बाद की प्रतीक्षा करा दी। उन्होंने कहा कि इस सरकार का कार्यकाल ही भय से भागदौड़ करने में बीत गया। कभी ये विधायकों को लेकर हैदराबाद जाते हैं। कभी रायपुर, तो कभी अपने ही विधायकों पर मुकदमा दर्ज कराते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता ऐसी सरकार से जल्द निजात चाहती है।

### मुख्यमंत्री बहन-बेटी प्रोत्साहन योजना लागू

# मिलेंगे एक हजार रुपये प्रतिमाह

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य में महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए मुख्यमंत्री बहन-बेटी स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना लागू कर दी गयी है। कैबिनेट के फैसले के बाद महिला, बाल विकास विभाग ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। इस योजना के तहत राज्य की 45 लाख से अधिक महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपये प्रोत्साहन मिलेगा। इसका लाभ 21 से 50 वर्ष की उम्र वाली गरीब महिलाओं को दिया जायेगा। इस योजना का लाभ लेने के लिए योग्यता भी तय की गयी है।



आर्थिक लाभ प्राप्त करने लिए आवेदिका का पहचान पत्र, आधार कार्ड, परिवार का अंत्योदय अन्न योजना कार्ड, पीला रंग का राशन कार्ड, गुलाबी कार्ड या सफेद राशनकार्ड धारी को इसका लाभ मिलेगा। इनकम टैक्स भरने वाले, सरकारी नौकरी करने वाले परिवार को इसका लाभ नहीं मिलेगा। इपीएफ धारी महिला इस योजना की पात्र नहीं होगी। अन्य किसी योजना से पेंशन पा रही महिला को भी इसका लाभ नहीं मिलेगा।

महिला विकास विभाग ने योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए आधार की आवश्यकता को अनिवार्य किया है और बैंक खाता या पोस्ट ऑफिस का खाता से आधार लिंक कराना होगा। हालांकि, जिनका आधार लिंक नहीं है, वे भी दिसंबर तक इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। सरकार का मानना है हर माह 1000 रुपये की राशि से महिलाओं का शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण सहित हर छोटी-छोटी जरूरतें पूरी की जा सकेंगी। आवेदन के लिए जल्द ही पोर्टल जारी किया जायेगा।

# निपुण भारत मिशन समागम का ओवरऑल विजेता बना धनबाद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** निपुण भारत मिशन के तीन वर्ष पूरे पर स्कूली शिक्षा-साक्षरता विभाग और जेइपीसी की ओर से इंडिया पार्टनरशिप फॉर अर्ली लर्निंग के सहयोग से प्रभात तारा मैदान में निपुण समागम का आयोजन किया गया। इसमें 24 जिलों से 450 शिक्षकों, दस गैर सरकारी समूहों के प्रतिनिधियों और स्कूली बच्चों ने भाग लिया। इसका उद्घाटन सचिव उमाशंकर सिंह ने किया। सचिव ने कहा कि सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों में प्रतिभा की कमी नहीं है। चरणबद्ध तरीके से सभी 24 हजार प्राथमिक विद्यालयों को ध्यान में रखते हुए टीएलएम को उत्कृष्ट बनाकर बच्चों को इसका लाभ देने की दिशा में परियोजना कार्य करे। परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने कहा कि सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों ने कहा कि प्रत्येक वर्ष अब निपुण समागम का आयोजन होगा। हर विद्यालय में एक कमरा टीएलएम रूम के रूप में स्थापित होगा, ताकि एक से पांच वर्ग के बच्चों को उनकी भाषा में ज्ञान मिल सके। महिला-बाल विकास विभाग के निदेशक शशि प्रकाश झा ने कहा कि सभी जिलों के डायट और स्कूलों के एक कक्ष में टीएलएम की प्रदर्शनी जरूर लगायें। निपुण मिशन इस सफर में एक मील का पत्थर साबित हुआ है। कार्यक्रम में डॉ गीता वर्मा समेत अन्य मौजूद थे।

**पुरस्कृत किये गये शिक्षक**

समागम में सर्वश्रेष्ठ टीएलएम बनाने वाले तीन जिलों को पुरस्कृत किया गया। धनबाद ओवरआल विजेता बना। दुमका फर्स्ट रनरअप और पश्चिमी सिंहभूम सेकेंड रनरअप बना। निर्णायक मंडली में ममता एलिजाबेथ लकड़ा, सीमा राजपूत और गायत्री सुब्रमण्यम शामिल थी। विजेताओं को सचिव ने पुरस्कृत किया।

# सर्राफा व्यवसायी की हत्या के आरोपी का पोस्टर जारी

**50 हजार का इनाम घोषित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पुलिस ने शुक्रवार को आभूषण व्यवसायी राजेश पॉल की हत्या के मुख्य आरोपी का पोस्टर जारी किया। इसके ऊपर 50 हजार का इनाम भी घोषित किया गया है। डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि लगातार प्रयास के बावजूद अब तक राजेश पॉल के हत्यारे की पहचान नहीं हो पायी है। ऐसे में अब उसका पोस्टर जारी किया गया है, ताकि उसकी पहचान की जा सके। डीएसपी ने बताया कि राजेश पॉल की हत्या में शामिल अपराधी के बारे में सूचना देने वाले व्यक्ति को 50 हजार का इनाम दिया जायेगा और उसकी पूरी पहचान गुप्त रखी जायेगी।

डीएसपी ने बताया कि अरविंद ज्वेलर्स में लूटकांड को अंजाम देने वाले आरोपितों की तलाश में रांची पुलिस अब तक दूसरे राज्यों में भी छापेमारी कर चुकी है, लेकिन पुलिस को कोई सफलता हाथ नहीं लगी है। अपराधी का सीसीटीवी फुटेज हासिल होने के बावजूद उसकी पहचान नहीं हो पायी है। बता दें कि 7 जून 2022 को रांची के डेली मार्केट थाना क्षेत्र में स्थित अरविंद ज्वेलर्स को अपराधियों ने दिनदहाड़े लूटने का प्रयास किया था। घटना के वक़्त अरविंद ज्वेलर्स के मालिक और अपराधियों के बीच जम कर हाथापाई हुई थी। इसके बाद अपराधियों ने अरविंद ज्वेलर्स के मालिक राजेश पॉल को गोली मार दी थी। इससे राजेश की मौत हो गयी थी। मौके पर अपराधियों के भागने के क्रम में हथियार गिर गया था। अपराधी हथियार छोड़ कर भाग गये थे।

# बालश्रम से मुक्त हुई झारखंड की अभ्रक खदानें

## 20 साल में 20 हजार बच्चों की बदली जिंदगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** कोडरमा में हुए समारोह में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने ऐलान किया कि झारखंड की अभ्रक खदानें अब बाल श्रम मुक्त हो चुकी हैं। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के साथ ही राज्य की अभ्रक खदानों को बाल मजदूरी से मुक्त कराने की 20 साल की समर्पित यात्रा अब अपने मुकाम पर पहुंचने वाली है, क्योंकि एनसीपीसीआर ने यह भी ऐलान किया कि सभी बाल मजदूरों को अभ्रक खदानों से न सिर्फ मुक्ति दिलायी गयी है, बल्कि इन सभी का स्कूलों में दाखिला भी कराया गया है। एनसीपीसीआर के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने राज्य, जिले, स्थानीय सरकारी निकायों, बाल श्रम मुक्त अभ्रक कार्यक्रम, बच्चों और समुदाय के साझा प्रयासों से अभ्रक खदान आपूर्ति श्रृंखला से बाल मजदूरी के खात्मे के लिए इस प्रयास के सफल होने की घोषणा की। इस मौके पर एनसीपीसीआर के अध्यक्ष के अलावा इस मुद्दे पर 20 साल तक काम करने वाले बाल अधिकार कार्यकर्ता भुवन ऋभु समेत अन्य मौजूद थे।







एनसीपीसीआर के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने बाल श्रम मुक्त अभ्रक की घोषणा करते हुए कहा कि आज ऐलान करता हूं कि सभी बच्चे अभ्रक खदानों से शोषण से मुक्त हो चुके हैं। अब ये बच्चे खदानों में नहीं, बल्कि स्कूल जा रहे हैं। बाल श्रम मुक्त अभ्रक अभियान, ग्राम पंचायतों, राज्य सरकार और जिला प्रशासन के साझा प्रयासों और इच्छाशक्ति से इन गांवों में जो उपलब्धियां हासिल की गयी हैं, वह इस बात का सबूत है कि किस तरह लक्ष्य के प्रति समर्पण और सतत प्रयासों से बच्चों के लिए न्याय और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है।

20 हजार बाल मजदूरों क बदली गयी जिंदगी

बचपन बचाओ आंदोलन ने वर्ष 2004 में एक अध्ययन में पाया कि 5000 से ज्यादा बच्चे अभ्रक खनन में या अभ्रक चुनने में शामिल हैं। 2019 तक यह संख्या बढ़कर लगभग 20 हजार हो गयी। बाल मजदूरों की शिनाख्त के लिए 2004 में इस अध्ययन की शुरुआत करने वाले प्रख्यात बाल अधिकार कार्यकर्ता और सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता भुवन ऋभु ने अभ्रक खदानों को बाल श्रम मुक्त बनाने की इस लंबी और कठिन यात्रा को याद करते हुए कहा कि अभ्रक चुनने और खदानों में काम करने वाले बच्चों की पहचान करना और उनका सफलतापूर्वक विद्यालयों में दाखिला कराना बाल श्रम मुक्त अभ्रक के लक्ष्य को हासिल करने में जुटी सरकार और नागरिक संगठनों के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। इस कार्यक्रम को कोडरमा जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव, गिरिडीह के जिलाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा, कोडरमा की जिलाधिकारी मेघा भारद्वाज, कोडरमा की विधायक डॉ नीरा यादव ने भी संबोधित किया।

## जोबा लोकसभा में झामुमो संसदीय दल की नेता चुनी गयीं



रांची (आजाद सिपाही)। सिंहभूम लोकसभा सीट से सांसद जोबा मांझी लोकसभा में झामुमो संसदीय दल की नेता चुनी गयी हैं। झामुमो ने शुक्रवार को यह निर्णय लिया। लोकसभा में झामुमो के तीन सांसद हैं। झामुमो संसदीय दल की बैठक में इन्हें लोकसभा में पार्टी संसदीय दल की नेता के रूप में मनोनीत किया गया। ये पहली बार सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र से सांसद निर्वाचित हुई हैं।

## डॉ सरफराज अहमद राज्यसभा में झामुमो संसदीय दल के नेता बने

रांची (आजाद सिपाही)। डॉ सरफराज अहमद को झारखंड मुक्ति मोर्चा संसदीय दल की बैठक में राज्यसभा में झामुमो संसदीय दल का नेता चुना गया है। शुक्रवार को इनके नाम पर निर्णय लिया गया। इस बाबत झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन ने राज्यसभा के सभापति को पत्र लिखकर जानकारी दी है।

### लोहरदगा जिले के पार्टी पदाधिकारियों के साथ सुदेश महतो ने की बैठक

# संगठन के विस्तार और मजबूती के लिए काम करें : सुदेश महतो

**संयोजक मंडली का गठन, संगठन विस्तार पर चर्चा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लोहरदगा जिला अंतर्गत केंद्रीय, जिला और अनुषंगी इकाई के पदाधिकारियों के साथ आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने शुक्रवार को कांके रोड रांची स्थित आवासीय कार्यालय में बैठक की। सुदेश महतो ने कहा कि सभी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर संवाद और समन्वय स्थापित कर संगठन के विस्तार और मजबूती के लिए काम करें। बैठक में सुदेश महतो ने लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में सांगठनिक स्थिति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने संगठन के विस्तार, संगठन को गति देने और चूल्हा प्रमुख शपथ ग्रहण समारोह, युवा सम्मेलन जैसे पार्टी के भावी कार्यक्रमों को लेकर एक संयोजक मंडली का गठन किया। सुदेश महतो ने संयोजक मंडली के सदस्यों को निश्चित अवधि के अंदर भावी कार्यक्रमों को व्यापक रूप में सफल बनाने की तैयारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। संयोजक मंडली संगठन विस्तार के साथ ही चूल्हा प्रमुख, ग्राम-पंचायत प्रभारी, जिला और केंद्रीय पदाधिकारियों के बीच समन्वय स्थापित करने का भी काम करेगा। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत और लोहरदगा प्रभारी नीरू शांति भगत उपस्थित थीं।



**संयोजक मंडली में इन्हें मिली जगह**

मुख्य संयोजक कवलजीत, संयोजक सूरज अग्रवाल, गुड्डू शाहदेव, अरविंद यादव, विश्वनाथ उरांव, राजू गुप्ता, अंजू देवी, शाहिद अंसारी, विनोद उरांव, अनिता देवी, ओम भारती, जहांगीर, देवेंद्र साहू, आसिफ इकबाल, महेंद्र महतो, परमेश्वर भगत, विलियम कुजूर, बब्लू महतो, विजय उरांव, मनीष शाहदेव, सरस्वती देवी को बनाया गया।






### भगवान जगन्नाथ का 15 दिनों का एकांतवास आज होगा खत्म

# रथ यात्रा 7 जुलाई को मौसी घर जायेंगे भगवान

**नेत्रदान के बाद भक्त कर सकेंगे दर्शन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ 15 दिनों के एकांतवास के बाद शनिवार को बाहर आयेंगे। भगवान की प्रतिमा का अलौकिक श्रृंगार किया गया। शनिवार को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ नेत्रदान होगा। इसके बाद भक्त भगवान का दर्शन कर सकेंगे।

भगवान के दर्शन के लिए दोपहर दो बजे से भक्तों की भीड़ जुटने लगेगी। शाम चार बजे नेत्रदान अनुष्ठान शुरू होगा। फिर 108 दीपों से मंगलआरती, जगन्नाथ अष्टकम, गीता का द्वादश अध्याय पाठ और भगवान की स्तुति की जायेगी। भगवान जगन्नाथ को मालपुआ सहित अन्य मिष्ठानों का भोग लगाया जायेगा। शनिवार को भगवान रात नौ बजे तक दर्शन मंडप में दर्शन देंगे और यहीं रात्रि विश्राम करेंगे।

7 जुलाई को प्रभु जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली जायेगी। सुबह चार बजे से ही भक्त पूजा करने के लिए कतारबद्ध होने लगेंगे। महिला और पुरुष भक्तों के लिए अलग-अलग कतार बनायी जायेगी। दोपहर दो बजे सभी विग्रहों को बारी-बारी से रथारुढ़ किया जायेगा। रथ के ऊपर सभी विग्रहों का श्रृंगार होगा। विष्णु सहस्त्रनाम अर्चना होगी। इस अनुष्ठान के बाद विष्णु सहस्त्रनाम अर्चना में शामिल भक्त रथ पर सवार होकर भगवान को पुष्प अर्पित करेंगे। मंगल आरती होगी। रथ में रस्सा बंधन होगा। रविवार शाम पांच बजे रथयात्रा शुरू होगी। भक्त रस्सी के सहारे रथ को खींच कर मौसीबाड़ी लायेंगे। जहां महिलाएं भगवान की पूजा करेंगी। शाम सात बजे तक सभी विग्रहों को मौसीबाड़ी में रखा जायेगा। आरती और भोग निवेदन होगा। रात आठ बजे भगवान का पट बंद कर दिया जायेगा, जो अगले दिन सुबह पांच बजे खुलेगा। 8 जुलाई को सुबह छह बजे मंगल आरती और बाल भोग लगाया जायेगा। दोपहर 12 बजे अन्न भोग लगाया जायेगा और 12.10 बजे पट बंद हो जायेगा। दोपहर तीन बजे मंदिर का पट पुनः खुलेगा, जो रात आठ बजे तक खुला रहेगा। शाम 7.30 बजे आरती और भोग निवेदन होगा। रात आठ बजे पट बंद हो जायेगा। यह क्रम 16 जुलाई तक चलेगा। 16 जुलाई को रात में भगवान को गुंडिचा भोग लगाया जायेगा। खीर, खिचड़ी और सब्जी का भोग लगेगा। पूरे साल में सिर्फ एक ही दिन रात्रि में गुंडिचा भोग लगता है। 17 जुलाई को घुरती रथ यात्रा है।

## डॉ पीके चौधरी बने रांची विवि में सामाजिक विज्ञान के डीन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची विवि के कुलपति ने समाजशास्त्र विभाग के अध्यक्ष और सहायक प्राध्यापक डॉ पीके चौधरी को 1 जुलाई की तारीख से सामाजिक विज्ञान का संकायाध्यक्ष नियुक्त किया है। रांची विवि के रजिस्ट्रार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार डॉ चौधरी की नियुक्ति उनके विभागाध्यक्ष रहने या सेवानिवृत्ति में से जो भी पहले हो, तक प्रभावी रहेगी।

## एसआर डीएवी की अदिति सृष्टि और मधुर पुरस्कृत

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** डीपीएस बोकारो के तत्वावधान में आयोजित आर्यभट्ट मैथ्स ओलंपियाड में एसआर डीएवी पब्लिक स्कूल पुंदाग की नौवीं कक्षा की छात्रा अदिति कुमारी ने प्रथम पुरस्कार स्वरूप 1500 रुपये प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। साथ ही ब्लूम्स स्कूल ओलंपियाड 2023-2024 में तृतीय कक्षा की सृष्टि सिंह ने इंग्लिश ओलंपियाड में राष्ट्रीय स्तर पर ताम्र पदक और मधुर सिन्हा ने राष्ट्रीय स्तर पर रजत पदक प्राप्त किया। प्राचार्य एसके मिश्र ने तीनों विजयी प्रतिभागियों को बधाई दी।

### श्री राधा कृष्ण मंदिर में सजी माता की चौकी

## झोली भरेगी मैया झोली भरेगी...

**भजन गायक पंकज राज ने खूब झुमाया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** श्री राधा कृष्ण मंदिर कृष्णानगर कॉलोनी में मां ज्वाला की ज्योत के आगमन पर माता की चौकी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दुर्गा जागरण मंडली के पवन मनुजा द्वारा गणेश वंदना घर में पधारो गजानन जी मेरे घर में पधारो...से हुई। कार्यक्रम में दिल्ली से आये भजन गायक पंकज राज ने झोली भरेगी मैया झोली भरेगी...भजन गाकर श्रद्धालुओं को खूब झुमाया। इस अवसर पर दुर्गा जागरण मंडली के केसर पपनेजा, मनोज किंगर, चंदन सिडाना, ज्योति अरोड़ा, विधायक सीपी सिंह, रमेश सिंह, अशोक यादव, दिलीप गुप्ता ने मां के दरबार में हाजिरी लगायी। रात नौ बजे से मंदिर कमेटी की ओर से भंडारा चलाया गया। मंदिर कमेटी के प्रधान मनोहर लाल जसूजा ने बताया कि मां ज्वाला देवी की ज्योत के आगमन पर मंदिर परिसर को विशेष तौर से सजाया गया है और आकर्षक लाइटिंग की गयी। मौके पर राधेश्याम किंगर, चंद्रभान तलेजा, रामचंद्र तलेजा, नंद किशोर चौधरी, राधेश्याम तलेजा, नंदकिशोर अरोड़ा, किशोरी मुंजाल, हरीश अरोड़ा, हरीश मनुजा, सुशील गेरा, अशोक तालेजा, पवन पपनेजा, विनोद किंगर समेत अन्य मौजूद थे।

### एलएपी में शामिल हुए महाशन मुर्मू

## नाला से विधानसभा का लड़ेंगे चुनाव

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** लोकहित अधिकार पार्टी की दुमका लोकसभा स्तरीय समीक्षा बैठक प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल टुडू की अध्यक्षता में हुई। प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने कहा कि लोकहित अधिकार पार्टी सामाजिक न्याय आधारित पार्टी है। लोकसभा चुनाव में झारखंड की सभी 14 सीटों पर नामांकन भरा गया था। दो नामांकन रद्द हो जाने के कारण शेष 12 सीटों पर ही चुनाव लड़ पाये थे। साधन-संसाधन और संगठन के अभाव में विपरीत परिस्थितियों का सामना करते हुए भी 62,136 वोट प्राप्त हुए। अब संगठन विस्तार कार्य तेज गति से हो रहा है। इसीलिए झारखंड की सभी 81 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने का निर्णय लिया गया है। महाशन मुर्मू ने कहा कि दुमका लोकसभा चुनाव निर्दलीय लड़ा और 21,372 वोट लाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया था। अब लोकहित अधिकार पार्टी का संगठन विस्तार करुंगा। यदि पार्टी ने टिकट दिया, तो नाला विधानसभा से चुनावी मैदान में नजर आऊंगा। बैठक में सुनील साहू, निशाकर मपुल, विपिन माल, विमल गोटार्ड, महान मरांडी, किलिफद मुर्मू, मंगल मुर्मू, लखीराम बेसरा समेत अन्य मौजूद थे।

### ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड का गठन

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार ने ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड के गठन की अपनी मंजूरी प्रदान कर दी है। सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका नेशनल लीगल सर्विस बनाम यूनियन ऑफ इंडिया और अन्य में पारित आदेश के अनुपालन में इस बोर्ड का गठन किया गया है। इसके अध्यक्ष मुख्य सचिव और सदस्य पुलिस महानिदेशक को बनाया गया है। इसके अतिरिक्त सदस्य सचिव में महिला बाल विकास विभाग के सचिव, योजना एवं विकास विभाग, वित्त विभाग, कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा, श्रम, कार्मिक, नगर विकास, ग्रामीण विकास, सचिव झारखंड राज्य मानवाधिकार आयोग के अलावा अध्यक्ष के अनुमोदन पर ट्रांसजेंडर समुदाय का दो सामाजिक कार्यकर्ता भी सदस्य होंगे। जिला स्तर पर उपायुक्त की अध्यक्षता में भी समिति बनायी जायेगी।

### बिरसा कारागार में कैदी ने की खुदकुशी

रांची (आजाद सिपाही)। राजधानी के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में विचाराधीन कैदी ने शुक्रवार को बाथरूम में खुदकुशी कर ली। मृत कैदी का नाम सोमरा उरांव है। वह साल 2017 से ही रांची जेल में बंद था। उस पर दहेज के लिए पत्नी की हत्या करने का आरोप था। मिली जानकारी के अनुसार सोमरा उरांव बाथरूम गया था। काफी देर तक जब वह बाथरूम से बाहर नहीं निकला, तब दूसरे कैदियों ने अंदर जाकर देखा, तो वह बाथरूम की खिड़की पर फंदे के सहारे लटका हुआ था। इसके बाद खेलगांव थाना प्रभारी चंद्रशेखर सिंह मौके पर पहुंचे और जांच की। बताया कि मृतक सोमरा उरांव लोहरदगा का रहने वाला था। वह मानसिक रूप से बीमार था, उसका इलाज रिनपास में चल रहा था।

### मनी लांड्रिंग मामले में जमानत याचिका पर सुनवाई 19 जुलाई को




रांची (आजाद सिपाही)। साहिबगंज में 1250 करोड़ रुपये के अवैध खनन मामले में दाहू यादव के बेटे राहुल यादव की ओर से हाइकोर्ट में दायर जमानत याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। अगली सुनवाई 19 जुलाई को होगी। याचिका में प्रार्थी की ओर से कहा गया है कि मनी लांड्रिंग मामले में उनकी कोई भी भूमिका नहीं है। अवैध खनन से जुड़े मामले में उनके पिता दाहू यादव को इडी फंसा रही है। ऐसे में उनके पिता की वजह से उनका भी नाम जोड़ा जा रहा है। वह एक स्टूडेंट है। ऐसे मामलों से उनका कोई लेना-देना नहीं है। राहुल यादव की ओर से उनके अधिवक्ता सब्यसाची ने हाइकोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की है।

### संघ के प्रांत प्रचारकों की तीन दिवसीय बैठक रांची में 12 से

रांची (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रतिवर्ष होने वाली अखिल भारतीय स्तर की प्रांत प्रचारकों की तीन दिवसीय बैठक 12, 13 और 14 जुलाई को राजधानी रांची में होगी। बैठक में शामिल होने के लिए सरसंघचालक आठ जुलाई को रांची पहुंचेंगे। बैठक में सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले शामिल होंगे। साथ ही मई-जून में संपन्न संघ के प्रशिक्षण वर्गों की लगभग दो माह की श्रृंखला के बाद देशभर के सभी प्रांत प्रचारक इस बैठक में उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी शुक्रवार को विश्व संवाद केंद्र के प्रमुख संजय कुमार आजाद ने दी।

## भाजमो ने नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** नगर निगम आयुक्त अमित कुमार से मिलकर भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने शहर में जलजमाव की समस्या, नालियों की सफाई, बड़ा तालाब और दुकानदारों की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा। कहा कि अपर बाजार प्रेम इंडस्ट्रीज, सेवा सदन हॉस्पिटल रोड में नाली ऊंचा होने के कारण जलजमाव हो रहा है। ऐसे बहुत सारे स्थान शहर में हैं, उन्हें चिह्नित कर पानी निकालने की व्यवस्था करायी जाये, ताकि घर, दुकान, प्रतिष्ठान में पानी ना घुसे। जलजमाव के स्थान पर जल निकासी की व्यवस्था हो और किसी तरह की बीमारी न फैले, उसके लिए ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव भी हो। श्री तिवारी ने कहा कि बड़ा तालाब में गंदा पानी ना जाये। इस पर निगम विचार करे। दुकानदारों से जो बकाया है, उसके लिए ब्याज माफ किया जाये। किसी तरह का अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाये। नगर आयुक्त अमित कुमार ने कहा कि मामले पर कार्रवाई चल रही है। जनता को कोई असुविधा नहीं होगी। मानसून की पूरी तैयारी कर ली गयी है। धर्मेंद्र तिवारी के साथ मनोज सिंह और सचिन भारती शामिल थे।

## गति शक्ति विश्वविद्यालय वडोदरा और एयरबस ने समझौते पर हस्ताक्षर किये

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारतीय रेलवे के गति शक्ति विश्वविद्यालय वडोदरा और एयरबस ने भारतीय विमानन क्षेत्र को महत्वपूर्ण रूप से मजबूत करने के लिए सहयोग किया। अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक रेमी मेलार्ड, कुलपति प्रो मनोज चौधरी के बीच रेल भवन नयी दिल्ली में एमओयू पर हस्ताक्षर हुआ। इस समझौते पर रेल, सूचना और प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स और आइटी मंत्री अश्विनी वैष्णव, नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू, रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह, रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष जया वर्मा सिन्हा, नागरिक उड्डयन मंत्रालय में सचिव वमलुनमंग वुलनम और रेलवे बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर हुआ। कार्यक्रम के दौरान जीएसवी के 40 छात्रों के लिए पूर्ण छात्रवृत्ति कार्यक्रम, जीएसवी में उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना और जीएसवी में एयरबस एविएशन चेयर प्रोफेसर पद की स्थापना शामिल है। इसके अलावा जीएसवी और एयरबस विमानन क्षेत्र में कार्यरत पेशेवरों के विशेष प्रशिक्षण के लिए साझेदारी करेंगे।

इस अवसर पर अश्विनी वैष्णव ने कहा कि आज समझौता ज्ञापन से वास्तविक कार्य के रूपांतरण का दिन है। जीएसवी और एयरबस को बधाई। जो भी वादा किया गया है, उसे पूरा किया गया है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक है। इस अवसर पर किंजरापु राममोहन नायडू ने कहा कि खुशी है कि एयरबस के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये। नागरिक उड्डयन भारत में सबसे तेजी से बढ़ने वाला क्षेत्र है। पिछले दस वर्षों में हवाई अड्डों की संख्या 74 से लगभग दोगुनी होकर अब 157 हो गयी है। एयरबस के भारत और दक्षिण एशिया में अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक रेमी मैलार्ड ने कहा कि समझौता ज्ञापन के एक भाग के रूप में हम भारत में अपनी आपूर्ति श्रृंखला में 15000 छात्रों को रोजगार के अवसर प्रदान करेंगे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण



रांची (आजाद सिपाही)। रांची नगर निगम की ओर से विवेकानंद यूथक्वेक फाउंडेशन के सहयोग से वन महोत्सव के उपलक्ष्य पर एक पेड़ मां के नाम के तहत मारवाड़ी महाविद्यालय और राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय में पौधरोपण किया गया। साथ ही महाविद्यालय के छात्रों के बीच पौधा का वितरण किया गया। इसमें विवेकानंद यूथक्वेक फाउंडेशन के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल, नगर निगम से राज कुमार, मारवाड़ी महाविद्यालय के एनएसएस प्रोग्राम अफसर अनुभव चक्रवर्ती, जय प्रकाश रजक, ज्योति किंडो, रजनीश रंजन, पुरषोत्तम कुमार, दीपक साहू, प्रिंस तिवारी, सिंकु शौर्य आदि मौजूद थे। साथ ही रांची नगर निगम से राजकुमार, सुधाकर यादव, रामलखन सिंह यादव महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ जयकांत प्रसाद सिंह और एनएसएस प्रोग्राम अफसर मनीष मौजूद थे। प्राचार्य ने कहा कि पौधा किस तरह से जीवन का एक अहम हिस्सा है और इसका संरक्षण करना हमारा उत्तरदायित्व है। गौरव अग्रवाल के द्वारा सभी को शपथ दिलायी गयी। इस प्रोग्राम को सफल बनाने में रवि अग्रवाल, सिद्धार्थ सिद्दिकी, पुरुषोत्तम कुमार, दीपक साहू, प्रिंस तिवारी समेत अन्य मौजूद थे।

### सीसीएल के सतर्कता विभाग ने किया निरीक्षण



रांची (आजाद सिपाही)। कोयला मंत्रालय और कोल इंडिया लिमिटेड के तत्वावधान में सीवीओ पकंज कुमार के नेतृत्व में सीसीएल के सतर्कता विभाग की ओर से खदानों का निरीक्षण किया गया। अभियान के दूसरे दिन शुक्रवार को सीवीओ सीसीएल पंकज कुमार ने सतर्कता अधिकारियों की टीम के साथ बरकासयाल क्षेत्र की उरीमारी खदानों का निरीक्षण किया और सतर्कता बढ़ाने का निर्देश दिया। इसके तहत 12 खदानों में निरीक्षण अभियान चलाया जायेगा। इसमें विशेष टीमें किसी भी सुरक्षा उल्लंघन की पहचान करने और उसे सुधारने के लिए गहन निरीक्षण करेंगी। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य खदानों के भीतर अनाधिकृत प्रवेश और निकास की जांच करना है। सीवीओ पंकज कुमार ने कहा कि इस अभियान से सतर्कता बढ़ाने के साथ ही संपत्तियों की अवैध गतिविधियों से बचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया जायेगा। बता दें कि अनाधिकृत प्रवेश और निकास बिंदुओं की निगरानी के लिए खदानों में ड्रोन कैमरे लगाये गये हैं। सभी कर्मियों को सतर्कता के प्रति जागरूक करने के लिए सीसीएल के सतर्कता विभाग द्वारा समय-समय पर अभियान संचालित किये जाते हैं।

### डोरंडा कॉलेज में मना वन महोत्सव




रांची (आजाद सिपाही)। वन महोत्सव सप्ताह के तहत डोरंडा कॉलेज में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ राजकुमार शर्मा ने की। रांची विश्वविद्यालय के एनएसएस को-ऑर्डिनेटर डॉ बृजेश कुमार ने कहा कि एक वृक्ष एक पुत्र के समान होता है। जीवन में एक पौधा अवश्य लगायें। महाविद्यालय के एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो कंचन मुंडा, डॉ मलाय भारती, डॉ मतिउर रहमान, प्रो मार्शल पूर्ति, प्रो अरविंद कुमार, प्रोफेसर युगेश महतो, ममता कुजूर समेत अन्य मौजूद थे।

### डीएसपी से चेन छिनतई मामले में चार गिरफ्तार

रांची (आजाद सिपाही)। सीआइडी की डीएसपी सरिता मुर्मू के गले से सोने की चेन छिनतइ मामले में कोतवाली थाना पुलिस ने तीन आरोपितों सहित एक सर्राफा दुकानदार को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 11 हजार 500 रुपये नकद और चेन बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपितों में फरहान अंसारी, मो जाहिद खान, राजेश सोनी और सर्राफा दुकानदार मुकेश कुमार शामिल है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को बताया कि 25 जून को कोतवाली थाना क्षेत्र के कचहरी चौक के पास सीआइडी डीएसपी के गले से सोने की चेन छिनकर दो बाइक सवार फरार हो गये थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में एक विशेष अनुसंधान टीम टीम का गठन किया गया। एसएसपी ने बताया कि टीम ने अनुसंधान के क्रम में दो बदमाशों फरहान अंसारी और मो जाहिद खान को गिरफ्तार किया। इनके पास से चेन को बेचने से मिले 11 हजार 500 रुपये बरामद किया गया। दोनों ने अपराध स्वीकर किया। पुलिस ने चोरी के आभूषण खरीदने के मामले में राजेश सोनी और मुकेश कुमार को गिरफ्तार किया।

### धोनी से 15 करोड़ की धोखाधड़ी मामले में कोर्ट में हाजिर नहीं हुए आरोपी

रांची (आजाद सिपाही)। पूर्व भारतीय क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी से धोखाधड़ी को लेकर दर्ज मामले में सिविल कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। समन जारी होने पर भी न्यायिक दंडाधिकारी राज कुमार पांडेय की अदालत में अरका स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड एंड मैनेजमेंट लिमिटेड के मिहिर दिवाकर और उसकी पत्नी सौम्या दास ने उपस्थिति दर्ज नहीं करायी। अदालत ने अगली उपस्थिति की तिथि 20 जुलाई निर्धारित की है। उस दिन स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से अदालत में पक्ष रखने को कहा है। अदालत ने पिछली सुनवाई में आरोपितों के खिलाफ पर्याप्त सबूत रहने के कारण संज्ञान लिया था। दोनों आरोपितों पर धोखाधड़ी करके धोनी को 15 करोड़ रुपये की आर्थिक क्षति पहुंचाने का आरोप है। धोनी की ओर से सीमांत लोहानी ने शिकायतवाद दर्ज कराया है। दूसरी ओर इस मामले में आरोपितों को पूर्व में न्यायायुक्त की अदालत से अग्रिम जमानत मिल चुकी है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# कोई भी गरीब और असहाय बुनियादी आवश्यकताओं से वंचित ना रहे : ज्ञानोदय बाल एवं महिला विकास समिति

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शुक्रवार को ज्ञानोदय बाल एवं महिला विकास समिति की पूर्व सचिव श्रीमती शशि कला साहू की पुण्यतिथि के अवसर पर संत माइकल्स स्कूल फॉर ब्लाइंड के करीब 90 बच्चों को भोजन कराया गया और साथ ही पौध रोपण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मौजूद संस्था के सचिव विजय कुमार साहू और अध्यक्ष शशि भूषण पाठक ने कहा कि ज्ञानोदय बाल एवं महिला विकास समिति का उद्देश्य हर असहाय और गरीब की सेवा करना है। पिछले 21 साल से यह संस्था गरीब और असहाय की सेवा कर रही है और आगे भी करती रहेगी। हमारा लक्ष्य है कि कोई भी गरीब और असहाय अपनी बुनियादी आवश्यकतओं से वंचित ना रहे। बता दें कि महिलाओं और बच्चों के उत्थान एवं सशक्तिकरण के लिए ज्ञानोदय बाल एवं महिला विकास समिति की स्थापना वर्ष 2003 में की गयी थी। यह समिति पिछले 21 साल से समाज में रह रहे असहाय एवं गरीब महिलाओं और बच्चों की बेहतरी के लिए काम कर रही है।





भारतीय रेल
आज़ादी का अमृत महोत्सव
भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)
सं. 2018/ट्रैक–I(पी)/आरएसपी–ईयूआर/वॉल्.। दिनांक : 05.07.2024
शुद्धिपत्र सं. 6
विषय : लॉन्ग रेल एक्सचेंज (अनलोडिंग एवं लोडिंग) सिस्टम और 05 (पांच) वर्ष के लिए इसकी वार्षिक अनुरक्षण संविदा (भारतीय रेल द्वारा मौजूदा ईयूआर उपलब्ध कराए जाने हैं) की आपूर्ति हेतु ई–निविदा सं. टीकेपी–1–2024.
इच्छुक बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि वे शुद्धिपत्र के ब्यौरों के लिए http://ireps.gov.in वेबसाइट देखें।
इसके अलावा, निविदा समापन तिथि और ई–बोली खोलने की तिथि बदलकर 30.07.2024 कर दी गई है।
(आलोक कुमार)
कार्यपालक निदेशक/रेलपथ (पीएंडपी)
कमरा नं. 256–डी, रेल भवन,
नई दिल्ली – 110001
फोन : 011–23304852
ई मेल: alokkumar.g@gov.in
2049/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## संजय सेठ के सभी सांसद प्रतिनिधि का कार्यकाल समाप्त

**रांची (आजाद सिपाही)।** 17वीं लोकसभा के दौरान सांसद संजय सेठ द्वारा रांची जिला के रांची, हटिया, कांके, सिल्ली, ईचागढ़ एवं खिजरी विधानसभा क्षेत्र के लिए वर्ष 2019- 24 के लिए मनोनीत सांसद प्रतिनिधियों का कार्यकाल समाप्त हो चुका है। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री भारत सरकार द्वारा इस मनोनय को शुक्रवार को भंग कर दिया गया है। इसलिए सभी मनोनीत सांसद प्रतिनिधि पद से विमुक्त माना जायेगा। इसकी सूचना रांची और सरायकेला के उपायुक्त को पत्र के माध्यम से दे दी गयी है। मंत्री संजय सेठ ने सभी प्रतिनिधियों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि पांच साल सभी ने अपने-अपने क्षेत्र में मेरे प्रतिनिधि के रूप में जनता की समस्याओं के समाधान के लिए काम किया।


# झारखंड से कुशासन का अंत करना संकल्प: शिवराज सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने सोशल मीडिया पर ट्वीट किया है। लिखा है-मेरा सौभाग्य है कि झारखंड की इस पवित्र धरा पर आने का अवसर मिला। यहां की गठबंधन की सरकार के कुशासन का अंत करना हमारा संकल्प है। झारखंड अद्भुत प्रदेश है और इसमें जबरदस्त सामर्थ्य है। इसी संकल्प के साथ कार्यकर्ताओं के बीच आया हूं। भारतीय जनता पार्टी की आत्मा विचार है। बूथ अध्यक्ष रिंकू पासवान के घर चाय पी, फिर मंडल अध्यक्ष इंद्रजीत के घर भोजन किया और आज भी मंडल अध्यक्ष दिलीप के यहां नाश्ता किया। झारखंड का परंपरागत छिलका, धुसका, मड़ुआ, घुघनी, रागी खाया। कार्यकर्ताओं से मिल कर मन आनंद से भर गया और यह नाश्ता करके तृप्त हो गया। सहज, सरल, परिश्रमी कार्यकर्ताओं के बल पर भाजपा की सरकार बनायेंगे। अब असली चेंज होगा विधानसभा के चुनाव में। यहां की भ्रष्ट, अराजक सरकार जायेगी और भारतीय जनता पार्टी आयेगी।

## शिवराज सिंह चौहान से मिले खीरू महतो

**रांची (आजाद सिपाही)।** जदयू के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो ने शुक्रवार को भारत सरकार के कृषि मंत्री और प्रदेश भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की। खीरू महतो ने शिवराज सिंह को अंगवस्त्र से सम्मानित किया। खीरू महतो और शिवराज सिंह के बीच आगामी विधानसभा चुनाव और प्रदेश में एनडीए घटक दलों के साथ बेहतर समन्वय पर चर्चा हुई। इस मौके पर पार्टी के प्रदेश महासचिव भगवान सिंह, उपेंद्र सिंह एवं प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार मौजूद थे।



## भाजपा आज से चलायेगी स्वच्छता अभियान तालाबों एवं अन्य जल स्रोतों की करेगी सफाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश भाजपा द्वारा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस 23 जून से 6 जुलाई तक एक पेड़ मां के नाम अभियान एवं जल स्रोत सफाई अभियान चला रही। अब तक प्रदेश के सभी जिलों में कार्यकर्ताओं द्वारा हजारों की संख्या में फलदार एवं उपयोगी छायादार वृक्ष लगाये गये हैं। इसी क्रम में पार्टी द्वारा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर शनिवार को स्वच्छता अभियान चलायेगी। अरगोड़ा तालाब के सफाई कार्यक्रम में प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, विधायक नवीन जयसवाल, राकेश भास्कर, सूरज चौरसिया, अरुण झा, शोभा यादव, उमेश साहू सहित कार्यकर्ता शामिल होंगे। बड़ा तालाब रांची के सफाई कार्यक्रम में विधायक सीपी सिंह, महामंत्री मनोज सिंह, शिवपूजन पाठक, शामिल होंगे। टाटी सिल्वे स्थित बड़ा तालाब की सफाई में प्रदेश महामंत्री सह सांसद प्रदीप वर्मा, सुरेंद्र महतो, खिजरी में आरती कुजूर, नगड़ी में शशांक राज शामिल होंगे।



# परिश्रम से कभी समझौता न करें छात्र-छात्राएं: शिल्पी नेहा

**चान्हो के सरना बाल विकास विद्यालय में आयोजित मेधा विद्यार्थी सम्मान समारोह में सम्मानित किये गये छात्र-छात्रा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि समूचे विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा का विकास और सभी छात्र-छात्राओं को अधिकतम सुविधा उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। श्रीमती तिर्की ने कहा कि छात्र-छात्रायें परिश्रम से कभी भी समझौता न करें क्योंकि इससे अंततः उन्हें ही भविष्य में नुकसान उठाना पड़ेगा।

आज चान्हो प्रखंड के सरना बाल विकास विद्यालय में मैट्रिक व इंटर मे उत्तीर्ण हुए अव्वल छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते हुए श्रीमती तिर्की ने कहा कि अपने घर-परिवार के साथ ही गांव-समाज के हित में बेहतर काम करने की जिम्मेदारी भी छात्र-छात्राओं के ऊपर है और वे इस क्षेत्र में अच्छा तभी कर सकते हैं जबकि वे पढ़ाई पर पूरे मन से ध्यान दें। उन्होंने कहा कि आज का समय मेहनत का है और जिन विधार्थियों ने कठिन परिश्रम किया है उन्हें आज सम्मान दिया जा रहा है। अनुशासन में रहकर आगे बढ़ना और दिशा निर्धारित करते हुए विषय का चयन महत्वपूर्ण है।

श्रीमती तिर्की ने कहा कि मांडर कॉलेज और बेड़ो कॉलेज को मॉडल कॉलेज के रूप में विकसित करने के लिए बेड़ो कॉलेज को 13 करोड़ और मांडर कॉलेज को 10 करोड़ रुपये दिया गया है जिससे क्षेत्र के बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए शहर में जाने की जरूरत न पड़े।

श्रीमती तिर्की ने मांडर के सभी विद्यालयों में जैक द्वारा आयोजित मैट्रिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आये छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल, मोमेंटो, सर्टिफिकेट एवं एक वृक्ष देकर सम्मानित किया गया। प्रखंड के 200 से अधिक छात्र-छात्राओं को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। समारोह में प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, चान्हो प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष मो. इस्तेयाक अंसारी, मंगलेसवर उरांव मोजिबुल्लाह, दिलीप सिंह, इरशाद खान, अब्दुल्लाह अंसारी, जावेद अहमद, मुखिया शिव उरांव, महादेव भगत, प्रियंका उरांव, विनीता उरांव, यास्मीन खातून, अजित सिंह, मन्ना उरांव, जुल्फेकार एवं अन्य लोग उपस्थित थे।



# राजद का 28वां स्थापना दिवस मनाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजद के प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय जनता दल का 28 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। पूर्व केंद्रीय मंत्री और झारखंड के प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव के जरिये झंडोतोलन और दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मौके पर झारखंड प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव ने कहा कि लालू प्रसाद यादव ने गरीबों, पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों और वंचित के कल्याण के लिए और न्याय दिलाने के उद्देश्य से राजद का गठन किया था। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद यादव ने वंचितों के कल्याण के लिए उनके सम्मान के लिए कड़े संघर्ष और मेहनत के साथ सामाजिक न्याय के लोगों को न्याय दिलाने का काम किया। भाजपा ने लाख षड्यंत्र कर हमारे नेता लालू को फंसाने का काम किया। लेकिन लालू प्रसाद यादव ने हमेशा कहा कि मैं मिट्टी में मिल जाऊंगा, लेकिन सांप्रदायिक ताकतों से कभी समझौता नहीं करूंगा।

उन्होंने कहा कि हर हाल में भाजपा को देश से भागना है, यही संकल्प लेकर यहां से जाना है और राष्ट्रीय जनता दल के संगठन को पंचायत स्तर से लेकर जिला स्तर पर और प्रदेश स्तर पर मजबूत करना है। हमें मजबूत और संगठित रहने की आवश्यकता है। झारखंड में राष्ट्रीय जनता दल संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है।

प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने कहा कि संगठन को धारदार और मजबूत करना है। लालू की जो नीति और सिद्धांत है, तेजस्वी यादव का जो नीति और सिद्धांत है, उसे जन-जन तक पहुंचाने का काम करना है। संगठित होकर झारखंड में संगठन को मजबूत करना है और आने वाले विधानसभा के चुनाव में भाजपा से डटकर मुकाबला करना है। यही संकल्प लेकर राजद के नेताओं और कार्यकर्ताओं को जाना चाहिए।



# राज्यपाल ने विस के विशेष सत्र को दी मंजूरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र आठ जुलाई को आहूत करने के लिए मंजूरी दे दी है। विधानसभा का विशेष सत्र पूर्वाह्न 11 बजे शुरू होगा। इस दिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बहुमत साबित करेंगे। एक दिन चलने वाले विशेष सत्र के संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग ने शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी।

## खूंटी से आये थे उधार पैसा का तगादा करने, अपहरण के केस में हो गये गिरफ्तार

**रांची (आजाद सिपाही)।** राजधानी रांची के जगन्नाथपुर थाना की पुलिस ने अपहरण करने के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवकों में खूंटी निवासी संदीप कुमार और हटिया निवासी प्रियांशु कुमार शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों की गाड़ी और 9.19 लाख रुपये भी जब्त किया है। इन दोनों के विरुद्ध रामगढ़ निवासी सुजीत कुमार सिंह ने अपहरण करने की प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी में बताया है कि उन्हें संदीप कुमार ने शुक्रवार को कॉल कर सुबह 10.30 बजे हटिया स्थित निफ्ट के पास बुलाया। संदीप के साथ दो अन्य युवक प्रियांशु और टिंक्कू थे। तीनों एक थार गाड़ी से आये थे। तीनों ने उन्हें गाड़ी में बैठाया और फिर उनका आंखों को एक कपड़े से बांध कर ढंक दिया। वे लोग उसे किसी अज्ञात जगह ले गये। फिर उसका पैसा, मोबाइल व सोने का चेन छीन लिया। आरोप है कि उनकी कनपट्टी पर पिस्टल सटाकर जान मारने की धमकी दी। जब सुजीत ने इस संबंध में पुलिस से शिकायत करने की बात कही तो उसे एसपी व डीसी की धमकी दी गयी। सुजीत के साथ एक और व्यक्ति सुनील कुमार सिंह था जिसने इस घटना की जानकारी पुलिस को दी। सुजीत ने तीनों से बचने के लिए हृदय रोग का बहाना किया किया और बेहोश होने का नाटक किया तो वे लोग डर गये और उसे लेकर जगन्नाथपुर थाना आ गये। संदीप और प्रियांशु को तो पुलिस ने पकड़ लिया लेकिन उनके साथ का एक युवक भागने में सफल रहा।

### टेंडर कमीशन घोटाले में इडी का एक्शन जारी

# जब्त की 4.42 करोड़ की अचल संपत्ति

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के टेंडर कमीशन घोटाला मामले में इडी की कार्रवाई जारी है। इस मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के तहत अनुसंधान कर रही जांच एजेंसी ने पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल उनकी पत्नी रीता लाल व नौकर जहांगीर आलम की करोड़ों की संपत्ति जब्त कर ली है। जांच में सामने आया कि संजीव लाल ने उक्त संपत्ति को अपनी पत्नी और नौकर के नाम पर खरीदा था।

## ये संपत्तियां जब्त की गयीं

तीन अप्रैल 2023 को बरियातू में खरीदी गयी 16.52 डिसमिल आवासीय भूमि। यह वार्ड नंबर नौ स्थित बरियातू में खाता नंबर 143 के प्लाट नंबर 440 पर है। इसपर 2000 वर्गफीट में एक बिल्डिंग भी है। दस्तावेज के अनुसार इसकी कीमत 70 लाख रुपये है। इसका वास्तविक मूल्य दो करोड़ 85 लाख रुपये है। यह संजीव कुमार लाल के नाम पर है।

रीता लाल के नाम पर पुंदाग मौजा में 20 फरवरी 2024 को खरीदी गयी 8.60 डिसमिल जमीन। दस्तावेज के अनुसार यह 24 लाख 50 हजार रुपये में खरीदी गयी थी। इसका वास्तविक मूल्य 47 लाख 30 हजार रुपये है। जहांगीर आलम के नाम पर सर सैय्यद रेसिडेंसी में 18 नवंबर 2023 को खरीदा गया 995 वर्गफीट का ब्लाक बी में फ्लैट नंबर 1ए। दस्तावेज के अनुसार यह फ्लैट 38 लाख में खरीदा गया था। जहांगीर आलम के नाम पर 23 फरवरी 2024 को पुंदाग मौजा में 9.75 डिसमिल जमीन। दस्तावेज के अनुसार यह 25 लाख 71 हजार रुपये में खरीदी गयी थी। इसका वास्तविक कीमत 72 लाख 25 हजार रुपये है।

**डीड में कम कीमत दिखायी, नकदी में अधिक भुगतान किया**

अधिकतर अचल संपत्तियों की खरीदारी में बड़े पैमाने पर नकदी का इस्तेमाल हुआ है। इडी ने अनुसंधान में पाया है कि डीड में बैंक के माध्यम से बहुत कम राशि का भुगतान हुआ।

डीड में राशि भी कम दिखायी गयी है, जबकि अचल संपत्तियों के एवज में भुगतान की बड़ी राशि नकदी में हुई है। यह वही राशि थी, जो कमीशन के एवज में उन्हें मिली थी।

## अपर बाजार में दुकानदारों की समस्याएं दूर होंगी : आदित्य विक्रम जयसवाल

**रांची (आजाद सिपाही)।** शुक्रवार को अपर बाजार स्थित चुरुवाला होटल के समीप से व्यापार और व्यापारियों के लिए आदित्य विक्रम आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शॉप टू शॉप जाकर व्यापारियों से मुलाकतार कर उनकी समस्याओं को सुना गया तथा उसके समाधान हेतु प्रयास का आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्रोफेशनल्स कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष आदित्य विक्रम जयसवाल ने कहा कि व्यापार नहीं चलेगा तो इकॉनॉमी बुस्ट नहीं होगी। रांची विधायक सीपी सिंह को छठा टर्म हो गया है इसके बावजूद भी रांची मुलभूत सुविधाविहीन है। उन्होंने कहा व्यापारी संपन्न रहेगा तभी राज्य संपन्न होगा। इन तमाम मुददों को लेकर झारखंड डायलॉग कार्यक्रम किया जायेगा ताकि व्यापारियों की समस्याओं को उस पटल पर रखकर समस्याओं का समाधान हो सके, राज्य सरकार हर समस्याओं को दूर करने के लिए कटिबद्ध हैं। इस मौके पर मुख्य रूप से अपर बाजार के दुकानदार नवीन जैन,नरेश अग्रवाल, बिपिन अग्रवाल, डॉ रीमा खलखो, कृष्णा सहाय, संजीव महतो, सोनू सिंह, इरफान अहमद आदि लोग मौजूद थे।



# विश्व आदिवासी दिवस पर 9-10 अगस्त को समारोह

**कार्यक्रम के लिए इवेंट टीम का होगा गठन : डीसी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने 9 से 10 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में प्रस्तावित राज्य स्तरीय समारोह को लेकर बैठक की। कार्यक्रम का आयोजन भगवान बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान में किया जायेगा। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा और तैयारी को लेकर शुक्रवार को विचार-विमर्श किया गया। इसके लिए कोषांग और इवेंट टीम का जल्द गठन करने की बात कही गयी। कार्यक्रम के दौरान लगने वाले स्टॉल, फूड स्टॉल, पार्किंग, साफ-सफाई, बिजली, पेयजल, अग्निशमन व्यवस्था की समीक्षा की। डीसी ने कहा कि यह कार्यक्रम झारखंड की लोक संस्कृति, यहां के लोगों की ऐतिहासिक विरासत को विश्व के मानचित्र पर दिखाने के लिए बहुत बड़ा माध्यम है। इसके लिए इसे भव्य बनाने के लिए हर व्यवस्था बेहतर कराने को लेकर तैयारी शुरू करने को कहा।



### कार्यक्रम के स्वरूप में नवीनता लाने का प्रयास करें

डीसी ने कहा कि कार्यक्रम के स्वरूप में नवीनता लाने का प्रयास करें। इसके लिए दूसरे देशों के जनजातीय समूह को भी इस राज्यस्तरीय कार्यक्रम में शामिल करने का प्रयास करें, ताकि झारखंड के जनजातीय समूह के बारे में अच्छे से जान सकें। वहीं बैठक में डीसी के अलावा आदिवासी कल्याण आयुक्त अजयनाथ झा, प्रोजेक्ट डायरेक्टर संजय कुमार भगत, उप निदेशक आदिवासी कल्याण संगीता शरण, अपर जिला दंडाधिकारी राजेश्वर नाथ आलोक, जिला नजारत उप समाहर्ता सुदेश कुमार, उप निदेशक टीआरआइ मोनिका रानी, सहायक निदेशक राकेश रंजन उरांव समेत अन्य मौजूद थे।

## जमीन घोटाला मामले में आरोपी की जमानत पर फैसला 10 को

**रांची (आजाद सिपाही)।** बड़गाई की 8.86 एकड़ जमीन घोटाला मामले में आरोपी मोहम्मद इरशाद जमानत अर्जी पर पीएमएलए की विशेष कोर्ट में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो गयी। मामले में कोर्ट 10 जुलाई को अपना आदेश सुनायेगा। बता दें कि जमीन कारोबारी मोहम्मद इरशाद, विपिन सिंह, प्रियरंजन सहाय और जेएमएम नेता अंतू तिर्की को इडी ने गिरफ्तार किया था।

# हेमंत सोरेन ने फिर संभाली कमान

जैसी कि संभावना जतायी जा रही थी, जेल से बाहर आने के कुछ ही दिनों बाद जेएमएम नेता हेमंत सोरेन के दोबारा मुख्यमंत्री बनने का रास्ता साफ हो गया। बुधवार को चंपाई सोरेन के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद जिस जल्दबाजी में उन्होंने गुरुवार को शपथ ग्रहण किया, उसे सामान्य नहीं कहा जायेगा। हेमंत सोरेन ही नहीं, जेएमएम का भी कहना है कि उन्हें राजनीतिक कारणों से फंसाया गया है और यह कि लोकसभा चुनावों से ऐन पहले झारखंड के मुख्यमंत्री पद पर बैठे व्यक्ति को गिरफ्तार करके जेल भेजने की जिद के पीछे मंशा यही थी कि राज्य में जेएमएम और विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए को ज्यादा सीटें न मिल सकें। अब जब हाइकोर्ट के आदेश से हेमंत सोरेन जेल से बाहर आ गये हैं तो पार्टी, गठबंधन और सरकार उनके योग्य तथा सक्षम नेतृत्व से क्यों वंचित रहें। दिक्कत यह है कि कुछ ऐसे सवाल और मुद्दे भी इस मामले से जुड़े हैं जिन्हें फिलवक्त जेएमएम और आइएनडीआइए के नेता अनदेखा कर रहे हैं। एक बड़ा सवाल तो यही है कि क्या एक खास परिवार से बाहर के लोगों का स्थान जेएमएम में फिलर जैसा ही है कि जब जरूरत हो वे किसी का स्थान भरने आ जाएं और फिर जरूरत पूरी होते ही हटा दिए जायें। जाहिर है, विपक्ष इसे मुद्दा बनायेगा, बल्कि बनाना शुरू कर दिया है। आने वाले विधानसभा चुनावों में इस सवाल की असरदार काट तैयार करना जेएमएम के लिए बड़ी चुनौती साबित हो सकता है। हेमंत सोरेन पर लगे आरोपों को लेकर चाहे कुछ भी कहा जाये, यह एक तथ्य है कि देश की एक राष्ट्रीय जांच एजेंसी उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के मामलों की जांच कर रही है, जिसका झूठ-सच सामने आना अभी बाकी है। हेमंत सोरेन अभी जमानत पर बाहर आये हैं। खबरें बताती हैं कि इडी उन्हें मिली जमानत को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने की सोच रही है। ऐसे में क्या गारंटी है कि सुप्रीम कोर्ट से फैसला उनके खिलाफ नहीं आयेगा और दोबारा उनके जेल जाने की स्थिति पैदा नहीं होगी? सबसे ऊपर है राजनीतिक जवाबदेही का मुद्दा। हेमंत सोरेन पर इडी द्वारा लगाये गये आरोपों की सच्चाई चाहे जो भी हो, इससे इनकार नहीं किया जा सकता कि यह एक राजनीतिक मामला भी है। जो व्यक्ति राज्य के मतदाताओं द्वारा चुनी गयी सरकार का नेतृत्व कर रहा था, उस पर एक राष्ट्रीय एजेंसी ने गंभीर आरोप लगाये। ऐसे में विधानसभा चुनावों से ठीक पहले जमानत पर छूटते ही दोबारा पद पर बैठने के बजाय वह पहले लोगों का फिर से विश्वास हासिल करने पर ध्यान देते, तो न केवल अपना कद ऊंचा करते, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों को भी नयी ऊंचाई देते।

**हेमंत सोरेन पर इडी द्वारा लगाये गये आरोपों की सच्चाई चाहे जो भी हो, इससे इनकार नहीं किया जा सकता कि यह एक राजनीतिक मामला भी है। जो व्यक्ति राज्य के मतदाताओं द्वारा चुनी गयी सरकार का नेतृत्व कर रहा था, उस पर एक राष्ट्रीय एजेंसी ने गंभीर आरोप लगाये।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**जब बच्चे अपने अविभावकों की उम्मीदों पर खरा नहीं उत्तर पाते, खास कर परीक्षा में तो उन पर निकम्मे और नकारा होने का टैग लगा दिया जाता है। न केवल - पढाई लिखाई अपितु अन्य क्षेत्रों में भी ऐसा ही हाल है। जैसे कि, देखो तुम्हारी लिखायी कितनी गंदी हैं। गुप्ता जी की बेटी को देखो, ऐसे लिखती है, जैसे मोती पिरोये हों। तुम। तो एक ढंग का गोला भी नहीं लगा। पाते, तुम्हारे भाई को देखो, कितनी सुंदर ड्राइंग करता है, इसीलिए वो हर अध्यापक को पसंद है। अर्जुन की वर्दी देखी, कितनी साफ होती है, और एक तुम हो जैसे हर रोज मिटटी में लोट कर आते हो। तुम से तो एक। रोटी भी ढंग से नहीं खायी जाती - तुम्हारी उम्र के बच्चे उतनी देर में चार रोटियां खा जाते हैं। जितनी देर में तुम एक खाते हो, इत्यादि इत्यादि।**

# हर बच्चे में होती है अलग क्षमता और योग्यता



**नरेंद्र नाथ महतो**

चिंटू, तुम तो बिलकुल निकम्मे हो। शर्मा जी के बेटे को देखो, तुम से कहीं बेहतर है। वो तो क्लास में 99 प्रतिशत अंक ले कर पहले स्थान पर आया है। तुम्हारे तो 80 प्रतिशत भी नहीं आये आज तक। मुझे तो ऑफिस में अपने साथियों के सामने शर्म आती है, तुम्हारे नंबर बताते हुए। ऐसी टिप्पणियां आज कल हर भारतीय घर में आम हो चली हैं। जब बच्चे अपने अविभावकों की उम्मीदों पर खरा नहीं उत्तर पाते, खास कर परीक्षा में तो उन पर निकम्मे और नकारा होने का टैग लगा दिया जाता है। न केवल - पढाई लिखाई अपितु अन्य क्षेत्रों में भी ऐसा ही हाल है। जैसे कि, देखो तुम्हारी लिखायी कितनी गंदी हैं। गुप्ता जी की बेटी को देखो, ऐसे लिखती है, जैसे मोती पिरोये हों। तुम। तो एक ढंग का गोला भी नहीं लगा। पाते, तुम्हारे भाई को देखो, कितनी सुंदर ड्राइंग करता है, इसीलिए वो हर अध्यापक को पसंद है। अर्जुन की वर्दी देखी, कितनी साफ होती है, और एक तुम हो जैसे हर रोज मिटटी में लोट कर आते हो। तुम से तो एक। रोटी भी ढंग से नहीं खायी जाती - तुम्हारी उम्र के बच्चे उतनी देर में चार रोटियां खा जाते हैं। जितनी देर में तुम एक खाते हो, इत्यादि इत्यादि।

इस सब से मुझे एक लघु कहानी याद। आती है। एक बार एक पिता अपने बेटे के साथ अपनी मारुति कार से कहीं जा रहे थे। अचानक एक ऑडी। कार तेजी से उन से आगे निकल गयी। बेटा बहुत ध्यान से ये देख रहा था। थोड़ी देर बाद एक कार उन से आगे निकल गयी। फिर एक मर्सेडीज, एक होंडा सिटी, और एक टाटा सफारी भी उन से आगे निकल गयी। ये सब देख कर बेटा अपने ऊपर और अधिक नियंत्रण नहीं, रख पाया और उस ने अपने पिता से पूछा, पिता जी, सभी कारें हम से आगे निकल रही हैं। आप उन से आगे क्यों नहीं निकल जाते? पिता ने उत्तर दिया, बेटा, उन सब कारों का मॉडल हमारी कार से अलग है। वो सब कारें हम से बेहतर मॉडल और कंपनी की हैं। सबकी स्पीड हमसे अधिक है। हम अपनी कार की तुलना उन कारों से नहीं कर सकते। इस पर बेटे ने आश्चर्य के भाव दशति हुए पूछा, पिता जी, फिर आप क्यों मेरी तुलना बाकी बच्चों से करते हो? क्या मेरा मॉडल और परवरिश अलग नहीं है? क्या मुझे भगवान उन सब बच्चों के बराबर क्षमताएं, योग्यताएं औरसुविधाएं दी हैं जो मैं हर क्षेत्र में उन की बराबरी कर सकूं? पिता के पास इस प्रश्न का कोई जवाब नहीं था। वो निरुत्तर हो गया, परंतु दिल ही दिल में वो जनता था की उस का बेटा सही कह रहा है। हर एक मनुष्य की क्षमता, प्रतिभा, योग्यता, तथा ज्ञान एक जैसा नहीं होता। यहां तक की भगवान ने भी पांचों उंगलियां एक जैसी नहीं बनायीं, विभिन्नता संसार का एक शाश्वत सत्य है। पिता ने अपने बेटे से माफी मांगी और वायदा किया को भविष्य में वो कभी किसी और के साथ उस की तुलना नहीं करेगा। इस प्रकार की कहानियां हमें बहुत अच्छी शिक्षा देती हैं। ये हमें सिखाती हैं की हमें हर बच्चे को एक अलग और विलक्षण व्यक्तित्व के रूप में स्वीकार करना चाहिए, हर बचे के अंदर एक विलक्षण प्रतिभा होती है, जिस का उपयोग वो दूसरों से अलग रूप में कर सकता है और स्वयं को दूसरों से बेहतर साबित कर सकता है। आवश्यकता है केवल उस प्रतिभा को पहचानने की। हर कोई डॉक्टर, इंजीनियर या आइएएस नहीं बन सकता। परंतु यदि कोई उस के अंदर की प्रतिभा को पहचान ले और समय रहते उसे निखारने का अवसर प्रदान करे ती वो जीवन में सफल अवश्य हो सकता है। जहां तक रोजी रोटी कमाने की बात है, तो ऐसे सैंकड़ों रोजगार हैं, जिनमें सफल होने के लिए पेपरों में बेहतर नंबरों और यहां तक कि उच्च शिक्षा की भी कोई खास आवश्यकता नहीं है। कलाकार, निर्देशक, डांसर, खिलाडी, पेंटर, गायक, पत्रकार, टी बी एंकर, राजनेता और यहां तक कि सफल हेयर स्टाइलिस्ट और बावर्ची जैसे कई व्यवसाय हैं, जिनमें आसानी से अपना रोजगार प्राप्त किया जा सकता है। ऐसी बहुत से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय व्यक्तित्व हैं, जिन्होंने अपनी स्कूल या कॉलेज की पढाई भी पूरी नहीं की, परंतु आज वो किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं और न ही उन के पास धन धान्य की। कोई कमी है। अविभावकों द्वारा दूसरे बच्चों के साथ तुलना की जाती और इन पर केवल और केवल पढ़ाई पर ही ध्यान देने का दबाव बनाया जाता, ताकि इन को भी 9 से 5 वाली एक अच्छी से नौकरी मिल जाये तो आज विश्व इन विलक्षण प्रतिभाओं से वंचित रह जाता। अविभावक के रूप में सफल होने के लिए हमें हर वक्त अपने बच्चों के दूसरों से तुलना करने और उन्हें चुरा भला कहने की बजाय उनके अंदर छुपी विलक्षण प्रतिभा को पहचानना चाहिए तथा पूरी लगन के साथ उन्हें उत्साहित करना चाहिए एवं उनका उचित मार्गदर्शन करना चाहिए, ताकि वो अपनी पसंद के क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकें। यदि हम इस सलाह पर अमल कर पाये तो विश्व और खास तौर पर भारत में सफल लोगों की गिनती कई गुना बढ़ जायेगी तथा संसार में हर ओर संतुष्ट एवं प्रसत्रचित्त लोग ही दिखायी देंगे।

**(लेखक : आरटीसी पब्लिक स्कूल अनगड़ा, रांची के प्राचार्य हैं।)**



**हर कोई डॉक्टर, इंजीनियर या आइएएस नहीं बन सकता। परंतु यदि कोई उस के अंदर की प्रतिभा को पहचान ले और समय रहते उसे निखारने का अवसर प्रदान करे ती वो जीवन में सफल अवश्य हो सकता है। जहां तक रोजी रोटी कमाने की बात है, तो ऐसे सैंकड़ों रोजगार हैं, जिनमें सफल होने के लिए पेपरों में बेहतर नंबरों और यहां तक कि उच्च शिक्षा की भी कोई खास आवश्यकता नहीं है।**

**अपने बच्चों के दूसरों से तुलना करने और उन्हें चुरा भला कहने की बजाय उनके अंदर छुपी विलक्षण प्रतिभा को पहचानना चाहिए।**

## जमशेदपुर की खबरें

# पांच महीने में जितना हो सका राज्य की जनता को दिया नियुक्ति पत्र नहीं सौंप पाने का रहा मलाल: चंपाई सोरेन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सरायकेला।** पूर्व सीएम चंपाई सोरेन शुक्रवार को अपने गृह जिला सरायकेला पहुंचे। जहां जगह-जगह उनके समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान पूर्व सीएम चंपाई सोरेन थोड़े भावुक नजर आये, लेकिन उन्होंने अपने समर्थकों को भरोसा दिलाया। उनके हक और अधिकार की लड़ाई जारी रहेगी। मीडिया से वार्ता के दौरान कहा पूर्व सीएम ने अपने 5 महीने के कार्यकाल को संतोषजनक बताया। कहा उन्हें जितना भी मौका मिला राज्य की जनता के लिए बेहतर से बेहतर कार्य करने का प्रयास किया। शिक्षा-स्वास्थ्य जैसे बुनियादी ढांचे को दुरुस्त करने की योजनाएं कैबिनेट में पास कराई। जनजातीय और क्षेत्रीय भाषाओं के शिक्षकों की बहाली प्रक्रिया का मार्ग प्रशस्त कराया। उन्हें इसका मलाल रह गया। हालांकि उन्होंने भरोसा जताया उनकी विरासत को वर्तमान सीएम हेमंत सोरेन आगे बढ़ाएंगे। इस दौरान जगह-जगह पूर्व मुख्यमंत्री के समर्थक उनके स्वागत में खड़े रहे और उनका इस्तकबाल किया।

# 9 जुलाई को भाजयुमो पोटका प्रखंड कार्यालय का करेगा घेराव



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पोटका।** पोटका प्रखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा( भाजयुमो) के ओर से आगामी 9 जुलाई को पोटका प्रखंड कार्यालय का घेराव सह तालाबंदी किया जायेगा। इसको लेकर इंपीरियल रिसोर्ट्स तेतला में भाजयुमो के तीनो मंडल पोटका, कवाली, आसनबनी की एक तैयारी बैठक जिला अध्यक्ष अमित अग्रवाल की अध्यक्षता में हुआ। श्री अग्रवाल ने बताया कि झारखंड सरकार द्वारा प्रति वर्ष पांच लाख युवाओं को रोजगार देने की घोषणा किया गया था। अभी तक एक हजार को भी नहीं दिया गया। किसान सम्मान निधि का राशि सरकार द्वारा किसानों को नहीं मिल रहा है। वर्षात का समय आ गया है। आषाढ़ माह बीतने को है अभी तक प्रखंड लैंप्स में धान का बीज आया नहीं है। प्रखंड में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। जातीय प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र में बनाने में पैसा मांगा जाता है। अबुआ आवास जरूरत मंद को न देकर ऊंची पहुंच रखने वाले को दिया जा रहा है। राशन वितरण में भी अनियमितता चरम सीमा पर है। राशन की कालाबाजारी जोरो पर है। यह कार्यक्रम सोई हुई सरकार को जगाने का कार्यक्रम है। बैठक में मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष गणेश सरदार, जिला मंत्री राकेश चौबे, राकेश सिंह, मुकेश गोप, मुकेश सीट, यदुपति गोप, तापस गोप, राजा नंदी, अच्छी गोप, चित्रसेन ज्योतिषी, राहुल महतो, प्रकाश पांडेय मदन सोरेन आदि उपस्थित थे।

# पूर्वी विधानसभा स्तरीय अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा 17 जुलाई को



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** भाजपा आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर मिशन मोड में है। प्रदेश निर्देशित कार्यक्रम विजय संकल्प सभा को लेकर विधानसभा वार तैयारियां तेज कर दी। शुक्रवार को जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा के संयोजक संजीव सिंह की अध्यक्षता में बिरसानगर अंतर्गत शकुंतला उद्यान भवन में भाजपा की बैठक संपन्न हुई। बैठक में विजय संकल्प सभा के कोल्हान प्रभारी दिनेश कुमार और भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा ने कहा लोकसभा चुनाव में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रत्येक मंडल की 6 बूथ कमिटी और विधानसभा स्तर पर 10 बूथ अध्यक्ष और कमिटी के कार्यकर्ता विजय संकल्प सभा में सम्मानित होंगे। सम्मान समारोह में जमशेदपुर सांसद सहित प्रदेश स्तरीय भाजपा नेता शामिल होंगे। मौके पर उन्होंने ₹ एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत हरित अभियान अंतर्गत पौधारोपण को बूथ स्तर पर आयोजित करने को कहा। ताकि अभियान में जन भागीदारी सुनिश्चित कर सके। उन्होंने कहा 17 जुलाई को भाजपा पूर्वी विधानसभा स्तरीय विजय संकल्प सभा से चुनावी तैयारियों का शंखनाद होगा। दिनेश कुमार ने बताया विधानसभा चुनाव के दृष्टिकोण से पार्टी प्रत्येक विधानसभा पर कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र देंगी। विजय संकल्प सभा में पार्टी कार्यकर्ता बूथ जीतो, विधानसभा जीतो का संकल्प लेंगे। बैठक का संचालन संजीव सिंह व धन्यवाद ज्ञापन बबलू गोप ने किया। मौके पर इस पूर्व जिला अध्यक्ष अभय सिंह, चंद्रशेखर मिश्रा, गुंजन यादव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मिथिलेश सिंह यादव, कल्याणी शरण, कमलेश सिंह, भूपेंद्र सिंह, पवन अग्रवाल, जितेंद्र मिश्रा, बोल्टू सरकार, अखिलेश चौधरी, सुशांतो पंडा, पप्पू सिंह, श्रीराम प्रसाद मंडल अध्यक्ष में बबलू गोप, सुरेश शर्मा, संतोष ठाकुर, हेमंत सिंह, सूरज सिंह, अभिषेक सिंह, निर्मल कुमार, विकास शर्मा, मुकेश मिश्रा, विनोद झा, संतोष साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।

# पर्यावरण मित्र घाटशिला ने नरसिंहगढ़ +2 हाई स्कूल में लगाये फलदार पौधे



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाटशिला।** आज तड़के पर्यावरण मित्र घाटशिला के कुछ सदस्यों ने नरसिघगढ़ +2 हाई स्कूल के प्रचार्च निर्मलेंदु महतो और शिक्षक अंबिका दास के प्रस्ताव पर स्कूल परिसर में 40 फलदार पौधे लगाये, जिसमे आम, जामुन, कटहल, आंवला, काजू और साल के पौधे शामिल थे। पौधारोपण से पहले पर्यावरण मित्र के सदस्य प्रो. इंदल पासवान और डा0 मृणाल पिंगुआ ने उपस्थित सभी बच्चों को पौधा देकर उन्हें पर्यावरण संरक्षण में सभी को छोटी छोटी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। डा0 पिंगुआ ने कहा कि हमने विकास के नाम पर जिस तरह से इस पर्यावरण को बर्बाद किया है यदि ऐसा ही चलता रहा तो इस पृथ्वी पर जिंदा रहना दुभर हो जायेगा, इसीलिए पर्यावरण संरक्षण के लिए हम सबको अपने समर्थनुसार सहयोग करना होगा। इंदल पासवान ने कहा कि ये धरती और प्रकृति मां की तरह हमारा पोषण और रक्षण करती है। हमारी सांसे इसी पेड़ों की वजह से है अतः हम सभी पर्यावरण मित्र हैं आज से जब भी मौका मिलेगा हम पौधों को लगाने और उसे सुरक्षित करने का कार्य करेंगे। पौधारोपण अभियान में शिक्षक कारण चन्द्र मुर्मू, रमन कुमार मिश्रा, सोनाली रजक, सुल्ताना बानो, सुकुमार महतो, मुकेश महतो, माधुरी, प्रकाश महतो, सहित सकड़ों विद्यार्थी सक्रिय रहे।

# मंगल कालिंदी ने पटमदा में विद्यार्थियों के बीच साइकिल का किया वितरण



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पटमदा।** शुक्रवार को पटमदा प्रखंड कार्यालय परिसर में मंगल कालिंदी ने कक्षा 8 कक्षा के उत्तीर्ण विभिन्न स्कूलों के छह सौ विद्यार्थियों के बीच साइकिल वितरण अपने हाथों से किया। मौके पर विधायक श्री कालिंदी ने मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता में भाग लिए हुए पंचायत स्तरीय खिलाड़ियों के बीच फुटबॉल कीट व पशुपालन विभाग से सुकर पालन हेतु दो किसानो के बीच स्वीकृति पत्र का वितरण किया। योजना के तहत 21 से 50 साल की महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपए प्रोत्साहन राशि बैंक खाते के माध्यम से दी जाएगी। श्री कलिन्दी ने कहा इसके अलावे तत्कालीन मुख्यमंत्री ने 200 यूनिट तक मुफ्त में बिजली उपलब्ध कराने की घोषणा की है। विधायक ने कहा राज्य सरकार ने छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए गुरुजी क्रेडिट कार्ड के माध्यम से 15 लाख रुपये ऋण दे रही है। 228 करोड़ रुपए से स्वीकृत हर घर नल योजना के तहत पटमदा बोड़ाम प्रखंड के सभी गांवों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति की जायेगी। जिसमें पाइप लाइन बिछाने का काम लगभग पूरा हो चुका है। वही किसानो की सिंचाई सुविधा के लिए चांडिल डैम से पाइपलाइन के माध्यम से पटमदा बोड़ाम के खेतों में पानी पहुंचाने का योजना भी तैयार किया जा रहा है। मौके पर बीडीओ पिऊषा शालीना डोना मिंज,जिला पार्षद प्रदीप बेसरा, उप प्रमुख श्रीदेवी माझी,विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, बीईओ प्रभाकर कुमार, माणिक महतो, सुभाष कर्मकार, कालीपद महतो, अश्विनी महतो, वृंदावन दास समेत सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे।

## रंका अनुमंडल झामुमो कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न

# झामुमो के कार्यकर्ता चुनावी मोड में आ चुके हैं : नितेश सिंह

**आने वाली विधानसभा चुनाव में पुनः दूसरी बार मिथिलेश ठाकुर को विधायक बनाने के लिए तैयार हैं।**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** रंका अनुमंडल झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक बीस सूत्रि के जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह के बरवाडीह स्थित आवास पर आयोजित किया गया। जिसमें आने वाली विधानसभा चुनाव के मद्देनजर रखते हुए झामुमो पार्टी के कार्यकतोओं को तैयार रहने के लिए संकल्प सुझाव दिया गया और विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा करते हुए जिम्मेवारी सौपी गयी। कार्यकर्ता बैठक को संबोधित करते हुए बीस सूत्रि के जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह ने कहा कि झामुमो पार्टी कार्यकर्ता चुनावी मोड में आ चुके हैं। आने वाली विधानसभा चुनाव में पुनः दूसरी बार मिथिलेश ठाकुर को विधायक बनाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने पूर्व विधायकों गिरिनाथ सिंह और सत्येंद्र नाथ तिवारी पर हमला बोलते हुए कहा कि एक सत्रह साल और एक दस साल गढ़वा विधानसभा में राज करने का काम किया और आज परिवर्तन यात्रा करते चल रहे हैं। वो जिस सड़क पर चल कर जा रहे हैं वह सड़क मिथिलेश ठाकुर ने बनाने का काम किया है। आज तक गिरिनाथ सिंह रंका गढ़ में पानी तक नहीं पहुंचा सके वही सत्येंद्र नाथ तिवारी ने केंद्र में भाजपा सरकार रहने के बावजूद क्षेत्र में कोई विकास नहीं कर सके। इनके चाल और चरित्र को जनता बखूबी जानती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को केंद्र की मोदी सरकार ने ईडी को लगाकर बेवजह झूठा केस में फंसाकर जेल भेजने का काम किया जिसका पदार्फाश हाई कोर्ट ने कर दिखाया है। बैठक में रंका, रमकंडा और चिनियां प्रखंड के लोगों ने भाग लिया। जिसकी अध्यक्षता अनुमंडल अध्यक्ष जैनुल्लाह अंसारी और संचालन रंका प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता ने की। बैठक को केंद्रीय सदस्य राजकिशोर यादव, युवा जिलाध्यक्ष संजय सिंह छोटू, जिला प्रवक्ता कार्तिक पांडेय, जिला अल्पसंख्यक उपाध्यक्ष आफताब आलम, युवा अनुमंडल अध्यक्ष पप्पू यादव, रंका विधायक प्रतिनिधि अनिल चंद्रवंशी, कुमार गुलाब सिंह, आशीष सिंह, चिनियां प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव, रमकंडा प्रखंड अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, बीस सूत्रि प्रखंड अध्यक्ष अहमद अली अंसारी, धर्मेन्द्र पाठक, रमकंडा विधायक प्रतिनिधि फिरोज मंसूरी, रंका मुखिया राजेश मद्धेशिया, रंका महिला अध्यक्ष मालती देवी, रमकंडा महिला अध्यक्ष बसंती पन्ना, मुखिया श्रवण कमलापुरी, मुखिया इजहार अंसारी, मुखिया प्रतिनिधि विवेक सिंह छोटू, देवेंद्र तिवारी, परशु ठाकुर, मुखिया विनोद गुप्ता, सुरेंद्र यादव, रामचंद्र प्रजापति, चैतू सिंह खरवार, संजय यादव, मंगरू सिंह, मुखिया खालिद अंसारी, मुकेश तिवारी आदि ने भी संबोधित किया।

# पूरे विधानसभा में भ्रष्टाचार चरम पर है : सत्येंद्र नाथ तिवारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने कई गांव का दौरा किया उन्होंने कहा है कि पूरे विधानसभा में भ्रष्टाचार चरम पर है। इसके लिए जिम्मेवार यहां के वर्तमान दारू और पानी मंत्री के साथ-साथ राजा, सामंती समेत क्रिमिनल, गुंडा, अपराधी, भू माफिया, बिचौलिया हैं। जिनको मैं अपने 10 साल के कार्यकाल में ठंढा बस्ता में बंद करने का काम किया था। उन्होंने कहा कि आज हिस्ट्री सीटर बेखौफ खुले सड़क पर विचरण कर रहे हैं। जिसके कारण आम गरीब-गुरबा, शरीफ व्यक्ति एवं व्यवसायी भय के माहौल में जीने को बेबस और लाचार हैं। वैसे लोग जिन्होंने 2019 के चुनाव में गरीब-गुरबा, भोले भाले लोगों का वोट ठग करके, मिथिलेश ठाकुर जी अच्छे व्यक्ति हैं, यह कह करके जो वोट दिलाने का काम किया था, भगवान वैसे लोगों को कभी माफ नहीं करेगा। आज रामकंडा के हरहे पंचायत के सभी गांव में मिल रहे अपार जन समर्थन के मद्देनजर मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि कोई राजा महाराजा, सामंती तकतें या समाज के बैड एलिमेंट इस बार चाह कर भी सत्येंद्र नाथ तिवारी को चुनाव में रोक नहीं पायेंगे। मैं आम बंधुओ से निवेदन करूंगा कि आप थोड़ा धैर्य बनाए रखें। अंधेरा है लेकिन निश्चित ही छटेगा और मात्र दो-तीन माह का इंतजार करिए। सभी अवांछित लोगों का जो असली ठिकाना है, मैं आपके सहयोग से उन्हें वहां पहुंचाने का काम अवश्य करूंगा।

मैं गढ़वा को पूर्ववत जैसे 10 साल के मेरे नेतृत्व, कार्यकाल में आजाद था, फिर से वैसे ही आजाद कराऊंगा।

# राजद का 28 वां स्थापना दिवस मना

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** राष्ट्रीय जनता दल जिला कमेटी गढ़वा की ओर से आज गढ़वा शहर के रंका रोड स्थित तिवारी रेस्ट हाउस के सभागार में राष्ट्रीय जनता दल का 28 वां स्थापना दिवस मनाया गया। राष्ट्रीय जनता दल का स्थापना 5 जुलाई 1997 को राष्ट्रीय जनता दल के जन्मदाता लालू प्रसाद यादव जी के द्वारा किया गया। राष्ट्रीय जनता दल और लालू प्रसाद यादव जी के सिद्धांतों को जन जन तक पहुंचाने का काम एक-एक कार्यकर्ता कर रहे हैं। गढ़वा जिला कमेटी की ओर से राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय लालू प्रसाद यादव जी से निवेदन आग्रह किया है कि आगामी विधानसभा चुनाव को मध्य नजर रखते हुए एवं झारखंड के साथ-साथ पलामू प्रमंडल में हर एक सीट पर विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी देने की मांग किया गया है। साथ ही जिला कमेटी की ओर से यह प्रस्ताव पारित हुआ है कि जिला का समिति की बैठक अनुमंडल अस्तर पर हर महीने में की जायेगी। आगामी विधानसभा चुनाव के तैयारी का आव्हान किया गया साथ ही प्रत्येक प्रखंड अध्यक्षों को पंचायत कमेटी तथा बूथ स्तर सुधार कर नए कमेटी विस्तार कर जिले में रिपोर्ट करें। साथी हर एक प्रखंड में प्रखंड अध्यक्षों को निर्देशित किया गया है कि महीने में एक बार प्रखंड स्तर की बैठक रखें जिसमें जिले से पदाधिकारी नियुक्त होंगे। साथी हर एक प्रखंड में प्रखंड प्रभारी नियुक्त करने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव प्रवेज शाहिद जी शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रामनाथ श्रमिक जी प्रदेश सचिव अभय पांडेय जी जिला के प्रधान महासचिव धर्मराज राम जी प्रदेश युवा राजद महासचिव मुनेश्वर सिंह खरवार जी जिला महासचिव राजेश्वर गुप्ता जी जिला उपाध्यक्ष विष्णु रावत जी जिला सचिव ओम प्रकाश पांडेय उपस्थित थें।

# ग्रामीणों ने श्रमदान कर सड़क बनायी



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** भवनाथपुर पंचायत के ढिकुलिया में ग्रामीणों ने श्रमदान और आपसी सहयोग से शमशान घाट तक जाने वाली सात सौ मीटर सड़क बनायी। ढिकुलिया से रजदहवा नदी शमशान घाट तक सड़क नहीं होने के कारण ग्रामीणों को शव के अंतिम संस्कार के लिए काफी कठिनाईयो का सामना करना पड़ता था। पगडंडी के सहारे करीब सात सौ मीटर शव लेकर जाना पड़ता था। भुस्वामी के द्वारा भूमि नहीं देने से सड़क का निर्माण नहीं हो सका था।ग्रामीण अमर चंद्रवंशी,बबन पासवान, परमवीर राम, राकेश कुमार रवि, राम पवन विश्वकर्मा, अशोक बैठा ने बताया कि करीब आठ सौ घरों की आबादी के लोग अपने परिजनों के मरणोपरांत अंतिम संस्कार के लिए रजदहवा नदी शमशान घाट पर ले जाते हैं। शमशान घाट तक जाने के लिए पगडंडी का सहारा लेना पड़ता था, इस दौरान कई लोग गिर पड कर किसी तरह पहुंचते थे। ग्रामीणों के निवेदन पर भूस्वामी ने सड़क बनाने के लिए जमीन देने की बात स्वीकार कर ली। भूस्वामी से अनुमति मिलने पर ग्रामीणों ने सहयोग राशि इक्कठा कर करीब सात सौ मीटर तक दस फिट चौड़ी सड़क जेसीबी मशीन से बनवायी।

## मुखिया कलावती देवी की अध्यक्षता में वन पट्टा शिविर का आयोजन



**सगमा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कटहर कलां पंचायत सचिवालय के सभागार में मुखिया कलावती देवी की अध्यक्षता में वन पट्टा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे पंचातर्गत सारदा लोलकी जौरही कट्टर कला से आई ग्रामीणों द्वारा वन पट्टा के लिए पंद्रह से विस कि संख्या में आवेदन प्राप्त हुआ। इस अवसर पर मुखिया कलावती देवी ने उपस्थित ग्रामीणों से कहा की जो भी आवेदन प्राप्त हुआ है इसकी जांच प्रक्रिया पूरी होने के बाद आगे की कार्रवाई सुनिश्चित किया जायेगा। मौके पर मुख्य रूप से सीआई राजेश उपस्थित थे ।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय में पॉलीथीन थैला मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय परिसर में स्थित दिनेश कॉलेज आफ एजुकेशन के सभागार कक्ष में पॉलीथिन और पॉलीथीन थैला मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ० सुनीता गुप्ता ने कहा कि पॉलीथिन पर्यावरण प्रदूषण का मुख्य कारण बनता जा रहा है और इसका प्रयोग पूर्णतः बंद होना चाहिए। कार्यक्रम में सभी प्रशिक्षु ने पॉलिथीन का प्रयोग नहीं करने का शपथ लिया। बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह ,कुलपति प्रोफेसर (डॉ)एम०के ०सिंह एवं कुल सचिव डॉ० ललन कुमार ने कार्यक्रम करने के लिए महाविद्यालय को प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रशिक्षुओ में प्रियंका , अंजली, पूजा सोनम, सचिन, छोटन, सुधीर, संतु, अंचल आदि ने अपना सक्रिय सहभागिता प्रदान किया ।कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकों में जनार्दन शुक्ला, मनोज कुमार गुप्ता, शशिकांत सिंह यादव, अरविंद तिवारी, आनंद कुमार चौबे, अभिमन्यु शुक्ला आदि उपस्थित रहे। शिक्षककेतत्तर कर्मचारियों में एस ०एन ० ठाकुर एवं बी०एन०सिंह उपस्थित रहे।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय की चार छात्राएं बेहोश हो गयी



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** श्री बंशीधर नगर प्रखंड अंतर्गत कोलझिंकी गांव में सेप्टिक टैंक से गैस रिसाव होने से उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोलझिकी की चार छात्राएं बेहोश हो गयी। घटना शुक्रवार दोपहर की है। बेहोश होने की सूचना मिलते ही स्कूल में अफरा तफरी मच गयी। स्कूल के शिक्षकों ने तत्काल इसकी सूचना अनुमंडल प्रशासन को दी। एसडीओ प्रभाकर मिर्धा के निर्देश पर कार्यपालक दंडाधिकारी हंस हेंब्रम, थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक और अनुमंडल अस्पताल की डीएस डॉ सुचित्रा कुमारी के नेतृत्व में मेडिकल टीम ने आनन फानन में स्कूल पहुंच कर बीमार बच्चियों की स्वास्थ्य जांच की। स्कूल में ही बच्चियों को स्लाईन चढ़ाया गया और दवा दी गयी। जिसके बाद सभी के सेहत में सुधार हुआ। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार स्कूल के बगल में स्थित इम्तेयाज अंसारी के सेप्टिक टैंक से निकले गैस के कारण उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोलझिकी में अध्ययन रत चार छात्राएं बेहोश हो गई। उधर स्कूल पहुंचे कार्यपालक दंडाधिकारी हंस हेम्ब्रम ने घटना की विस्तृत जांच की। जांच के दौरान कार्यपालक दंडाधिकारी ने बताया की मामले की जांच की जा रही है बच्चियों की स्थिति अब ठीक है। उन्होंने बताया की मौके पर मौजूद थाना प्रभारी को पूरे मामले की जांच कर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। दोषी को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जायेगा।

## ससमय सड़क निर्माण कार्य नहीं होने से आवागमन में परेशानी, ग्रामीणों में रोष



**केतार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के मुकुंदपुर कोल रोड मुख्य पथ से पंडा नदी तक 1.58 करोड़ की लागत से सड़क मरम्मती कार्य में संवेदक द्वारा लेट लतीफी से नाराज ग्रामीणों ने शुक्रवार को मुखिया मुंगा साह के नेतृत्व में विरोध किया। मुखिया ने बताया की सड़क का निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों को किचड़ युक्त सड़क से गुजरना पड़ रहा है। संवेदक पीच रोड बनाने के लिए गिट्टी बिछाकर छोड़ दिया है और जहां पीसीसी पथ की ढ़लाई करना है वहां काम शुरू नहीं हुआ है। मौके पर शंभू ठाकुर, मनोज वियार, अमरेश ठाकुर, गणेशी विरार, श्रीकांत उपस्थित थे।

# दो ऑटो के बीच टक्कर में 11 छात्राएं घायल

**सभी घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के पश्चात दो छात्राओं की गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया गया है।**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा रंका एन एच 343 पर हुरदाग गांव के समीप शुक्रवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे स्कूली बच्चों से भरी टेंपो एक दूसरे टेम्पो से साईड लेने के चक्कर में पलट गई जिसमें सवार ग्यारह बच्चे बुरी तरह घायल हो गये। सभी घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के पश्चात दो छात्राओं की गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया गया है। वहीं दुर्घटना ग्रस्त टेंपो को उसके मालिक मौके से लेकर भाग गया बताया जाता है। मिली जानकारी के अनुसार रोज की तरह हुरदाग गांव से टेंपो पर सवार होकर एक दर्जन छात्र छात्राएं रंका स्थित परियोजना बालिका उच्च विद्यालय एवं जमा दो उच्च विद्यालय आ रहे थे इसी बीच नाबालिग टेंपो चालक काफी तेजी से दूसरे टेंपो से साईड लेने के क्रम में असंतुलित हो कर सड़क किनारे पलट गयी जिसमें सवार ग्यारह बच्चे गंभीर रूप से जख्मी और घायल हो गये चीख-पुकार की आवाज सुनकर काफी संख्या में गांव के लोग तत्काल घटना स्थल पर पहुंचकर सभी घायलो को दूसरे वाहन से ।इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया जिसमें आरती कुमारी, रीना कुमारी, सुशीला कुमारी, अखिलेश सिंह, सुनील कुमार सिंह, पुनम कुमारी, मीना कुमारी, नीलम कुमारी, बिदवंती कुमारी,रेखा कुमारी तथा कौशल्या कुमारी के नाम शामिल हैं जिसमें रेखा कुमारी और कौशल्या कुमारी की गंभीर स्थिति देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के पश्चात बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया है वहीं सड़क दुर्घटना की जानकारी पर पुलिस टीम के पहुंचने के पूर्व टेम्पो मालिक मौके से टेंपो लेकर फरार हो गया बताया जाता है।

## गिरिनाथ सिंह का जनसंपर्क सह परिवर्तन यात्रा तीसरे दिन भी जारी रहा




**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह ने जनता तक अपनी बातों को पहुंचाने और जनता की बातों और उनकी समस्याओं को सुनने के लिए जनसंपर्क सह परिवर्तन यात्रा शुरू किया है। इसी कड़ी में शुक्रवार को आज तीसरे दिन भी उन्होंने रंका प्रखंड के पंचायत दूधवल के नगारी, बाराडीह, बाहुकुदर, बांदू बाजार सहित विभिन्न टोलो का भ्रमण किया। इस दौरान लोगों की भीड़ दिखी सभी ने पूर्व मंत्री के सामने अपनी अपनी समस्याओं को रखा। जनता ने गिरिनाथ सिंह से समस्यायों को दूर करवाने की बात कही। कार्यक्रम में मुख्यरूप से अकबर, भागवत सिंह, सुलपानी सिंह, पारस यादव, अलीम अंसारी, विनेश्वर सिंह, ललिता देवी, चैतू सिंह, ऐजाज खान सबिता सिंह सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# नेत्र जांच के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** जिला अंधापन नियंत्रण कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को प्रखंड संसाधन केंद्र अधौरा में बच्चों के नेत्र जांच के लिये शिक्षकों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया प्रशिक्षण नेत्र पदाधिकारी नागेश्वर प्रसाद सिंह ने दिया।नेत्र पदाधिकारी ने शिक्षकों को आँख बचाव के तरीके,आंखों में होने वाली बीमारी तथा बच्चों के आँख जांच के तरीके की जानकारी विस्तार से दिया उन्होंने कहा कि शिक्षक अपने विद्यालय के बच्चों का प्रारम्भिक नेत्र जांच विद्यालय स्तर पर 30 जुलाई तक कर लें इसके बाद एक अगस्त से विस्तृत नेत्र जांच क्लस्टर स्तर पर किया जायेगा उन्होंने शिक्षकों को क्लस्टर स्तर पर होने वाले जांच की तिथि की जानकारी भी दिया उन्होंने कहा कि जांच के दौरान जिन बच्चों को देखने मे परेशानी होगी उन्हें विभाग द्वारा निशुल्क चश्मा उपलब्ध कराया जायेगा। प्रशिक्षण में सुधीर चौबे, अविनाश सहाय, अखिलेश प्रसाद, कुंदन कुमार, अविनाशचंद्र, नित्यानंद तिवारी, अलीम अंसारी, विनोद ठाकुर, अनूप कुमार विश्वकर्मा, कुमारी नीलम पांडेय, संध्या कुमारी, प्रियंका कुमारी, तस्लीमा खातून, राजनाथ राम, अखौरी प्रवीण कुमार सिन्हा, गोविंद सिंह, भीम सिंह, अरविंद प्रताप देव, भूपेंद्र प्रताप देव, नेसार अहमद सहित लगभग 50 शिक्षक उपस्थित थे।

# ग्रामीणों दी गयी वित्तीय साक्षरता की जानकारी



**मेराल (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के हासनदाग पंचायत सचिवालय में शुक्रवार को स्वयंसेवी संस्था अग्रगति रामगढ़ झारखंड द्वारा स्थानीय ग्रामीणों के साथ बैठक कर वित्तीय साक्षरता की जानकारी दी गयी। इस बैठक में मुख्य रूप से सीएफएल कोऑर्डिनेटर गुरूदेव विश्वकर्मा और प्रशिक्षिका अंजू कुमारी द्वारा भारत सरकार द्वारा चलायी गयी महत्वकांक्षी योजना पीएमएसबीवाई, पीएमजेजेबीवाई, एपीवाई नियमित बचत, जनधन खाता, साइबर क्राइम, फ्रॉड कॉल के तौर -तरीके एवं इससे बचने का उपाय बताया गया। साथ ही आरबीआई द्वारा जारी टॉल फ्री नंबर 155260,14448 एवं 1930 उपस्थित लोगों को उपलब्ध करवाया गया ताकि साइबर क्राइम जैसी घटना होने पर शिकायत कर समाधान करवाया जा सके। इस वित्तीय साक्षरता अभियान कार्यक्रम में एसबीआई गढ़वा के एफएलसी निरंजन तिवारी जेआरजी बैंक गढ़वा के एफएलसी राजीव रंजन दूबे ने लोगों को जनधन खाता, बचत खाता, बीमा योजना की राशि क्लेम करने की प्रक्रिया को भी बताया ताकि किसी तरह के दुर्घटना या मृत्यु होने पर इस योजना का लाभ लें, इसके लिए मृत्यु होने के 30 दिनों के अंदर बैंक को लिखित सूचना करने की अपील की गई। मौके पर अनीता भारती, रानी देवी, चांदो देवी, कुमारी बिभा भारती, सोनी देवी सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

सं0 संख्या–5/प्रशि0(शिक्षु)–01/2022 Part-III
**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,**
**निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड, राँची**

निदेशालय पत्रांक 1089 दिनांक 05.07.2024

**Apprenticeship Mela सूचना दिनांक 08०07०2024**

"Apprentices Act 1961" के तहत Regular and contractual सहित 30 एवं 30 से अधिक कामगारों वाले औद्योगिक प्रतिष्ठानों द्वारा 2.5–15 प्रतिशत बैण्ड में अप्रेन्टिस रखना अनिवार्य है। एक्ट का अनुपालन नहीं करने वाले प्रतिष्ठानों के लिए दण्ड का भी प्रावधान है।

MSDE भारत सरकार एवं श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग झारखण्ड द्वारा राज्य के विभिन्न जिलों में दिनांक 08.07.2024 को PM Apprenticeship Mela का आयोजन निम्न प्रकार किया गया है:–

| Sl No. | District Name | PMNAM Mela Center Name | Name of the State/ Center co-ordinator | Designation | E mail-Id | Contact No. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Gumla | B.S. College, Gumla | Sri Sriram Bari | Employment Officer | srirambari@gmail.com | 9835978822 |
| 2 | Lohardga | Baldeo Sahu College, Lohardga | Sri Ashwini Kumar Singh | District Employment Officer | emplohardaga@gmail.com, ashwini6351kumar@gmail.com, | 7631151391 |
| 3 | Simdega | Parwati Sharma Inter Mahila College, Simdega | Smt Asha Maxima Lakra | Employment Officer | ashamaximalakra@gmail.com | 8877169542 |
| 4 | East Singhbhum | RVS Educational Trust (RVS Col lege of Engineering & Technology, Jamshedpur) NH-33, Bhillai Pahari, Edalbera, Jamshedpur | Sri Ajay Kumar | Employment Officer | ajaykumar81280@gmail.com | 8340404316 |
| 5 | Saraikela-Kharsawan | Singhbhum College, Chandil | Sri Ravi Kumar | District Employment Officer | deosrkemp@gmail.com, flexi.ravi@gmail.com, | 9199567051 |

उपर्युक्त PMNAM में एक्ट के अन्तर्गत आने वाले, राज्य के निबंधित MSME/Manufacturing Sector/Service Sector एवं अन्य सभी प्रकार के प्रतिष्ठान/उपक्रम यथा–होटल/रेस्टोरेंट/शॉपिंग मॉल/हॉस्पिटल/कोचिंग सेन्टर/ऑथोराईज्ड सर्विस सेन्टर/बैंक इत्यादि भाग लेकर अपना पंजीकरण करा सकते हैं, एवं Apprentices का चयन कर सकते हैं।

उपर्युक्त मेले में एक्ट के अन्तर्गत आने वाले सभी प्रतिष्ठानों एवं तकनीकी प्रशिक्षणार्थियों (आई0 टी0 आई0/डिप्लोमा/इंजीनियरिंग/Short term Skill etc./ एवं गैर तकनीकी छात्रों (5वीं से स्नातक आदि) का अप्रेन्टिसशिप पोर्टल https://www.apprenticeshipindia.gov.in पर पंजीकरण कराया जायेगा, एवं आवश्यकतानुसार प्रतिष्ठानों द्वारा अप्रेन्टिसों का चयन किया जायेगा।

अतः एक्ट के अन्तर्गत आने वाले सभी प्रतिष्ठान अप्रेन्टिसशिप Vacancy के साथ मेले में भाग लेना सुनिश्चित करें, एवं छात्रों/प्रशिक्षणार्थियों से अपील किया जाता है कि मेले में भाग लेकर योजना का सम्पूर्ण लाभ उठायें।

अधिक जानकारी के लिए नोडल सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के प्राचार्य/संबंधित जिला नियोजन पदाधिकारी से सम्पर्क किया जा सकता है।

ह0/–
उप निदेशक प्रशिक्षण(मु0)
निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड, राँची

PR 328789 Labour Employment and Traning(24-25)#D

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 06 जुलाई, 2024
www.azadsipahi.in
08

# राहे में 14 लाख की चार योजनाओं का शिलान्यास



आजाद सिपाही संवाददाता

**सोनाहातू।** विधायक सुदेश महतो ने शुक्रवार को राहे प्रखंड के राहे गांव में दो पीसीसी, गोमदा गांव में गार्डवाल और कोकरोडीह एक पीसीसी सड़क निर्माण का शिलान्यास किए। विधायक निधि से सभी योजनाओं को 14 लाख से किया जायेगा। शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए विधायक सुदेश महतो ने कहा कि गांव में शिक्षा और स्वास्थ्य पर गुणात्मक सुधार किया जा रहा है। शिक्षा को लेकर हाई स्कूल और मिडिल स्कूल में स्मार्ट क्लास, स्टूडेंट्स बस सेवा, लाइब्रेरी, आदि की सुविधा दिया जा रहा है। स्वास्थ्य को लेकर हर पंचायत में स्वास्थ्य उपकेंद्र को विकसित किया जा रहा है। हर घर मे शुद्ध पेयजल पहुंचाने का काम किया जा रहा है। प्रखंड के सभी जर्जर सड़क का मरम्मत किया जायेगा। गांव में राजनीतिक जागरूकता लाने का काम किया गया है। योजनाओं के माध्यम से हम गांव में भरोसा देने का काम कर रहे है। हमारा लक्ष्य सकारात्मक सोच के साथ जेनरेशन को विकसित करना है। मौके पर बीडीओ मनोज महथा, प्रभारी संजय सिद्धार्थ, बबलू खान, मीरा महतो, वीरेंद्र महतो, प्रमोद सिंह, मनोरंजन भोगता, मनोज चटर्जी, मुखिया कृष्ण पातर, बुधराम मुंडा, मौजूद थे।

# हब बनेगा खूंटी, खिलाड़ियों को मिलेगी बेहतरीन सुविधाएं : कालीचरण मुंडा

**खेल समाप्ति के पश्चात विजेता टीम को सांसद ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** मुरहू प्रखंड की रूमुतकेल पंचायत के सोकोय खेल मैदान में आयोजित तीन दिवसीय हॉकी प्रतियोगिता का समापन शुक्रवार को हो गया। समापन समारोह में स्थानीय सांसद कालीचरण मुंडा बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। सांसद के सोकोय पहुंचते ही उनका पारंपरिक ढ़ंग से स्वागत किया गया। खेल के पूर्व सांसद ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और खेल के प्रति उनका उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता के समापन समारोह को संबोधित करते हुए सांसद कालीचरण मुंडा ने कहा कि खेल हमें जीने के तरीके सिखाता है। इसके नियमों को अपने जीवन मे भी उतारना चाहिए। जिस तरह खिलाड़ी मैदान में अंतिम क्षण तक हार नहीं मानते, जीतने के लिए संघर्ष करते हैं, उसी प्रकार हमें अपने जीवन में भी जीत के लिए अंतिम समय तक संघर्ष करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि खेल से शारीरिक विकास के साथ मानसिक विकास भी होता है। प्रतियोगिता की भावन जागृत होती है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों मे भी खेल संसाधनों की कमी के बावजूद खिलाड़ी जिस तरह खेल दिखाते है काबिले तारीफ है। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वास्थ्य के लिए तन और मन को सौंदर्यता का बोध कराने की एक मजबूत कड़ी हैं। खेल को खेल भावना और अनुशासित होकर खेलना चाहिए। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी खेल को हमेशा अनुशासन में रहकर खेलें। खेल में जीत या हार महत्वपूर्ण नही होता, खेल को खेल के भावना से खेलना महत्वपूर्ण होता है। सांसद ने कहा कि खूंटी के खिलाड़ियों में ऊर्जा की कोई कमी नहीं है। युवाओं में खेल प्रतिभा को निखारने के लिए में हर संभव प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कहा, खेल को बढ़ावा देने के लिये सांसद निधि से कार्य करूंगा और खिलाड़ियों को मजबूत करूंगा। खूंटी को खेल का हब बनाने का पुरजोर प्रयास करूंगा।



खेल समाप्ति के पश्चात विजेता टीम को सांसद ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मौके पर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा, पीटर मुंडू, कांग्रेस सहकारिता प्रकोष्ठ के महासचिव मो नईमुद्दीन खान, जोन हेरेंज, कांग्रेस के मुरहू प्रखंड अध्यक्ष ग्रामीण वेषभूषा में पहुंचे सांसद सोकोय गांव में आयोजित हॉकी प्रतियोगिता में सांसद गंवई अंदाज में पहुंचे। माथे पर सफेद पगड़ी, पैरों में हवाई चप्पल, टी-शर्ट और साधरण पैंट पहनकर सांसद कालीचरण मुंडा ग्रामीणों के बीच नजर आये।

# रविंद्र लोहरा साढ़े चार वर्ष बाद अपने घर लौटा



आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** तमाड़ के नुरीडीह गांव के रविन्द्र लोहरा साढ़े चार वर्ष बाद अपना घर लौटा। वह 2020 जनवरी में अपने दिमागी हालत खराब रहने से घर से निकल गया था। काफी खोजबीन के बावजूद रविन्द्र लोहरा का कहीं पता नहीं चला। तमाड़ थाने में लापता होने का रपट भी लिखाया गया था। भटकते हुए रविंद्र नेपाल बोर्डर पहुंच गया था। एक सामाजिक संगठन नेपाल के कार्यकर्ताओं का रविन्द्र लोहरा पर पड़ा। कार्यकर्ताओं ने रविन्द्र लोहरा को आश्रम ले गया जहां ईलाज कराया गया। ईलाज कराने पर उसकी दिमागी हालत ठीक हो गयी रविन्द्र लोहरा ने गांव नुरीडीह सहित पूरा पता, अपने पिता जागरण लोहरा माता प्रमिला देवी, भाई शशि प्रकाश लोहरा का नाम बताया। इस प्रकार सेवा आश्रम के लोगों ने वाट्सएप के माध्यम से रविन्द्र लोहरा का फोटो के साथ पता शेयर किया। पूर्व सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह मुंडा ने अपने गांव के मामले को पुर्व मंत्री अर्जुन मुंडा को जानकारी देते हुए उन्हें लाने में मदद करने का आग्रह किया। पूर्व मंत्री अर्जुन मुंडा सकारात्मक प्रयास और मानव सेवा आश्रम वीर गंज नेपाल के कार्यकताओं के सहयोग से आज रविन्द्र लोहरा को पूर्व मंत्री अर्जुन मुंडा के रांची स्थित आवास तक पहुंचाया गया जहां पूर्व सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह मुंडा सहित रविन्द्र लोहरा के माता भाई और बहन ने उनका स्वागत किया।

# हरि मंदिर में 13 को होगी विपदतारिणी पूजा



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** शहर के प्रसिद्ध हरि मंदिर में बंग समुदाय द्वारा 13 जुलाई को विपदतारिणी की पूजा धूमधाम से की जायेगी। इसकी तैयारी जारों पर है। इसकी जानकारी देते हुए मंदिर ट्रस्ट के सैकत कुमार दास ने बताया कि यह अनुष्ठान मां दुर्गा के 108 स्वरूपों में एक है। माता विपद तारिणी की पूजा महिलाएं अपने सुहाग की रक्षा और पति की दीघार्यु तथा बच्चों को विपदाओं से दूर रखने के लिए करती हैं। बंगाली समाज की महिलाओं द्वारा विशेष रूप से श्रद्धापूर्वक मां विपद तारिणी की पूजा हर साल रथ यात्रा के बाद मंगलवार या शनिवार को की जाती हैं। इसमें महिलाएं निर्जला उपवास रहकर श्रद्धा एवं भक्ति भाव से मां विपत्तारिणी की पूजा-अर्चना करती है। पूजा में 13 तरह के फल, फूल, और मिठाई आदि 13 तरह की वस्तुओं से की जाती है। यह अनुष्ठान सदियों से होती आ रही हैं।

दुर्गा के कुछ अन्य स्वरूपों की तरह विशिष्ट संकट के समय या बीमार परिवार के सदस्य की मदद के लिए यहअनुष्ठान किया जाता है और विपत्तरिणी को भी इलाज करने वाली देवी के रूप में प्रार्थना की जाती है।

# डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में मनाया गया वन महोत्सव



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में शुक्रवार को वन महोत्सव मनाया गया। इस मौके पर स्कूल की प्राचार्य डॉ.आर चौधरी सहित स्कूल के सभी शिक्षकों के अलावा छोटे-छोटे बच्चों ने स्कुल प्रागंण मे वृक्षारोपण किया। स्कूल की प्राचार्य डॉ. आर चौधरी के नेतृत्व मे आयोजित इस कार्यक्रम मे स्कूल के कक्षा बाल वाटिका से कक्षा दुसरी तक के सभी बच्चे शामिल हुए। इस दौरान शिक्षकों के साथ बच्चों ने बारी-बारी से पौधा लगाया। इस दौरान बच्चों में भी काफी उत्साह देखा गया। वन महोत्सव को लेकर छोटे-छोटे बच्चे भी कई तरह के पोशाक पहनकर स्कूल पहुंचे थे जो आकर्षण का केंद्र बना हुआ था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्कूल की प्राचार्य डॉक्टर आर चौधरी ने कहा कि वन महोत्सव मनाने का मुख्य उद्देश्य बच्चों में पेड़ पौधे के प्रति लगाव रखना और पेड़ पौधे लगाने के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस तरह के आयोजन से बच्चों को कई प्रकार की जानकारी मिलती है और बच्चों का मनोबल भी बढ़ता है।उन्होंने कहा कि वर्तमान में पर्यावरण की रक्षा के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने की जरूरत है। पर्यावरण की हरियाली हम सभी के लिए वरदान है।

## कोयलकारो जनसंगठन की 29वीं वर्षगांठ पर जल-जंगल-जमीन की रक्षा का लिया संकल्प

# जल-जंगल-जमीन की रक्षा के लिए आठ लोगों ने बलिदान दिया है : सुदीप गुड़िया

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** कोयलकारो जनसंगठन की 29वीं वर्षगांठ के मौके पर हजारों ग्रामीणों ने तपकरा में सकंल्प सभा का आयोजन कर जल, जंगल और जमीन की रक्षा का संकल्प लिया। तपकारा और आसपास के दर्जनों गांवों के हजारों ग्रामीणों ने जल, जंगल व जमीन की रक्षा की रक्षा के नारे लगाये। कार्यक्रम के पूर्व तपकरा बलिदान स्थल पर तपकरा गोलीकांड में मारे गये बलिदानियों को श्रंद्धाजलि दी गयी। सभा को संबोधित करते हुए झामुमो नेता सुदीप गुड़िया ने कहा कि कोयलकारो जनसंगठन के साथियों ने जल, जंगल और जमीन की रक्षा करने का जो वादा किया था, उसे जान देकर निभाया। झारखंड उलगुलान संघ के संयोजक एलेस्टर बोदरा ने कहा कि यह आंदोलन हमें प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि महाविनाशकारी कोयलकारो परियोजना का अपार जनसमूह द्वारा एकजुट होकर किए गए विरोध की जीत है कि ये योजना रुक गयी। विगत कई वर्षों से जनसंगठन का आंदोलन निरंतर जारी है, जो नई पीढ़ी के साथ आगे भी जारी रहेगी। कोयल कारो जनसंगठन के क्षेत्रीय अध्यक्ष सोमा मुंडा ने कहा कि तपकरा गोलीकांड एक काला अध्याय है। अपनी माटी की रक्षा के लिए इस घटना में आठ आंदोलकारी साथियों ने अपना बलिदान दिया था और 36 लोग घायल हुए थे।



जल, जंगल और जमीन की रक्षा की लड़ाई जनसंगठन आगे भी जारी रखेगा। सभा को आशीष गुड़िया, कुलन पतरस आईद, जुरसेन गुड़िया, कुर्बान खान, दीपक भुइंया, मदन सिंह, सामुएल पूर्ति सहित अन्य वक्ताओ ने भी संबोधित किया। सभा की अध्यक्षता पड़हा राजा हाबिल गुड़िया और संचालन सुमित गुड़िया और अग्सतुन डहंगा ने किया।

# उत्तराखंड में मारे गये मजदूर के घर पहुंचे विधायक, राशन मुहैया कराया



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तोरपा के विधायक कोचे मुंडा ने रोजगार की तलाश में उत्तराखंड गये और दुर्घटना में मारे गये तोरपा थाना क्षेत्र के डोड़मा खिजुरटोली निवासी मसीह प्रकाश भेंगरा के स्वजनों से शुक्रवार को मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने मसीह प्रकाश के परिवार वालों से घटना के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने तोरपा के प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया कि मृतक कें परिजनों को जल्द से जल्द सरकारी लाभ दिलायें। मौके पर विधायक ने मसीह प्रकाश भेंगरा के स्वजनों को अपनी ओर से राशन और अनय खाद्य सामग्री उपलब्ध करायी।

## संजीव कुमार बने पिपरवार क्षेत्र के नये महाप्रबंधक



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक सीबी सहाय का सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस में तबादला कर दिया गया है। जबकि उनके स्थान पर सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस के जीएम संजीव कुमार को पिपरवार क्षेत्र का नया महाप्रबंधक बनाया गया है। सीसीएल मुख्यालय के द्वारा इससे संबंधित आदेश को जारी कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक सीबी सहाय दो महीने के बाद सेवानिवृत हो रहे हैं,जिसको देखते हुए उन्हें सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस तबादला किया गया है, वही सीसीएल मुख्यालय के सीएमसी विभाग में महाप्रबंधक के पद पर कार्यरत संजीव कुमार को पिपरवार क्षेत्र का नया महाप्रबंधक नियुक्त किया गया है। ज्ञात हो कि जीएम संजीव कुमार इससे पूर्व पिपरवार क्षेत्र मे मैनेजर के पद पर कार्य कर चुके है और उन्हें पिपरवार क्षेत्र का अनुभव है।

## भाजपा नेता कमलेश राम ने सर्पदंश से पीड़ित महिला के इलाज में किया सहयोग

**खलारी (आजाद सिपाही)।** भाजपा एस.सी मोर्चा के झारखंड प्रदेश मंत्री कमलेश राम ने सर्पदंष से पीड़ित राय निवासी ललिता देवी से रिम्स अस्पताल में जाकर उनका हाल-चाल लिया और उनके इलाज में में हर संभव सहयोग की बात कही। मालुम हो कि ललिता देवी को दो दिन पुर्व जहरीले करैत सांप ने डस लिया था। इसी दौरान गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय के संस्थापक सह सचिव गणेश कुमार महतो ने कमलेश राम को फोन के माध्यम से सूचना दिया। सुचना मिलते ही कमलेश राम रिम्स अस्पताल गये और ललिता देवी को एडमिट कराया और उनका जरूरी इलाज शुरू कराया। ललिता देवी के पति संतोष करमाली का निधन पिछले कुछ महीने पुर्व हो चुका है।

# एक फसली खेती को धीरे-धीरे द्विफसली खेती में परिवर्तित करना जरूरी: उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभागार में शुक्रवार को आत्मा शासकीय निकाय और जिला स्तरीय खाद्य एवं पोषण सुरक्षा कार्यकारिणी समिति की बैठक अयोजित की गयी। बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 में आत्मा और खाद्य और पोषण सुरक्षा योजना के तहत किये गये कार्यों की समीक्षा की गयी। इस दौरान आत्मा द्वारा कराये गये कार्यों को पावर पॉइट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य स्तर से प्राप्त वार्षिक कार्य योजना पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान उपायुक्त ने केवीके के वैज्ञानिक एवं प्रगतिशील किसानों से खेती में उत्पादन एवं रबी फसलों के अच्छादन संबंधी सलाह मांगी। वैज्ञानिक एवं किसानों ने लाह की खेती, मडुवा की थ्रेसिंग के लिए किसानों को मदद उपलब्ध कराने का सलाह दी गई। इस संबंध में उपायुक्त ने सहमति व्यक्त की। उन्होंने निर्देश दिया कि किसानों के प्रशिक्षण और परिभ्रमण कें लिए उनकी आवश्यकता का आकलन करते हुए कार्यक्रम तैयार किया जाय। उपायुक्त ने खेती की सघनता को बढ़ाने कें लिए रबी फसलों का रकबा बढ़ाने पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। रबी फसलों को बढ़ावा देने के लिए अधिक से अधिक कृषक गोष्ठी का आयोजन करने का निर्देश देते हुए कहा कि इसमें प्रगतिशील कृषक एवं प्रखण्ड के पदाधिकारियों को शामिल किया जाना चाहिए, ताकि जिले में एक फसली खेती को धीरे-धीरे द्विफसली खेती में परिवर्तित किया जा सके। उपायुक्त द्वारा निर्देशित किया कि विशेषकर अड़की, मुरहू एवं खूंटी के सभी हितधारकों के साथ यथाशीघ्र एक बैठक कर खरीफ के साथ रबी फसलों की खेती को बढ़ावा देने का प्रयास किया जाना चाहिए। किसान समृद्धि योजना एवं मिलेट मिशन योजना पर चर्चा के उपरांत उपायुक्त द्वारा किसानों को पुरस्कृत करने हेतु वैसे किसानों का चुनाव करने को कहा गया, जो रबी मौसम में अच्छी खेती कर आस-पास के किसानों क बीच एक उदाहरण पेश कर रहें हैं। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी, परियोजना निदेशक आत्मा, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, प्रतिनिधि महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र और स्वयंसेवी संस्था प्रदान के प्रतिनिधि उपस्थित थे।



## महत्वपूर्ण न्यूज

### बदलाव संकल्प महासभा का आयोजन

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** जेबिकेएसएस और जेएलकेएम द्वारा शनिवार को बदलाव संकल्प महासभा का आयोजन ताऊ हाई स्कूल मैदान बुंडू में होगा। इसमें पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष टाइगर जयराम महतो मुख्य अतिथि शामिल होंगे। इसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है। शुक्रवार को मैदान में अतिथियों के लिए बन रहे मंच और अन्य व्यवस्थाओं की तैयारियों का जायजा लेने आयोजन समिति के दमयंती मुंडा, भगीरथ सिंह मुंडा, मदन महतो, जयराम महतो, सुमित महतो, सुदेश महतो, बिपिन महतो, शरद महतो, सुदर्शन महतो पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया। महिला समिति के केंद्रीय अध्यक्ष दमयंती मुंडा ने कहा कि आयोजन की सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी है बदलाव संकल्प महासभा में कल हजारों की संख्या में लोग जुटेंगे, जो पांच परगना क्षेत्र में महासभा ऐतिहासिक होगा।

### अनियंत्रित ट्रेलर सड़क के नीचे खेत में पलटा



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के सिल्ली रांगामाटी सड़क पर डुमटांड़ मोड़ के पास कुईडीह में एक आयरण लदे अनियंत्रित ट्रैलर सड़क से नीचे करीब 10 फीट नीचे खाय में पटल गयी। हांलांकि चालक किसी तरह अपनी जान बचाने में सफल रहा। अनियंत्रित ट्रैलर आयरन लेकर जमशेदपुर से हजारीबाग जा रहा था, जहां कुईडीह के पास अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना शुक्रवार की अहले सुबह करीब दो बजे की बतायी जा रही है। घटना की सुचना मिलते ही ईचागढ़ पुलिस घटनास्थल पर पहुंची।

### जामुदाग पंचायत में स्कूली छात्र-छात्रों के बीच 137 साइकिल का किया गया वितरण



**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के जामुदाग मध्य विद्यालय में समारोह आयोजित कर स्कूली बच्चों के बीच उन्नति का पहिया कार्यक्रम के तहत निशुल्क साइकिल का वितरण किया गया। विभिन्न विद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया साइकिल वितरण की बीआरसी के इंद्रजीत बैठा के उपस्थिति में सांसद प्रतिनिधि दिलेश्वर कोईरी के द्वारा वितरण किया गया। मिडिल स्कूल जामुदाग के 107 छात्र-छात्राएं, चोगा मिडिल स्कूल के 26 छात्र-छात्राएं एवं मिडिल स्कूल कूदाडीह के 7 छात्र छात्राओं के बीच साइकिल बांटी गयी। मौके पर सभी स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थी।

### राजा पीटर ने बुनियादी सुविधाओं का किया निरीक्षण

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** तमाड़ के पूर्व विधायक व मंत्री गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर शुक्रवार को बासिदा स्थित अनुमंडल अस्पताल बुंडू दुसरे दिन भी पहुंचे तथा अस्पताल की बुनियादी सुविधाओं का निरीक्षण किया साथ ही यहां के चिकित्सा उपाधीक्षक डॉक्टर दिलीप पासवान से मुलाकात की उपाधीक्षक ने बताया कि अनुमंडलीय अस्पताल में डॉक्टर के लिए आवास की सुविधा नहीं है यहां गर्भवती महिलाओं का कोई सिजेरियन स्पेशलिस्ट नहीं है। ना ही हड्डी रोग का कोई स्पेशलिस्ट है। अनुमंडलीय अस्पताल को दो भागों में बांटा गया है। एक भाग बुंडू बाजार स्थित पुरानी भवन में चलाया जा रहा है तथा दूसरा भाग बासिदा अस्पताल में चलाया जा रहा है बासिदा स्थित अस्पताल में चिकित्सकों के साथ अभद्र व्यवहार होने पर कोई मदद की गुंजाइश नहीं है इसे देखते हुए पूर्व मंत्री राजा पिटर ने जिला चिकित्सा पदाधिकारी से शिकायत की तथा यहां की समस्याओं के बारे में बताय।

### आजसू ने किया हल्ला बोल कार्यक्रम



**चांडिल (आजाद सिपाही)।** आजसू पार्टी द्वारा राज्यभर में किए जा रहे हल्ला बोल कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को चांडिल प्रखंड मुख्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इससे पहले बीते तीन दिन में ईचागढ़, कुकड़ू तथा नीमडीह प्रखंड मुख्यालय में कार्यक्रम हुआ। चांडिल प्रखंड मुख्यालय में हल्ला बोल कार्यक्रम के बाद आजसू पार्टी की ओर से अंचलाधिकारी को 16 सूत्री मांगों के समर्थन में ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर केंद्रीय सचिव सत्यनारायण महतो, दुर्गा महतो, आरती सिंह, तत्कालीन प्रमुख अमला मुर्मू, भरत महतो, प्रखंड अध्यक्ष दुर्योधन गोप, बासुदेव प्रमाणिक, पुलक सथपति, अजय महतो, बुद्धेश्वर महतो, माधव सिंह मुंडा, रेणुका पुराण, रेखा प्रमाणिक, दिलीप प्रमाणिक, आशुतोष महतो, शिवचरण महतो, गोपेश महतो, तुलसी महतो, भगत सिंह मुंडा, प्रदीप गिरी, काला चांद कुम्हार, देवा कुम्हार, सुभाष महतो, रामप्रसाद महतो, कानगू महतो, गुरुपद मंडल मौजूद थे।

### पर्यावरण को बचाना हम सभी का कर्तव्य है : सिस्टर जयंती



**खलारी (आजाद सिपाही)।** उसूर्लाइन कॉन्वेंट स्कूल में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी वन-महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय की एनवायरनमेंट कमिटी तथा शिक्षक नॉर्बरता टोप्पो और मुकेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में कक्षा सात के विद्यार्थियों ने वन-महोत्सव के कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए एक पौधा माँ के नाम थीम पर आयोजित कार्यक्रम को समर्पित किया। वहीं कक्षा सात के विद्यार्थियों ने पर्यावरण से संबंधित लघु नाटिका हवा और पानी का मुकदमा का मंचन किया। इसके बाद सभी ने पर्यावरण को बचाने तथा प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विद्यालय के अन्य विद्यार्थी अपने साथ छोटे-छोटे पौधे लेकर आये थे, जिसे उन्होंने विद्यालय को दिया ताकि उन्हें लगाया जा सके। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से विद्यालय के पूर्व छात्र शाष्वत कुमार को आमंत्रित किया गया था। शाष्वत कुमार पूर्व हेड बॉय रह चुके है। षाष्वत ने विद्यालय से मैट्रिक की परीक्षा बेहतर नंबरों से पास होकर राँची के सैंट जेवियर कॉलेज में एडमिशन लिया। बाद में कैट की परीक्षा उत्तीर्ण करके उसका चयन जेवियर इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल साइंस (एक्सआइएसएस) में हो गया जहाँ पढ़ाई के दौरान ही स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत इंटर्नशिप के लिए उसे बेल्जियम की राजधानी ब्रुसेल्स भेजा गया। जिसमें भारत से सिर्फ.दो ही विद्यार्थियों का चयन किया गया जिसमें एक शाष्वत भी था। प्राचार्या सिस्टर जयन्ती ने इस उपलब्धि के लिए विशेष रूप से शॉल ओढ़ाकर शाष्वत को सम्मानित किया।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 06 जुलाई, 2024
www.azadsipahi.in


# शिक्षक की अमानवीयता, माता-पिता से बात करवाने की जिद व स्कूल से भागने की कोशिश करने पर हॉकी स्टीक से पीटा

## दोनों हाथ पीछे की ओर बांध कर स्कूल में घुटनों के बल चलवाने का आरोप, अभिभावकों में आक्रोश

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** प्रखंड के तेतर टोली गांव में संचालित बचपन बिरसा स्कूल में एक शिक्षक की अमानवीय हरकत सामने आई है। दो बच्चों द्वारा अपने माता-पिता से बात कराने की बात कहने मात्र से शिक्षक आक्रोशित हो उठे। उन्होंने दोनों मासूम बच्चों को उनके हाथ पीछे बांधकर घुटने के बल स्कूल परिसर में चलवाया। ऐसा नहीं कर पाते पर हॉकी स्टिक से दोनों की जमकर पिटाई भी की गयी। बच्चों की पहचान राहुल उरांव (12) और मनीष उरांव (10) के रूप में हुई है। दोनों रोगो गांव के रहने वाले हैं। राहुल और मनीष कक्षा 4 में पढ़ते हैं। दोनों का 18 जून को बेड़ो तेतर टोली स्तिथ बचपन बिरसा में आवासीय व्यवस्था की गयी थी। पर तीन दिन बाद यानी 21 जून को दोनों बच्चों को अपने माता-पिता व घर की याद आने लगी। उन लोगों ने प्रधानाध्यापक से अपने माता-पिता से बात कराने की बात कही, लेकिन बच्चों को उनके माता-पिता से बात नहीं कराया गया। बार-बार बात करने की जिद्द करने पर शिक्षक ने दोनों बच्चों को भगा दिया। शिक्षकों की बेरूखी से हताश दोनों बच्चों के मन में स्कूल से भागने की इच्छा हुई। दोनों स्कूल की दीवार फांद कर भाग गए। पर शिक्षक को इसका पता चल गया। उन्होंने दोनों बच्चे को अन्य शिक्षकों की मदद से पकड़ लिया। उन्हें स्कूल लाकर हॉकी स्टिक से खूब पीटा और दोनों के हाथ पीछे बांधकर घुटनों के बल स्कूल परिसर में चलने को कहा गया। जब दर्द से दोनों बच्चे चल नहीं पाये तो उन्हें फिर से हॉकी स्टिक से पीटा गया। जिससे दोनों के घुटनों में चोट के बड़े-बड़े निशान आ गए। जबकि कलाई में रस्सी से बांधने से काले निशान पड़ गये। पिठ और हाथ में हॉकी से पिटाई की निशान उभर आए। इसके बावजूद दोनों मासूमों का इलाज नहीं करवाया गया। वहीं बच्चों के अभिभावक को भी सूचना नहीं दी गयी। 10 दिनों के बाद शिक्षक ने अभिभावकों को इसकी जानकारी दी कि उन्हें चोट लगी है। इधर, दोनों बच्चों के अभिभावक स्कूल पहुंचने पर शिक्षक ने हल्की चोट लगने की बात कही। पर उनसे मिलने नहीं दिया गया। अभिभावकों द्वारा जिद्द करने पर उन्हें मिलने दिया गया। तब उन्होंने बच्चों की हालत देखी। दोनों मासूम के घुटनों पर चोट के निशान दिथे। इसके बाद अभिभावकों व शिक्षक के बीच गरमा गर्म बहश हो गयी। जिसके बाद बच्चों को लेकर दोनों के अभिभावक अपने घर चले आये। उनका इलाज करा रहे है। इसकी जानकारी गुरुवार को वार्ड सदस्य बबलू लोहरा को मिली तो उन्होंने दोनों बच्चों व अभिभावकों का बीडीओ बनाकर बेड़ो स्थानीय व्हाट्सएप ग्रुप चलाने वालों को दे दिया। पर शुक्रवार का दीना बीच जाने के बावजूद प्रखंड के कोई भी अधिकारी या जनप्रतिनिधि इन गरीब अभिभावकों के दोनों बच्चों को न्याय दिलाने के लिए सामने नहीं आये। जबकि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत विद्यालय में पढ़ने वाले किसी भी बच्चे की पिटाई नहीं की जा सकती। उधर, घटना के बाद से दोनों बच्चे काफी डरे हुए हैं। वहीं, घटना को लेकर अभिभावकों में रोष है। ग्रामीणों ने कहा है कि हम ऐसी अमानवीय घटना की निंदा करते हैं। जिला प्रशासन से मांग है कि इसे गंभीरता से लेकर कार्रवाई की जाए।

## अनगड़ा पुलिस की बर्बरता

# निर्दोष दलित युवक की बेरहमी से पिटाई



आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** पुलिस की बर्बरता एक बार फिर उजागर हो गयी। कथित रूप से निर्दोष चिलदाग गांव निवासी राहुल नायक नामक युवक को जबरन थाने ले जाकर बेवजह बुरी तरह पिटाई किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस पर लाठी-डंडो बुरी तरह पिटने का आरोप लगा है, जिससे उसकी हालत नाजुक बन गई है। उसके शरीर के कई हिस्सों में गहरी चोट लगी है। शरीर काला पड़ गया है। युवक का कसुर सिर्फ इतना था कि वह प्रेम प्रसंग के एक मामले के आरोपी शाहिल नायक का बड़ा भाई है। आरोपी शाहिल एक युवती को लेकर कहीं फरार हो गया है। जिस खोज पाने में पुलिस विफल रही है। जिसके बाद अनगड़ा थाना प्रभारी एवं अन्य पुलिसकर्मी गत एक जुलाई की रात अचानक उसके घर पहुंच गये और जबरन राहुल एवं उसके पिता को उठाकर थाने ले आए। पूछताछ के बाद पिता को तो छोड़ दिया, लेकिन राहुल नायक को तीन दिन तक हाजत में रखकर लगातार पीटा गया। जिससे उसके दोनों हाथों की हथेली और जांघों में गहरे जख्म के निशान उभर गए हैं। कथित रूप से जातीसूचक गाली भी दी गयी। बताया जा रहा कि तीन दिन बाद उसे थाना परिसर से बाहर फेंक दिया गया। वह किसी तरह घायल अवस्था में अपने घर पहुंचा। बाद में उसे इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया, जहां प्रभारी चिकित्सक ने इलाज करने से मना कर दिया। फिलहाल गैरसरकारी अस्पताल में राहुल का इलाज चल रहा है। शुक्रवार को राहुल ने एसएसपी को आवेदन देकर दोषी पुलिसकर्मियों के विरूद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### ओरमांझी के उपमुखिया को मातृशोक



ओरमांझी (आजाद सिपाही)। ओरमांझी के उपमुखिया एवं भाजपा ओबीसी मोर्चा कोषाध्यक्ष संतोष गुप्ता की मां चमेली देवी का रिम्स अस्पताल में ईलाज के दौरान शुक्रवार की सुबह चार बजे निधन हो गया। इसकी सूचना मिलते ही राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, पूर्व विधायक रामकुमार पहान, शिव शिष्य परिवार के अचिंत आनन्द प्रमुख अनुपमा देवी, पूर्व उपप्रमुख जयगोविंद साहू, सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता, मुखिया दीपक बडाईक, रमेश बेदिया, विनोद बेदिया, पंसस ललीता देवी, प्रवेश भोक्ता, कामेश्वर बेदिया, दुर्गा शंकर साहू, उमाशंकर साहू, शंकर लाल गुप्ता, नीरज पाण्डे, आनंद महतो, शशी मेहता, शिवा गुप्ता, सुंदर नायक, प्रकाश महतो आदि ने शोक प्रकट किया है।

### माउंट कार्मल स्कूल में सीआइएससीइ रांची जोनल योगा प्रतियोगिता का भव्य आयोजन



ओरमांझी (आजाद सिपाही)। माउंट कार्मेल स्कूल ओरमांझी में रांची जोनल योगा प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में जनरल सेक्रेटरी, योगासन स्पोर्ट एसोसिएशन झारखंड विपिन पांडेय के अलावा डीएसओ शिवेंद्र कुमार सिंह, धनबाद योगा के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। जिसमें रांची जोन के आईसीएसई बोर्ड के 13 विद्यालय के 233 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। विपिन पांडे ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से योगा को ओलंपिक में जगह दिलाने की कोशिश की जा रही है। साल 2036 में होने वाले ओलंपिक में योग को शामिल किए जाने की उम्मीद है। उन्होंने माउंट कार्मल विद्यालय को सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। इस मौके पर प्रेसिडेंट योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन धनबाद के मनोज कुमार सिंह, रांची डीएसओ शिवेंद्र कुमार सिंह, फादर मैथ्यू निदेशक माउंट कार्मल स्कूल, प्राचार्य माउंट कार्मल स्कूल सिस्टर ब्रिजिट ने भी बच्चों की प्रतिभा की सराहना की और उनका उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम में निश्चल, सतेंद्र सर अरुण सर, सुनील, दत्ता सर, पूजा मैम, फिरोज आदि मौजूद थे।

### बारिश से किसानों को राहत, धान की रोपनी शुरू



बेड़ो (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में बुधवार व गुरुवार दो दिनों की वर्षा से किसानों को काफी राहत मिली है। प्रखंड के चरिमा गांव के किसान गंदरू कुजूर ने वर्षा होने के बाद खेत तैयार कर धान की रोपाई में जुट गए हैं। प्रखंड के आसपास के गांवों में जगह-जगह धान की खेती में किसान जुटे हुए हैं। वहीं खेतों की जोताई व मेढ़ बंदी का काम चहुंओर दिखाई देने लगा है। चरिमा गांव के किसान गंदरू कुजूर ने बताया कि समय से धान की रोपाई पर ही पूरे वर्ष की खेती निर्भर रहती है। वर्षा के बाद अब कृषि कार्य जोर पकड़ लिया है। किसानों में चहल-पहल बढ़ गई है। किसान कुदाल के साथ खेतों पर अपनी उपस्थिति मौजूद करवा रहे हैं। किसानों का कहना है कि वर्षा अगर इसी तरह होती है तो रोपाई कार्य काफी तेजी शुरू हो जाएगा।

### भाजपा नेता संजय नायक ने मृतक के परिजनों को किया आर्थिक सहयोग



अनगड़ा (आजाद सिपाही)। साल्हन गांव निवासी सदानंद स्वांसी की मृत्यु विगत दिनों बीमारी की वजह से हो गई थी। मृतक बेहद गरीब और घर का एक मात्र कमाउ सदस्य था। इसकी सूचना पाकर शुक्रवार को भाजपा एससी मोर्चा के जिला महामंत्री संजय नायक मृतक के घर पहुंचे तथा परिजनों को सांत्वना दी। उन्होंनें मौके पर मृतक के श्राद्धकर्म के लिए परिजनों को खाद्य सामग्री एवं नकद आर्थिक सहयोग प्रदान किया। मौके पर जिला मीडिया प्रभारी रामसाय मुण्डा, अजय करमाली, तुलसी महतो आदि मौजूद थे।

## झारखंड प्रवास के दौरान ओरमांझी पहुंचे केंद्रीय कृषि मंत्री, कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

# झारखंड में इस बार बनेगी भाजपा की सरकार : शिवराज सिंह चौहान

**मुखिया दीपक बड़ाइक ने ओरमांझी बाजार के सुंदरीकरण कर डेली मार्केट में परिणत करने को लेकर केंद्रीय मंत्री को ज्ञापन सौंपा**

आजाद सिपाही संवाददाता



ओरमांझी पहुंचे केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का स्वागत करते भाजपाई।

**ओरमांझी।** झारखंड प्रवास के दूसरे दिन शुक्रवार को केंद्रीय कृषि मंत्री सह भाजपा झारखंड चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ओरमांझी मंडल अध्यक्ष के आवास पहुंचे। जहां कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए केंद्रीय मंत्री ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के निमित राज्यसभा सांसद प्रो आदित्य प्रसाद साहू और कार्यकर्ताओं के साथ पौधारोपण किया। लगे हाथ केंद्रीय मंत्री ने राज्य की हेमंत सोरेन की भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकने और राज्य में भाजपा की सरकार बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के बीच शिवराज सिंह चौहान ने भाजपा ओरमांझी मंडल अंतर्गत लोकसभा चुनाव में अच्छे मतों से बूथ पर लीड करने वाले पांच बूथ अध्यक्ष को सम्मानित भी किया। जबकि मुखिया दीपक बड़ाइक ने ओरमांझी में लगने वाले बाजार के सुंदरीकरण कराते हुए डेली मार्केट में परिणत करने को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष आरती कुजूर, रांची जिला ग्रामीण अध्यक्ष सुरेंद्र महतो, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, खिजरी के पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, अमरनाथ चौधरी, मानकी राजेंद्र साही, रणधीर चौधरी, मनोज चौधरी, अलख नाथ महतो, सुनील महतो, शशि भूषण साहू, राजधाम साहू, दीपका बड़ाइक, ललिता मेहता, राजकिशोर साहू, राजेश गुप्ता, शशि मेहता, आनंद महतो, किरण देवी, उषा मेहता, गणेश महतो, धनंजय महतो, रोहन वर्मन, सत्यम कुशवाहा, कामेश्वर महतो, दीनदयाल लोहार, भानु महतो, गणेश किशोर आदि थे।

### लापुंग पुलिस ने लापता बच्ची को परिजनों से मिलवाया

लापुंग (आजाद सिपाही)। थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव ने बताया कि सोनाराम चिक बड़ाइक दोलैचा आसन टोली की नाबालिक पुत्री तीन दिन से घर से गायब थी। जिसे मुरहू थाना क्षेत्र के घाघरा गांव से खोजकर उसके माता पिता को सौंप दिया गया। बताया कि तीन दिन पहले अपनी सहेली से मिलने की बात कहकर बच्ची घर से निकली थी लेकिन वापस नहीं लौटी। फोन कर कहा कि जल्द वापस आएगी। पर बाद में मोबाइल से संपर्क नहीं हुआ तो सोनाराम चिक बड़ाइक ने इसकी सूचना लापुंग थाना प्रभारी को दी। मोबाइल लोकेशन के आधार पुलिस बच्ची तक पहुंच गयी।

## इटकी में रथयात्रा की तैयारी पूरी, शांति समिति की बैठक में लिये गये कई निर्णय



**इटकी (आजाद सिपाही)।** जगन्नाथ महाप्रभु की रथयात्रा मेला को लेकर शुक्रवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें कई प्रस्ताव पारित हुआ। रथयात्रा के दौरान वाहनों को सड़कों पर नहीं लगाने, मेला में दुकानों को कतारबद्ध तरीके से लगाने, महिलाओं के लिए मेला स्थल पर नगर निगम द्वारा शौच गृह उपलब्ध कराने, विधि व्यवस्था के प्रर्याप्त मात्रा में सुरक्षा बल तैनाती आदि मुद्दो पर चर्चा की गयी। इधर, रथयात्रा को लेकर लगभग सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। 50 वर्ष के बाद इस बार नये रथ का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। वहीं, भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भाई बलराम के विग्रह को कलाकार खोमा लोहरा द्वारा रंगों से सजा चुके है। शनिवार को भगवान जगन्नाथ 15 दिनों के बाद एकांतवास के बाद बाहर आयेंगे। शाम सात बजे भूतपूर्व जमीनदार के वंशज लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव, पंडित श्याम सुन्दर राम तिवारी की अगुवाई में प्रभु श्री जगन्नाथ के विग्रह को नेत्रदान का अनुष्ठान करेंगे। इसके बाद भक्तों को भगवान जगन्नाथ के दर्शन होंगें। रविवार की शाम पांच बजे रथयात्रा निकाला जाएगा। बैठक में बीडीओ शशि निलिमा डुंगडुंग, डीएसपी अखिल नितिश कुजूर, थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, उपप्रमुख परवेज राजा, लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव, कृष्णा राम तिवारी, हाजी मोईन, बबलू हासमी, देवेंद्र महतो, विन्दे भगत, अजीत केशरी, मुद्दीन मंसुरी, कार्तिक महतो और विनोद सिन्हा आदि उपस्थित थे।

## भ्रष्टाचार के खिलाफ आजसू का हल्ला बोल, सौंपा गया 11 सूत्री मांग पत्र

# प्रखंड मुख्यालय बना लूट का अड्डा : निर्मला भगत

आजाद सिपाही संवाददाता



11 सूत्री मांग पत्र सौंपते आजसू नेता-कार्यकर्ता।

**रातू।** प्रखंड मुख्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ शुक्रवार को आजसू का हल्ला बोल कार्यक्रम आयोजित हुआ। पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष अर्जुन महतो के नेतृत्व में आयोजित हल्ला बोल कार्यक्रम में दर्जनों लोग शामिल हुए। आजसू के हटिया विधानसभा प्रभारी हटिया भरत कांशी ने कहा कि प्रखंड मुख्यालय में भ्रष्टाचार के कारण क्षेत्र की जनता लाचार एवं बेबस है। प्रखंड मुख्यालय लूट का अड्डा बन गया है। सरकारी संरक्षण में हो रहे लूट से जनता त्रस्त है। पदाधिकारी निडर होकर दलाली को बढ़ावा दे रहे हैं। उन्हें किसी का भी डर नहीं है। वर्तमान सरकार का पदाधिकारियों पर से नियंत्रण समाप्त हो चुका है। वहीं, रांची जिप अध्यक्ष सह आजसू के केंद्रीय महासचिव निर्मला भगत ने कहा कि हल्ला बोल कार्यक्रम सांकेतिक रूप से चेतावनी है। अगर पदाधिकारी समय पर बाज नहीं आये तो आने वाले दिनों में पार्टी रातू प्रखंड मुख्यालय में तालाबंदी करने के साथ ही उग्र आंदोलन करेगी। इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रखंड के पदाधिकारीयों की होगी। वहीं सभा के बाद 11 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। इस मौके पर आजसू के केंद्रीय सदस्य राजीव मिश्रा, आजसू प्रखंड अध्यक्ष अर्जुन महतो, सुंडील की मुखिया लीला तिर्की, सुंडिल पंचायत समिति जितेंद्र कांशी, तारूप पंचायत समिति सलगी उरांव, महिला नेत्री रूपा देवी, अन्नू देवी योगेंद्र उरांव, विशाल साहू और मीना गाड़ी मौजूद थीं।

## भवन के अभाव में बरामदे में पढ़ने को मजबूर 481 विद्यार्थी



आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुंग।** प्रखंड के राजकीयकृत मध्य विद्यालय में कमरे की कमी के चलते बच्चे-बच्चियां बरामदे में पढ़ाई करने को मजबूर हैं। बताते चलें कि उक्त स्कूल में 481 छात्र-छात्राएं शिक्षा ग्रहण करते हैं। इसमें मात्र छह कमरे में एक प्रयोगशाला प्रेक्टिकल, दूसरा कम्प्यूटर का कमरा है। बाकि बचे चार कमरों में 481 बच्चे-बच्चियां पढ़ते हैं। छह वर्ग के बच्चे जमीन पर दर्री बिछा कर पढ़ते है, क्योंकि बेंच पर बैठने की जगह नहीं होती है। छोटे-छोटे कमरों में 100 से ज्यादा बच्चा पढ़ते है। विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के अलावे मुखिया व जिप सदस्य को भी इस विद्यालय में कमरा की कमी की जानकारी दी गयी पर किसी ने कोई पहल नहीं की। प्रधानाचार्य समेत सरकारी शिक्षक चार व सहायक शिक्षक तीन है। बच्चों का इन्हीं जर्जर छोटे कमरों में भविष्य गाढ़ा जा रहा है।

### स्कूली बच्चों ने चलाया नशामुक्ति अभियान 'जिंदगी चुने नशा नही' का लगाया नारा

अनगड़ा (आजाद सिपाही)। सोहोवती देवी पब्लिक स्कूल चिलदाग के बच्चों नें शुक्रवार को चिलदाग, बेड़वारी, लुपूंग, सिमलिया आदि गांवों में नशा के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया। स्कूल की सचिव डॉ कुमूदकला मेहता एवं अध्यक्ष डॉ अमर कुमार चैधरी के नेतृत्व में बच्चों नें पूरे गांव में रैली निकालकर लोगों को नशामुक्ति को लेकर जागरूक किया। बच्चों न्ने हाथों में बैनर लेकर लोगों को जिंदगी चुने नशा नहीं का नारा दिया।

## एकांतवास से आज बाहर आयेंगे भगवान जगन्नाथ

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** प्रखंड के ईटाचिल्द्री व चनकोपी में भगवान जगन्नाथ शनिवार को एकांतवास से बाहर आयंगे। मंदिर में भगवान के विग्रहों का वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच नेत्र दान का अनुष्ठान पुजारी सत्यनारायण पाण्डेय की अगुवाई में मंदिर के संस्थापक स्व लाल गोकुल नाथ शाहदेव के वंशजों द्वारा किया जाएगा। वहीं चनकोपी गांव के जगन्नाथ मंदिर में पुजारी नर्मदेश्वर मिश्रा और पुरोहित बालमुकुंद मिश्रा की अगुवाई में नेत्र उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। दोनों गांवों में शाम पांच बजे से भगवान के नेत्र दान का अनुष्ठान होगा। इसके बाद महाप्रभु भक्तों को दर्शन देंगे। साथ ही ऐतिहासिक रथ यात्रा की शुरूआत होगी। वहीं, आरती के बाद भगवान जगन्नाथ, बलराम और बहन सुभद्रा शयन करेंगीं। रविवार को प्रातः भगवान की पूजा कर पांच बजे के बाद उनका पट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया जाएगा। इसके बाद भक्त रथ को खींचते हुए मौसी बाड़ी ले जायेंगे, जहां भगवान के सभी विग्रहों को मंदिर में विराजमान किया जायेगा। वहां आरती व भोग निवेदन के बाद मंदिर का पट बंद कर दिया जाएगा। दूसरी ओर, रथयात्रा को लेकर भगवान का रथ सज धज कर तैयार है। रंग रोगन कर इसे सजाया संवारा गया है। प्रखंड के दोनों गांवों में रथ यात्रा की तैयारी समिति की ओर से पूरी कर ली गई है। जहां नेत्रदान के दूसरे दिन रविवार को मेला के बाद रथयात्रा निकाली जाएगी।

## पलामू डीसी ने एमएमसीएच का किया औचक निरीक्षण, दिये कई निर्देश

# सिटी स्कैन, एमआरआइ और डिजिटल एक्सरे मशीनों के अधिष्ठापन का निर्देश

**जर्जर भवन को ध्वस्त कर वाशिंग कॉम्प्लेक्स का होगा निर्माण**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी शशि रंजन ने शुक्रवार को एमएमसीएच का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने एमएमसीएच में भर्ती मरीजों को उपलब्ध करायी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम डीसी ने इमरजेंसी के प्रत्येक वार्ड का अवलोकन किया। उन्होंने सिविल सर्जन को पूराने खिड़कियों को बदलवाने, नया पर्दा लगवाने व बेडशीट चेंज करने का निर्देश दिया। साथ ही मरीज को दी जाने वाली सुविधा को लेकर वार्ड में भर्ती मरीजों से बात कर अस्पताल का फीडबैक लिया। इस दौरान डीसी ने ब्लड बैंक के बगल में जर्जर पड़े भवन को ध्वस्त कर उस स्थान पर वॉशिंग कंपलेक्स व शौचालय बनाने का निर्देश दिया। इसे लेकर उन्होंने संबंधितों को संचिका बढ़ाने की बात कही। निरीक्षण के दौरान डीसी ने सीएस व अन्य संबंधितों को पुराने बिल्डिंग के दूसरे माले पर सिटी स्कैन, एमआरआई और डिजिटल एक्सरे मशीन का अधिष्ठापन कराने की बात कही। साथ ही पुराने ऑपरेशन थिएटर को मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर में बदलने को लेकर निर्देशित किया। कहा कि आईसीयू के अधिष्ठापन को लेकर वे खुद सचिव से पत्राचार करेंगे। उन्होंने आईसीयू के अधिष्ठापन को लेकर भवन निर्माण को प्राक्कलन तैयार करने की बात कही। इसी तरह उन्होंने मदर एंड चाइल्ड हेल्थ केअर यूनिट सहित अन्य वार्डो का भी जायजा लिया। मौके पर सिविल सर्जन डॉ अनिल सिंह, डीपीएम दीपक आदि थे।



अस्पताल के निरीक्षण के क्रम में चिकित्सकों से बातें करते डीसी शशि रंजन।

# विश्रामपुर विधायक ने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह विश्रामपुर के विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने शुक्रवार को केंद्रीय कृषि व ग्रामीण विकास मंत्री सह भाजपा के झारखंड प्रभारी शिवराज सिंह चौहान से औपचारिक मुलाकात की। दोनों नेताओं की यह मुलाकात रांची सर्किट हाउस में हुई। विधायक ने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को गुलदस्ता भेंट कर झारखंड में उनका स्वागत करते हुए बंधाई दी। दोनों नेताओं ने राज्य की राजनीतिक हालात पर चर्चा की। इसके अलावा उन्होंने केंद्रीय मंत्री को पलामू प्रमंडल में पार्टी संगठन की मजबूती के बारे में भी बताया। इस पर शिवराज सिंह चौहान ने विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी को आगामी विस चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने को कहा। वहीं, विधायक ने शिवराज सिंह चौहान को पलामू आने का निमंत्रण भी दिया, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया।



## सड़क का कार्य पूरा नहीं होने पर ग्रामीणों में आक्रोश, प्रदर्शन, जल्द बनवाने की मांग



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** शहर के अररुआ मोड़ मेन रोड से तुरी चहका तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना निर्माण कार्य का शिलान्यास हुए दो साल बीत जाने के बाद भी सड़क का काम पूरा नहीं हो सका है। इसे लेकर भाजपा नेता राजीव रंजन के नेतृत्व में शुक्रवार को सैकड़ो ग्रामीणों ने अधूरे कार्य को पूरा कराने के साथ ही संवेदक का लाइसेंस ब्लैकलिस्टेड करने की मांग की है। ग्रामीणों ने कहा कि जगह-जगह सड़क का कार्य अधूरा है। जिस कारण पानी का जमाव हुआ है। इससे आवागमन में काफी परेशानी हो रही है। वहीं भाजपा नेता राजीव रंजन ने कहा कि 7 सितंबर 2022 को सड़क निर्माण कार्य शुरू हुआ था। पर दुर्भाग्य की बात है कि 6.5 किलोमीटर सड़क 2024 में भी पूरा नहीं हो सका। जबकि यह सड़क बहुत ही महत्त्वपूर्ण है। इसी सड़क से 24 घंटे सैकड़ो मरीज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए जाते हैं। उन्होंने पलामू डीसी से मांग की कि संवेदक का लाइसेंस ब्लैकलिस्टेड करते हुए सड़क का कार्य जल्द पूरा कराया जाए। इस मौके पर महादेव यादव, डॉ रघुनंदन मेहता, अवधेश मुखिया, दिनेश मेहता, गोविंद साव, डॉ सत्येंद्र मेहता, नरेश यादव, मुकेश मेहता, पिंटू यादव, पंकज मेहता, मनीष मेहता, मिथुन मेहता, बबन साव, मोनू गुप्ता, विकास प्रजापति, कृष्णा भूईया, पंकज मेहता, दिलीप ठाकुर, बसंत मेहता आदि थे।

## विश्रामपुर सीओ ने अवैध बालू लदा ट्रैक्टर पकड़ा

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर के प्रभारी सीओ चंद्रदेव प्रसाद ने गुप्त सूचना के आधार पर सिगसिगी कोयल नदी घाट से चोरी छिपे अवैध तरीके से बालू उठाव कर ले जा रहे एक ट्रैक्टर को शुक्रवार तड़के तीन बजे जब्त कर लिया। बाद में इसे रेहला पुलिस को सौंप कर जिला खनन विभाग को अग्रेतर कानूनी कारवाई के लिए अग्रसारित कर दिया। जानकारी के अनुसार जब्त ट्रैक्टर भोलाटांड निवासी राहुल ठाकुर की बतायी जा रही है। गौरतलब है की नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने 10 जून से 15 अक्टूबर तक पूरे देश की नदी घाटों से बालू उठाव पर पूर्ण रूप से प्रतिबंधित कर सख्ती से इसका पालन के लिए सभी जिला प्रशासन को आदेश दिया है। इस आलोक में जिला प्रशासन ने टास्क फोर्स गठन कर सभी अंचल के सीओ को इस प्रतिबंध को पूर्ण प्रभावी बनाने का निर्देश दिया है।

# स्वास्थ्य उपाधीक्षक ने पदाधिकारियों और एमपीडब्ल्यू के साथ की समीक्षात्मक बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** अनुमंडलीय अस्पताल सभागार में शुक्रवार को हुसैनाबाद अनुमंडल के सभी समुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों एवं एमपीडब्ल्यू के साथ समीक्षात्मक बैठक हुई। अस्पताल उपाधीक्षक डॉ दीपक कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान स्वास्थ्य उपाधीक्षक ने सभी सीएचओ को प्रत्येक महीने की चार तारीख को अपने-अपने आयुष्मान आरोग्य मंदिर में मासिक बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया। साथ ही नेत्र ज्योति अभियान जो पांच जुलाई से आरंभ हो रहा है, उसमें 50 या इससे अधिक उम्र के सभी लोगों में मोतियबिंद की जांच करें। बैठक में शिशु स्वास्थ्य, मातृ स्वास्थ्य पर भी विस्तृत समीक्षा की गई। कहा कि सभी सीएचओ अपनी एएनएम के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें, ताकि लक्ष्य की प्राप्ति की जा सकें। बैठक में एनकवास एवं कायाकल्प के असेसमेंट पर भी निर्देश दिया गया। ताकि अस्पताल में गुणवत्ता पूर्ण सेवा दी जा सकें। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा एक जुलाई से 31 अगस्त तक स्टॉप डायरिया कैंपेन की शुरूआत की गई है। जिसमें सभी केंद्र अपने यहां ओआरएस और जिंक की उपलब्ध्ता सुनिश्चित करेंगे। साथ ही समुदाय में हाथ की समुचित सफाई पर भी प्रशिक्षित करने पर जोर दिया गया। बैठक में झारखण्ड मातृ शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण माह में बच्चों को विटामिन ए की खुराक, गर्भवती महिलाओं के समुचित जांच तथा कुपोषित बच्चों को चिन्हित करने के लिए भी बताया गया। 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा पर भी प्रकाश डाला गया। ताकि विश्व की बढ़ती जनसख्या को नियंत्रित किया जा सकें। बैठक में प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक विभूति कुमार गुप्ता, प्रखंड लेखा प्रबंधक राजीव रंजन, प्रखंड डाटा प्रबंधक रंजीत कुमार मेहता, रोशनी कमल मुछु, राधिका कुमारी गुप्ता, स्नेहा कुमारी, रामी किंडो, कर्ण पटेल, सुमति कुमारी, सीइएचओ सुनीता होरो, ज्योति कुमार, डब्ल्यू एचओ आदि थे।



## पहली ही बारिश ने खोली नगर परिषद की पोल: ऋषि पांडेय

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर कांग्रेस के नगर अध्यक्ष ऋषि पांडेय ने कहा कि पहली ही बारिश में नगर परिषद की पोल खुल गई है। नगर उसके सभी दावे हवा हवाई ही साबित हुए है। नप क्षेत्र की ज्यादातर नालियां जाम हैं। जिस कारण सड़कों पर नाली का गंदा पानी बह रहा है। स्ट्रीट और हाई मास्क लाइटें भी ज्यादातर खराब हैं। चौक चौराहों पर यत्र तत्र गंदगी का अंबार लगा है। वे शुक्रवार को बी मोड़ पर आयोजित पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे। कहा कि जल्द ही नालियों की सफाई, स्ट्रीट व हाई मास्क लाइटों की मरम्मती नहीं हुआ तो आंदोलन होगा।

# निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर ग्रामीण रखें नजर : विधायक कमलेश सिंह

## अमही में कुकही नदी पर पुल निर्माण की स्वीकृति मिली

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** विधायक कमलेश कुमार सिंह ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि हुसैनाबाद-हरिहरगंज की सभी महत्वपूर्ण ग्रामीण सड़कों व पुल-पुलिया का निर्माण कराया जा चुका है। कुछ पर कार्य चल रहा है। हुसैनाबाद के सुदूरवर्ती गांव अम्ही के समीप कुकही नदी पर पुल निर्माण कार्य की मांग ग्रामीणों की ओर से लगातार की जा रही थी। झारखंड सरकार के ग्रामीण कार्य विभाग ने इसे स्वीकृति दे दी है। विधायक ने कहा कि वह लगातार क्षेत्र की समस्याओं का समाधान कराने का प्रयास करते हैं। जनता से उन्होंने जो वादा किया था, उसे पूरा करने में जुटे हैं। कहा कि कुकही नदी पर पुल निर्माण हो जाने से दर्जनों गांव के लोगों को लाभ होगा। बड़ी सड़कों के बाद अब गांव की छोटी-छोटी सड़कों का निर्माण कराने की दिशा में वह आगे बढ़े हैं। ग्रामीण कार्य विभाग से हुसैनाबाद की पांच सड़कों को भी स्वीकृति दिलाई गई है। विधायक ने बताया कि जल्द ही निविदा निकलने के बाद सड़कों व पुल का निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। वह प्रयास कर रहे हैं। जल्द ही बचे हुए कार्यों को भी धरातल पर उतारा जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वह निर्माण कार्यों पर नजर रखें। अगर निर्माण कार्यों में गड़बड़ी होती है तो तत्काल सूचना दें, कार्रवाई की जायेगी। निर्माण कार्यों में किसी के साथ कोई समझौता नहीं किया जा सकता है।



# अयोग्य लाभुकों को सावित्रीबाई फुले किशोरी योजना का लाभ दिलाने का आरोप निराधार: पर्यवेक्षिका मीना

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर बाल विकास परियोजना में पर्यवेक्षिका मीना देवी द्वारा अयोग्य लाभुकों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ अयोग्य लाभुकों को दिलवाने के आरोप को निराधार बताया है। पर्यवेक्षिका मीना देवी ने बताया कि विश्रामपुर बाल विकास परियोजना कार्यालय की ओर से संचालित कजरू कला पंचायत के दो आंगनबाड़ी केंद्रों में बड़े पैमाने पर अनियमितता बरतने का आरोप लगाया जा रहा है वह सत्य से परे है। पर्यवेक्षिका ने बताया कि विश्रामपुर परियोजना की उपलब्धता प्रतिशत सभी अन्य परियोजनाओं से काफी ज्यादा 127 प्रतिशत की जो बात कही जा रही है उसकी सच्चाई कुछ और है। विश्रामपुर परियोजना इस मामले में जिले में चौथे स्थान पर है। जहां तक मेरी प्रोन्नति का सवाल है तो यह विभागीय प्रक्रिया है। उसमें अगर मुझे मौका मिला है तो वह और बेहतर कार्य करने के लिए यह स्थान मिला है। इसमें पैसे की लेन-देन की कोई बात नहीं है। कहा कि कुछ लोग अनावश्यक झूठे आरोप लगाकर एक महिला होने के नाते मुझे परेशान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस कजरू कला 2 की सेविका तारा देवी का हवाला देकर जांच दल से लाभुक बालिकाओं के गलत आवेदन की बात की जा रही है कि मैंने गलतफहमी में आवेदन भरा है। वह सब झूठ है। मैं इस संबंध में कहीं किसी के ऊपर कोई आरोप नहीं लगायी हूं जिसकी कांपी मेरे पास है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जनसंवाद के माध्यम से कई आवेदन पत्र आये थे जिसमें सही लाभुकों का चयन कर जिला को समर्पित किया गया है। इसमें जिस लखन राम की बात आ रही वह उन्हें जानती तक नहीं हैं।

### कई लाभुकों ने पलामू डीसी को लिखा पत्र

**कजरू कला टू के कई लाभुकों ने पलामू डीसी को पत्र लिखकर कहा है कि पर्यवेक्षिका द्वारा हम लोगों से पैसे लेकर इस योजना का लाभ दिलाया गया है यह आरोप बेबुनियाद हैं। हम लोग मैडम को अच्छी तरह से जानते भी नहीं हैं।**

# स्पोर्ट्स



**खेलगांव के टाना भगत स्टेडियम में रांची प्रेस क्लब की ओर से आयोजित दो दिवसीय बॉलीबॉल लीग टूर्नामिंट का शुक्रवार को समापन हुआ। जिसमें येलो टीम ने ब्लू टीम को कड़े मुकाबले में हराकर टूर्नामिंट पर कब्जा जमा लिया।**

## वॉलीबाल मीडिया कप टूर्नामेंट का समापन, इंटरनेशल प्रशिक्षक सह झारखंड वॉलीबाल संघ के महासचिव रहे मौजूद

# टीम येलो ने वॉलीबॉल मीडिया कप पर जमाया कब्जा

### इस तरह के आयोजनों से स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के साथ ही सेहत भी बनती है: शेखर बोस

### पत्रकारों को सेहत के प्रति जागरूक होने की जरूरत, जो ऐसे टूर्नामेंट से ही संभव : हरिनारायण सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** खेलगांव स्थित टाना भगत स्टेडियम में रांची प्रेस क्लब की ओर से आयोजित दो दिवसीय वॉलीबाल लीग टूर्नामेंट का शुक्रवार को समापन हो गया। टीम येलो ने टीम ब्लू को कड़े मुकाबले में हराकर मीडिया कप वॉलीबाल टूर्नामेंट के खिताब पर कब्जा जमाया। टूर्नामेंट के दूसरे दिन टीम ग्रीन ने टीम रेड को तीन सेट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में 25-17, 23-25, 15-6 से हराया। वहीं टीम ब्लू ने टीम येलो को तीन सेट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में 25-9, 23-25, 15-6 से हराया। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला टीम येलो और टीम ब्लू के बीच खेला गया, जिसमें टीम येलो ने टीम ब्लू को 25-23, 25-23 से हराकर अरपीसी मीडिया कप वॉलीबॉल टूर्नामेंट 2024 का खिताब अपने नाम कर लिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में अंतराष्ट्रीय प्रशिक्षक सह झारखंड बॉलीबॉल संघ के महासचिव शेखर बोस मौजूद रहे। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह, शशी शेखर, प्रकाश सहाय, विनय वर्मा, शंभूनाथ चौधरी, राघवेंद्र, चंचल भटाचार्य, दीपक ओझा मौजूद रहे। सभी अतिथियों को प्रेस क्लब की ओर से एक-एक पौधा और स्मृति चिन्ह दे कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शेखर बोस ने कहा कि पत्रकारों के बीच खुद को पा कर उन्हें बेहद खुशी हो रही है। इस तरह के आयोजन से न केवल स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है, बल्कि उनका सेहत भी बना रहता है। वहीं वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह ने कहा कि प्रेस क्लब की ओर से इस तरह का आयोजन एक दूसरे को करीब लाता है। पत्रकारों को सेहत के प्रति जागरूक होने की जरूरत है, जो इस तरह के टूर्नामेंट के आयोजन से ही संभव है। अतिथियों ने टीम यलो को चैम्पियन टीम का और टीम ब्लू को रनरअप का पुरस्कार दिया। वहीं, टूर्नामेंट में भाग ले रहे खिलाड़ियों को वरिष्ठ पत्रकार भरत भूषण प्रसाद द्वारा एक-एक ट्रांजिस्टर और प्रेस क्लब की ओर से स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट के प्रायोजक के रूप में वासुदेव चटर्जी स्मृति फाउंडेशन के राजीव चैटर्जी ने अपना सहयोग दिया। जबकि रेफरी के रूप उत्तम राय, संजय कुमार गुप्ता, संजय ठाकुर, अंकित तिग्गा, राहुल, अरगू कंजीवल, डेविड, सूरज और ऋषभ ने अपनी भूमिका निभाई। समापन समारोह में मंच का संचालन आरजे अरविंद और अभिषेक सिन्हा ने किया। टूर्नामेंट को सफल बनाने में कोऑर्डिनेटर अंतराष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रशिक्षक राजेश सिंह, खेलो इंडिया के रेफरी उपेंद्र गुप्ता ने क्लब के अध्यक्ष सुरेन्द्र सोरेन, महासचिव अमरकांत, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र गिरी, संयुक्त सचिव रतनलाल, कोषाध्यक्ष कुबेर सिंह, मैनेजिंग कमेटी सदस्य आलोक सिन्हा, आरजे अरविंद, मोनू कुमार, संजय सुमन, चंदन भट्टाचार्य, सौरभ शुक्ला, राणा गौतम, अंजनी कुमार, बिजय मिश्रा, क्लब के मैनेजर जैमिनी सरकार और सुपरवाइजर शिशुपाल ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।बकि धन्यवाद ज्ञापन क्लब के अध्यक्ष सुरेन्द्र सोरेन ने किया।




विजेता टीम येलो को पुरस्कृत करते बॉलीबॉल के अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक शेखर बोस, वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह व अन्य।

## गार्डवाल निर्माण कार्य में प्राक्कलन की अनदेखी ग्रामीणों ने किया विरोध

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। विश्रामपुर प्रखंड के केतात कला पंचायत में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना द्वारा नव निर्मित पीसीसी पथ के किनारे बन रहे गार्डवाल में प्राक्कलन की अनदेखी की जा रही है। उसमें घटिया पत्थर और सामग्री लगाया जा रहा है। जिसका ग्रामीणों ने विरोध किया है। शुक्रवार को ग्रामीण कार्यस्थल पर पहुंचकर विरोध जताया। आरोप है कि ठेकेदार द्वारा पीसीसी पथ निर्माण में भी भारी अनियमितता बरती गई थी। जिसकी शिकायत विभागीय अधिकारियों से भी की गई थी। गार्डवाल निर्माण में तो ठेकेदार ने अनिमितता की सारी हदें तोड़ दी है। वूवा समाजसेवी सह राजनेता अभिषेक उर्फ गोल्डन चौबे ने बताया कि गुणवताहिन निर्माण कार्य की शिकायत विभाग के कनीय अभियंता और एसडीओ से की गई है। उन्होंने पलामू डीसी से गार्डवाल निर्माण कार्य की जांच कराते हुए दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। कहा कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता में सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन करेंगें।**

## चुनाव संपन्न होने के बाद डीसी से मिले व्यय प्रेक्षक



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू लोकसभा के निवार्ची पदाधिकारी सह डीसी शशि रंजन से शुक्रवार को उनके कार्यालय में पलामू लोकसभा चुनाव 2024 के व्यय प्रेक्षक जीकनन ने मुलाकात की। चुनाव संपन्न होने के बाद दोनों पदाधिकारियों के बीच यह शिष्टाचार मुलाकात थी। इस दौरान डीसी ने फ्री एंड फेयर इलेक्शन संपन्न कराने में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान करने को लेकर व्यय प्रेक्षक व उनकी पूरी टीम को धन्यवाद प्रेषित किया। वहीं व्यय प्रेक्षक ने उपायुक्त से कहा कि पलामू में कार्य करना उनके लिये भी एक नया अनुभव था। इस पर डीसी ने व्यय प्रेक्षक जी कनन को मोमेंटो प्रदान कर विदाई दी।मौके पर अस्सिटेंट कमिश्नर सेल्स टैक्स अरूण एक्का, एईओ अंकेश अलंकार,अंकित रामपाल व कीर्ति वरदान मौजूद थे।

## संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज में मनाया गया साप्ताहिक वन महोत्सव, किया गया पौधरोपण

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** रेहला बीमोड़ स्थित संत तुलसीदास डिग्री महाविद्यालय में शुक्रवार को साप्ताहिक वन महोत्सव मनाया गया। जिसकी शुरूआत महाविद्यालय के प्राचार्य संतोष कुमार मिश्रा ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम के तहत कई औषधीय पौधा, फूल और नारियल का पौधा लगाया गया। प्राचार्य ने कहा कि हमारे जीवन में पेड़ों का बहुत महत्व है। हमें सांस लेने के लिए ऑक्सीजन की आवश्यकता है और ऑक्सीजन पेड़ों से ही मिलता है। पर्यावरण संतुलन के लिए भी पौधारोपण बेहद जरूरी है। उन्होंने आम लोगों से भी पौधारोपण करते रहने का अपील की। वहीं, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम पदाधिकारी राकेश शुक्ला ने बताया कि यह कार्यक्रम सात जुलाई तक चलेगी। महाविद्यालय के हिंदी विभागअध्यक्ष डॉ श्याम मिश्रा ने अपनी मां के नाम पर एक पौधा अलग से लगाया।

## सांप के काटने से किशोरी की मौत

नवाडीह/बेरमो (आजाद सिपाही)। नावाडीह प्रखंड अंतर्गत खरपीटो पंचायत के अरगामो में सांप के काटने से 14 वर्षीय एक किशोरी की मौत हो गई। घटना गुरुवार रात की बतायी जा रही है। जानकारी अनुसार अरगामो निवासी रंजित चौधरी की बेटी खुशबू कुमारी उर्फ ज्योति घर में बिस्तर पर सोई थी। तभी देर रात एक बजे जहरीले सांप ने उसके हाथ में काट लिया। इसके बाद उसकी स्थिति बिगड़ने लगी। परिजनों को जानकारी मिलने पर शुक्रवार तड़के चार बजे उसे नावाडीह सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर स्थिति गंभीर देखते हुए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। पर वहां ले जाने पर सदर अस्पताल में चिकित्सकों किशोरी को मृत घोषित कर दिया। परिजन सदर अस्पताल से उसके शव को लाकर आनन-फानन में उसका अंतिम संस्कार कर दिया। उधर, खबर पाकर सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी ने ज्योति कुमारी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

### आजसू ने प्रखंड कार्यालय में आयोजित किया 'हल्ला बोल' कार्यक्रम

# झारखंड में सरकार को बदलने का समय आ गया है, कमर कस लें: रामा शंकर

**कहा- झारखंड में मुख्यमंत्री बदलो का चल रहा खेल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बाघमारा/कतरास/महुदा।** आजसू के राज्यव्यापी आंदोलन के तहत शुक्रवार को प्रखंड सचिव प्रेम कुमार तिवारी के नेतृत्व में राज्य व्यापी आंदोलन के तहत शुक्रवार को बाघमारा प्रखंड कार्यालय के मुख्य द्वार पर 'हल्ला बोल' कार्यक्रम आयोजित हुआ। इससे पहले बाघमारा इंदिरा चौक से प्रखण्ड कार्यालय के मुख्य द्वार तक आजसू के सभी कार्यकर्ता हाथ में झंडा-बैनर लिए झारखंड राज्य की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ पैदल यात्रा निकाले व व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आजसू के




आजसू के 'हल्ला बोल' कार्यक्रम के तहत प्रखंड कार्यालय पर प्रदर्शन करते कार्यकर्ता।

एक प्रतिनिधि मंडल में वरिष्ठ नेता रामा शंकर तिवारी, अमरदीप महतो, गौतम गप, सतीश महतो, गोतम महतो, उत्तम बाऊरी, रोहित सिंह, सहदेव कर्मकार आदि ने 11 सूत्री मांगों को लेकर प्रखण्ड अंचलाधिकारी रवि भूषण प्रसाद को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर रामा शंकर तिवारी ने कहा कि हेमंत सरकार ने पहले कहा था कि प्रति वर्ष पांच लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देंगे। नौकरी नहीं दे सके तो प्रति महीने 5000-7000 रुपये का बेरोजगारी भत्ता देंगे। जब वायदा पूरा करने का समय आया तो जनता को परेशान करना शुरू कर दिया। ध्यान भटकाने के लिए साधारण प्रमाण पत्र, राशन, पेंशन, जमीन संबंधित कामों में गरीबों को उलझा कर रख दिया। इस सरकार में बिना चढ़ावे के गरीबों का कोई काम नहीं हो रहा है। इसलिए इस लूट और झूठ की सरकार को जनता उखाड़ फेंकने के लिए भी तैयार है। रामा शंकर तिवारी ने कहा कि उनके सेवा कार्यों और आंदोलन से बहुत से लोगों के पेट में दर्द होता है। क्योंकि विरोधियों ने अपनी जमीन खिसकता देख आजसू को रोकने के लिए हर रोज कुछ न कुछ षड्यंत्र रच रही है। कहा कि यह सरकार प्रतिदिन मुख्यमंत्री बदलो कार्यक्रम कर रही हैं। वहीं आजसू नेता अमरदीप महतो ने कहा कि हर योजना में गडबड़ी हो रही हैं। कहा कि प्रखंड कार्यालय को भ्रष्टाचार मुक्त करें अन्यथा ब्लॉक कार्यालय में ताला बंद करेंगे। आरोप लगाा कि झारखंड सरकार की जमीन सीओ बेच रहे है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष सतीश महतो, प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष गौतम गोप, विकाश सरकार, प्रखंड सचिव प्रेम कुमार तिवारी, मुखिया कुंदन रजक, अरुण महतो, उत्तम बाउरी, रोहित सिंह, बबलू प्रामाणिक, किशोर नापीत, सागर महतो, विशाल महतो, आनन्द दास, कार्तिक महतो, जितन नापीत, पप्पू प्रमाणिक, विष्णु पाण्डेय, बीरू महतो, बिक्रम महतो, पंकज कुमार, सोनू कुम्भकार, सत्यजीत महतो, राहुल बाउरी, कार्तिक दास, हेंमत महतो, उपेन्द्र विसकर्म, रंजीत रवानी, रवि ठाकुर, अजीत कुमार और जितेंद्र कुमार आदि उपस्थित थे।


## अबुआ आवास के शत प्रतिशत लाभुकों को दूसरी किस्त का जल्द भुगतान सुनिश्चित करें : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** डीसी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शुक्रवार को सभी बीडीओ के साथ अबुआ आवास की प्रगति से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की गई। इस दौरान ने दूसरी किस्त जारी करने, जियो टैग करने, पहली किस्त के लंबित मामले, भुगतान से संबंधित बैंक एवं आधार की समस्याएं, दस्तावेज अपलोड करने, ग्राम सभा कर जाति प्रमाण के सत्यापन समेत विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। डीसी ने सभी बीडीओ को निर्देशित किया कि अबुआ आवास योजना के लाभुकों को दूसरी किस्त शत प्रतिशत जल्द से जल्द भुगतान करें। साथ ही जियो टैग में जिस भी प्रखंड का कार्य लंबित है उसे जल्द से जल्द शत प्रतिशत करना सुनिश्चित करें। उन्होंने दस्तावेज अपलोड में आ रही समस्याओं से संबंधित जानकारी ली। जिसमें बीडीओ द्वारा बताया गया की जाति प्रमाण पत्र नहीं होने के कारण समस्याएं आ रही है। समस्या के निष्पादन के लिए डीसी कहा कि जिस भी लाभुक का जाति प्रमाण पत्र नहीं है वैसे लाभुकों के लिए ग्राम सभा आयोजित कर उनकी जाति का सत्यापन कर कार्य को प्रगति में लाएं। बैठक में डीडीसी सादात अनवर, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन आदि मौजूद रहे।

## वरीय बुनियादी विद्यालय में जर्जर भवन की अधिकारियों ने की जांच





एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)। विद्यालय की जर्जर भवन व प्लास्टर गिरने संबंधि खबर अखबारों में छपते ही शिक्षा विभाग जाग गया। धनबाद जिला शिक्षा अधीक्षक के निर्देश पर शुक्रवार को मैथन वरीय बुनियादी विद्यालय में जर्जर भवन की जांच की गयी। जूनियर इंजीनियर कृष्णा मधुकर द्वारा जर्जर भवन के सभी बिल्डिंग की नापी करवायी गयी। नापी के अनुसार उसका एस्टीमेट बनाकर जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय में जूनियर इंजीनियर द्वारा भेजा जाएगा, ताकि जर्जर भवन का जीर्णोद्धार कार्य शुरू हो सके। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सपन कुमार मंडल द्वारा जर्जर भवन के अवलोकन, एमडीएम इको क्लब, प्रयास आदि रजिस्टर की भी जांच की गयी। इस दौरान प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने स्वाकीरा किया कि विद्यालय भवन काफी जर्जर हो चुका है। भवन जर्जर हो चुकी है। इसकी मरम्मती अति आवश्यक है। इसलिए धनबाद जिला शिक्षा अधीक्षक के आदेशानुसार इसकी जांच की गयी है। मौके पर बीआरपी रहमान अंसारी, जूनियर इंजीनियर कृष्णा मधुकर, सीआरपी पंकज सिंह, प्रभारी प्रधानाध्यापक उत्तम घाटी व अकूल मंडल आदि थे।

# मेडिकल जांच व ठेका मजदूरों की छंटनी पर प्रबंधन लगाये रोक : मोतीलाल मांझी

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** मेडिकल जांच के नाम पर मनमाने ढ़ंग से ठेका मजदूरों की छंटनी पर रोक लगाने और ठेका मजदूरों की लंबित मांगों को लेकर 11 जूलाई को आहूत हड़ताल को बोकारो स्टील प्लांट में सफल बनाने के लिए शुक्रवार को इस्पात मजदूर मोर्चा (सीटू) की ओर से ब्लास्ट फर्नेस कैन्टीन रेस्ट रूम में बैठक की गयी। जिसकी अध्यक्षता ठेका मजदूर मोतीलाल मांझी ने किया। अपने संबोधन में यूनियन के संयुक्त महामंत्री बीडी प्रसाद ने कहा कि ठेका मजदूर आज बोकारो स्टील प्लांट का प्रमुख मानव संसाधन है। ठेका मजदूर के बिना बोकारो स्टील प्रबंधन ना तो एक किलो इस्पात पैदा कर सकता है ना ही



एक रुपये का मुनाफा कमा सकता है। बावजूद इसके बोकारो स्टील प्रबंधन द्वारा ठेका मजदूरों के काम, मजदूरी एवं अन्य सुविधाओं के लिए आज तक कोई भी सिस्टम नहीं बनाया गया है। प्लांट के स्थाई प्रकृति के सभी प्रकार के काम आज ठेका मजदूर कर रहे हैं। इसलिए ठेका मजदूर सेल की न्यूनतम मजदूरी एवं अन्य सुविधाओं के हकदार है। लेकिन दुख की बात है की बोकारो स्टील प्रबंधन द्वारा ठेका मजदूरों के लिए कोई मजदूरी नहीं तय की गई है। झारखंड सरकार की न्यूनतम मजदूरी बोकारो स्टील के ठेका मजदूरों की न्यूनतम मजदूरी कभी नहीं हो सकती। ठेका मजदूरों को ग्रेच्युटी से भी वंचित रखा गया है। ग्रुप इंश्योरेंस की भी कोई व्यवस्था नहीं है। प्लांट में काम करने के दौरान कार्य स्थल पर दुर्घटना में ठेका मजदूर की मौत होने पर उसके आश्रित को एक स्थाई नौकरी देने की परंपरा जो ठेका मजदूरों ने संघर्ष कर प्राप्त किया है आज उसको भी प्रबंध खत्म किया जा रहा है। अब मेडिकल जांच के नाम पर ठेका मजदूरों को मनमानी ढंग से छंटनी कर प्लांट से बाहर करना चाहती है, जो कहीं से उचित नहीं है। इससे ठेका मजदूरों में काफी आक्रोश है। बीडी प्रसाद ने कहा कि समय रहते प्रबंधन मेडिकल जांच के नाम पर छंटनी की आदेश को वापस ले और ठेका मजदूरों की लंबित मांगों पर 11 जुलाई के पहले निर्णय ले। अन्यथा 11 जुलाई को शत प्रतिशत ठेका मजदूर हड़ताल में भाग लेगा। इस मौके पर संगठन सचिव आर के गोराईं, मुनिलाल मांझी, त्रिलोकी साव, देव कुमार और जोसेफ मुंडा आदि उपस्थित थे।

## धनबाद आयुष फाउंडेशन का सम्मान समारोह संपन्न

धनबाद (आजाद सिपाही)। सरायढेला स्थित डॉ हेडगेवार भवन में शुक्रवार को धनबाद आयुष फाउंडेशन ने भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मिल्टन पार्थसार्थी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत आयुष और जेके अंकल को पुष्पांजलि अर्पित कर की गयी। इस दौरान ऑनलाइन राइटिंग, म्यूजिक कॉम्पिटिशन और इंटर्नशिप कर रहे बच्चों को सम्मानित किया गया। सभी विजेता बच्चों को संतोष ऑप्टिकल धनबाद की ओर से सर्टिफिकेट और संस्था की तरफ से मोमेंटो प्रदान किए गए। संस्था की सचिव अर्पिता अग्रवाल, उपाध्यक्ष गणेश शर्मा, ज्वाइंट सेक्रेटरी सुजाता रंजन, गीता दास और हीना दास आदि उपस्थित थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार**

**सूचना**

एतद् द्वारा भवन निर्माण विभाग के सभी संवेदकों को सूचित किया जाता है कि **PR** संख्या–**327834 Building(24-25)#D** एवं ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं0–**03/2024-25/EE/BCD/LATEHAR** द्वारा प्रकाशित ई–निविदा (लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड चन्दवा के पंचायत हुटाप में उत्क्रमित उच्च विद्यालय, हुटाप में कम्प्यूटर लैब कक्ष/लाइब्रेरी ऑडिटोरीयम का निर्माण) योजना को अपरिहार्य कारण वश रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, लातेहार

PR 328714 Building(24-25).D


## बीएसएल में ठेका श्रमिकों का निबंधन



बोकारो (आजाद सिपाही)। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत ठेका श्रमिकों के निबंधन के लिए राज्य सरकार के सिविल सर्जन कार्यालय और मेडी असिस्ट टीपीए प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से बोकारो स्टील प्लांट में विभिन्न विभागों में शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन का समन्वय प्रांजलि, महाप्रबंधक (मानव संसाधन- ठेका श्रमिक प्रकोष्ठ) और उनकी टीम के सदस्यों द्वारा किया जा रहा है। सीओ और सीसी विभाग के मुख्य महा प्रबंधक राकेश कुमार के पहल और मार्गदर्शन में इस निबंधन अभियान का शुभारंभ किया गया जिसमें 150 से अधिक ठेका श्रमिक निबंधन प्रक्रिया में शामिल हुए। इस कड़ी में शनिवार को हॉट स्ट्रिप मिल विभाग में, 08 जुलाई को एसएमएस (न्यू ) विभाग और 09 जुलाई को ब्लास्ट फर्नेस विभाग में कैंप का आयोजन किया जायेगा। ठेका श्रमिक अपना आधार और राशन कार्ड (जिसमें परिवार के मुखिया या सदस्य के रूप में उनका नाम हो) ले जाकर, अपना निबंधन करवा सकते हैं। प्रबंधन द्वारा ठेका श्रमिकों को इस विशेष अभियान का अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की गई है।

## एआइ समाज के लिए अत्यंत उपयोगी, लेकिन इसका नैतिक उपयोग भी महत्वपूर्ण: प्रो अरविंद

**सीएसआईआर-सीआईएमएफआर का एआर और वीआर को लेकर आयोजित कार्यशाला का समापन**

आजाद सिपाही संवाददाता



धनबाद। सीएसआईआर-सीआईएमएफआर में आयोजित कार्यशाला में क्रेडो वर्ल्ड स्कूल के विद्यार्थियों ने मौजूदा प्रौद्योगिकियों के बारे में ज्ञान को उन्नत किया गया। दिन की शुरूआत सीएसआईआर-सीआईएमएफआर की प्रोजेक्ट एसोसिएट स्वेता कुमारी द्वारा संवर्धित वास्तविकता (एआर) और आभासी वास्तविकता (वीआर) पर व्याख्यान के साथ हुई। इसके बाद स्टीफन अनंत बेशरा द्वारा एआर पर एक प्रायोगिक सत्र हुआ जिसमें यूनिटी, ब्लीन्क कंसोल, आर्डुइनो आईडीई, वुफोरिया आदि सॉफ्टवेयर का उपयोग कर एक होलोग्राफिक स्विच बनाया गया। अंत में, छात्रों की समझ की समीक्षा के लिए एक क्विज का आयोजन हुआ। इस अवसर पर सीएसआईआर-सीआईएमएफआर के निदेशक प्रोफेसर अरविंद मिश्रा ने कहा कि सीखना एक सतत प्रक्रिया है। उन्होंने समय प्रबंधन के महत्व के बारे में भी बात की। साथ ही विद्यार्थियों को अपने देश के प्रतिनिधि के रूप में तैयार करने के लिए प्रोत्साहित किया। कहा कि एआई समाज के लिए अत्यंत उपयोगी है, लेकिन इसका नैतिक उपयोग भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने छात्रों के बीच नवीनतम तकनीकों जैसे एआई, एआर, वीआर आदि के उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने की कोशिश की।


**Memo No.1075/R.O.(G.P) DATED. 04/07/2024**
**POLICE WIRELESS HQR. JHARKHAND,RANCHI**

**Short Tender Notice (NIT)- 02/2024-25**

Sealed Tenders for **F.Y. 2024-25** are invited from the local suppliers who are Income Tax/Goods and Services Tax Payee dealers /Suppliers/Authorized agents of the firms with GST registered in Jharkhand before the date of publication of this Tender for the supply of **Expendable Items** to Jharkhand Police Wireless Hqr. Ranchi to reach the undersigned on or before dtd.26/07/2024 at 1100 hrs. Sealed envelope should be super scribed as **"TENDER OF EXPENDABLE ITEMS" TENDER NO.02/2024-25**

Tender Documents can be obtained from the undersigned office at Police Wireless Hqr. Old Police Line, Line Tank Road, Ranchi on production of an application on own letter pad on or before dtd.25/07/2024 at 1500 hrs. The last date of submission will be dtd. 26/07/2024 at 1100 hrs.

Tenderer should submit tender in Two envelops, in **1st envelopes(Technical bid)** self attested photo copy of GST registration certificates in Jharkhand state, Two years IT return **(FY.2022-23&2023-24)**, Aadhar, PAN and Earnest Money for **Rs. 20,000/- (Rs Twenty Thousand Only)** (In form of Bank Draft) in favour of **S.P.(Commn. &Tech. Services) Jharkhand, Ranchi** with and in **2nd Envelope (Financial bid)** submitted items wise rate with GST separately.

No transportation cost will be paid by this office.

Tenderer should be hold minimum one shops/stock point in Ranchi Town.

Sealed Tender Envelope will be opened on 29/07/2024 at 1200 in the office of the undersigned at Old Police Line, Line Tank Road, Ranchi in presence of the Tenderers /Representatives (if any) . Incomplete offers or without earnest money (In form of Bank Draft) will not be considered or entertained.

The undersigned reserves the right to reject any Tender fully or partially without assigning any reason.

**Sd.- Harvinder Singh**
**S.P.(Commn.& Tech. Services)**
**Jharkhand ,Ranchi**

PR 328724 Police Wireless Headquarter(24-25)#D


## जल्द ही किन्नरों का बनेगा आइडी कार्ड, ताकि उन्हें मिले सरकारी योजना का लाभ: न्यायाधीश

धनबाद (आजाद सिपाही)। वर्तमान समय में किन्नर समुदाय को विभिन्न प्रकार के सामाजिक भेदभाव का सामना करना पड़ता है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 में वर्णित समानता का अधिकार किन्नरों को यह अधिकार प्रदान करता है कि लिंग के आधार पर भिन्नता नहीं की जा सकती। उक्त बातें धनबाद के अवर न्यायाधीश सह डालसा सचिव राकेश रोशन ने कही। वे शुक्रवार को जामाडोबा में किन्नरों को लेकर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि न्यायमूर्ति केएस राधाकृष्णन ने अपने एक फैसले में कहा था कि शायद ही कभी, हमारे समाज को उस आघात, पीड़ा और दर्द का एहसास होता है, जिससे ट्रांसजेंडर समुदाय के सदस्य गुजरते हैं। बतातें चलें कि झालसा के निर्देश पर अवर न्यायाधीश राकेश रोशन लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, सहायक शैलेंद्र झा कीन्नरों के बीच पहुंचे थे। उन्हें उनके अधिकरों और हक के विषय में बताया। लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट ने कहा कि किन्नरों की दयनीय दशा को दूर करने के लिए 15 अप्रैल 2014 को भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने भारतीय कानून में ट्रांसजेंडर को 'तीसरा लिंग' घोषित किया था। इस फैसले से ट्रांसजेंडर समुदायों को पहली बार 'तीसरे जेंडर' के तौर पर पहचान मिली। सहायक काउंसिल शैलेंद्र झा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद किन्नरों को शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत नि:शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का लाभ प्राप्त हो गया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारता मंत्रालय द्वारा किये जा रहे प्रयास किन्नरों को पूरे भारतवर्ष में चिकित्सकीय, सामाजिक एवं शैक्षिक लाभ प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त कर रहा है।

### सांसद ढुल्लू महतो ने हिमांशी को दी बधाई

# वित्तीय साक्षरता प्रश्नोत्तरी में उत्तर भारत में बनी टॉपर हिंमाशी चौरसिया

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** वित्तीय साक्षरता प्रश्नोत्तरी में हिमांशी चौरसिया को पहला स्थान मिलने पर शुक्रवार को धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो ने बधाई दी है। शुक्रवार को बेकार बांध स्थित गुप्तेश्वर अपार्टमेंट में फ्लैट में पहुंचकर सांसद ने हिमांशी को धनबाद का नाम रोशन करने के लिए पुष्पगुच्छ देकर बधाई दी एवं आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि गर्व और खुशी की बात है कि हमारे भाई आनंद चौरसिया की बेटी ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया था और पूरे उत्तर भारत में टॉप किया। हम



सभी की बेटी हिमांशी एक दिन सफलता के और नये आयाम छुएगी। वहीं, हिमांशी के पिता आनंद चौरसिया ने बताया कि हिमांशी ने मुंबई में सेबी और एनआईएसएम (भारत सरकार) राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता प्रश्नोत्तरी 2024 में सफलता हासिल की है। पोस्ट ग्रेजुएट श्रेणी में प्रतिस्पर्धा करते हुए उसने दिल्ली स्कूल आफ इकोनॉमिक्स का प्रतिनिधित्व किया और उत्तर भारत में टॉपर बनने के साथ ही अखिल भारतीय स्तर पर पांचवा स्थान प्राप्त किया है।


**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा।**
पाण्डेय गणपतराय भवन प्रथम तल्ला, समाहरणालय, लोहरदगा पिन–835302
E-mail :- ssaloh@rediffmail.com / lohardagassa@gmail.com

**आवश्यक सूचना**

झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची के पत्रांक IE/13/04/2024/1564 दिनांक 13.05.2024 के द्वारा प्राप्त निदेश के आलोक में समावेशी शिक्षान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25मेंजिले के सभी प्रखण्डों के 03 –18 आयु वर्ग के दिव्यांग बच्चों को आवश्यक सहायक उपकरण (Aid & Appliances) प्रदान कर शिक्षा की मुख्य धारा मे जोड़ने हेतु **ALIMCO(एलिम्को) भुवनेश्वर एवं झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा** के संयुक्त तत्वाधान मे निम्न विवरणी के अनुसार जाँच/ वितरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है :–

| क्र0 | कैम्प स्थल | संलग्न प्रखण्ड | आयोजन की तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड संसाधन केन्द्र, लोहरदगा | लोहरदगा सदर | 08.07.2024 | 09:00 बजे पूर्वाह्न से 05:00 बजे अपराह्न तक |
| 2 | रिसोर्स सेन्टर, रा0प्रा0वि0, खंडा, कैरो | कैरो | 09.07.2024 | |
| 3 | प्रखण्ड संसाधन केन्द्र, कुडू (रा0म0 विद्यालय, टाकू, कुडू) | कुडू | 10.07.2024 | |
| 4 | प्रखण्ड संसाधन केन्द्र, किस्को (रा0म0 विद्यालय, किस्को) | किस्को | 11.07.2024 | |
| 5 | प्रखण्ड कार्यालय, पेशरार | पेशरार | 12.07.2024 | |
| 6 | प्रखण्ड संसाधन केन्द्र, भंडरा | भंडरा | 13.07.2024 | |
| 7 | रिसोर्स सेन्टर, रा0प्रा0वि0, अरू, प्रखण्ड–सेन्हा | सेन्हा | 15.07.2024 | |

जाँच शिविर में भाग लेने वाले दिव्यांग बच्चों को निम्न दस्तावेज के साथ उपस्थित होना आवश्यक है।

i. बच्चों का दोप्रतिफोटोग्राफ।
ii. आधारकार्ड (बच्चा अथवा बच्चों के माता/पिता/ अभिभावक का) की छायाप्रति।
iii. दिव्यांगता प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
iv. UDID कार्ड अथवा UDID कार्ड पंजीकरण संख्या
v. आय प्रमाणपत्र अथवा दिव्यांगता छात्रवृत्ति प्रमाणपत्र जो बच्चे की दिव्यांगता को दर्शाता हो, यदि किसी बच्चे के पास आय प्रमाण पत्र न हो तो संबंधित ग्राम प्रधान/ मुखिया से प्रमाणपत्र प्राप्त किया जा सकता है।
vi. बच्चों का दिव्यांगता प्रमाणपत्र उपलब्ध नही होने की स्थिति में विहित प्रपत्र (सभी प्रखण्डों को उपलब्ध कराया जा चुका है) के माध्यम से बच्चों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र हेतुविद्यालय के प्रधान शिक्षक, समग्र शिक्षा के अधिकृत पदाधिकारी/ प्रतिनिधि, ALIMCO(एलिम्को) के प्रतिनिधि तथा सरकारी चिकित्सा पदाधिकारी के संयुक्त हस्ताक्षर से बच्चों के Assessment हेतु प्रमाणपत्र जारी किया जा सकेगा, जो सिर्फ बच्चे के Assessment एवं (Aid & Appliances) प्राप्त करने के लिए मान्य होगा।

अतः जिले के सभी सम्मानित जनप्रतिनिधि/ पदाधिकारी/ विद्यालय प्रधान/ शिक्षक/ बी0आर0पी0/सी0आर0पी0/ रिसोर्स शिक्षक/ थेरेपिस्ट/ विद्यालय प्रबंधन समिति/ सरस्वती वाहिनी संचालन समिति (माता समिति)/आंगनबाड़ी केन्द्रों के सेविका/सहायिका/गैर सरकारी संस्थाओं /दिव्यांगबच्चों के माता–पिता/ अभिभावक, समाज के प्रबुद्ध जन एवं सर्वसाधारण से अपील है **किअपने–अपने क्षेत्राधीन विद्यालय के पोषक क्षेत्रों के 03 से 18 आयुवर्ग के दिव्यांग बच्चों को सूचितकर / आवश्यक सहयोग प्रदान कर जाँचशिविर मेंससमय उपस्थित होने के लिए प्रेरित करने की कृपा की जाय, ताकि जाँच के पश्चात् आवश्यतानुसार सहायक सामग्रियाँ (Aid & Appliances)उपलब्ध कराया जा सके।**

उपायुक्त–सह– अध्यक्ष
झारखण्डशिक्षा परियोजना, लोहरदगा।

PR 328799 (Lohardaga) 24-25 (D)

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज से चार दिवसीय ओड़िशा दौरे पर, रथ यात्रा में होंगी शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू चार दिवसीय ओड़िशा दौरे पर आयेंगी, जहां वह रथ यात्रा और राज्य में कई अन्य कार्यक्रमों में भाग लेंगी। जानकारी के अनुसार राष्ट्रपति 6 जुलाई से 9 जुलाई तक ओड़िशा में रहेंगी। वह शनिवार की शाम वायुसेना के विशेष विमान से भुवनेश्वर एयरपोर्ट पहुंचेंगी। इसके बाद राष्ट्रपति एयरपोर्ट से सीधे जयदेव भवन जायेंगी। राष्ट्रपति वहां एक कार्यक्रम में शामिल होंगी और राजभवन (गवर्नर हाउस) में रात्रि विश्राम करेंगी। इसके बाद 7 जुलाई की सुबह वायुसेना के



विशेष हेलीकॉप्टर से पुरी जायेंगी। वहां महामहिम सवारी का अवलोकन करेंगी। दिन के तीन बजे कमिश्नरेट पुलिस की ओर से कार्सिड परेड निकाली जायेगी। राष्ट्रपति की सुरक्षा व्यवस्था राष्ट्रपति की सुरक्षा ब्लू बुक के अनुसार की जायेगी।

ओड़िशा के पुलिस महानिदेशक अरुण सारंगी ने बताया कि इस साल राष्ट्रपति पुरी जाकर सवारी देखेंगे। इसके अलावा कई वीआइपी भी पवित्र शहर में आने वाले हैं। इसलिए चार अतिरिक्त डीजी के नेतृत्व में छह आईजी और डीआईजी रैंक के अधिकारी, 19 एसपी रैंक के अधिकारी, 33 अतिरिक्त एसपी, 75 डीएसपी, 130 इंस्पेक्टर और 675 सब-इंस्पेक्टर और एएसआई को लगाया जायेगा। इसके अलावा केंद्र से स्पेशल स्ट्राइकिंग यूनिट की तीन प्लाटून और रैपिड एक्शन टीम (आरएटी) की पांच कंपनियां भी होंगी।

### रथ यात्रा की तैयारियां अंतिम चरण में

रथ यात्रा की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गयी हैं। रथों का काम लगभग पूरा हो चुका है और 7 जुलाई को इनकी शुरूआत होगी। शिल्पकार तीन रथों नंदीघोष, तलध्वजा और दर्पदलन पर अंतिम रूप देते देखे गये। सिंहासन की नक्काशी हो चुकी है और रंगाई का काम चल रहा है। तीनों रथों को रथ खला (रथ बनाने की जगह) से उलट दिया गया है। नंदीघोष सारथी रथ के पहियों, सलाखों, रेलिंग, रथ के बाहरी हिस्सों पर जरूरी रंगाई का काम पूरा कर चुके हैं। उल्लेखनीय है कि भगवान जगन्नाथ और उनके भाई-बहन, जो बुखार से पीड़ित थे, पहले ही ठीक हो चुके हैं। राजप्रसाद बिजे नीति का पालन किया गया है, जिसका अर्थ है कि श्रीमंदिर के सेवकों ने गजपति महाराज के महल श्री नाहर (राजप्रसाद) का दौरा किया है और उन्हें भगवान जगन्नाथ और भाई-बहनों के ठीक होने की सूचना दी है। सेवक अपने साथ कराला चंदन (चंदन) और अंग बस्त्र (वस्त्र) ले गये हैं, जिन्हें चांदी की डिस्क में लिपटे पाटा बस्त्र (शाही वस्त्र) पर रखा गया है। वहां गजपति महाराज ने प्रसाद ग्रहण किया और फिर दैतापति सेवकों ने राजा को भगवान जगन्नाथ और भाई-बहनों के ठीक होने की सूचना दी। उन्होंने राजा से आगामी रथ यात्रा की तैयारियों और देवताओं के गुप्त अनुष्ठानों के बारे में भी चर्चा की।

## ओलंपिक के लिए जा रहे खिलाड़ियों से मिले पीएम नरेंद्र मोदी, कहा

# 2036 का दावा मजबूत करेंगे आपके अनुभव

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक के लिए खिलाड़ियों की रवानगी से पहले पीएम मोदी ने उनसे शुक्रवार को खास मुलाकात की और उन्हें विजय मंत्र दिया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने खिलाड़ियों से ओलंपिक 2036 की मेजबानी की भारत की दावेदारी कामयाब रहने को लेकर पेरिस में व्यवस्थाओं का अनुभव साझा करने का आग्रह किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने पेरिस ओलंपिक जा रहे खिलाड़ियों से व्यक्तिगत और आनलाइन बातचीत में कहा कि उनके द्वारा साझा की जाने वाली जानकारी 2036



ओलंपिक की मेजबानी का दावा मजबूत करने में काम आयेगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की कोशिश है कि हम 2036 में ओलंपिक की मेजबानी करें। इससे भी बड़ा माहौल बनता है और हम प्रयास कर रहे हैं। बुनियादी ढांचा तैयार करने पर विशेषज्ञ काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं ओलंपिक से पहले नहीं लेकिन बाद में वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लेने का आपसे आग्रह करूंगा। आप लोग भी खेल के बाद वहां व्यवस्थायें क्या हैं, उसे देखें। खिलाड़ियों से जो इनपुट मिलेगा, वह 2036 के लिये काम आयेगा। आप यह देखकर आयेंगे तो हमें बहुत सुविधा होगी।

बता दें कि पेरिस ओलंपिक 26 जुलाई से 11 अगस्त के बीच खेले जायेंगे। भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन टोक्यो ओलंपिक में रहा है, जिसमें भालाफेंक में नीरज चोपड़ा के ऐतिहासिक स्वर्ण समेत सात पदक जीते।भारत के 100 से अधिक खिलाड़ियों ने ओलंपिक के लिये क्वालीफाई किया है, जिसमें 21 निशानेबाज हैं।

## भारतवंशी ऋषि सुनक को हरा कर ब्रिटेन के 58वें पीएम बने कीर स्टार्मर

**लंदन।** ब्रिटेन में शुक्रवार 5 जुलाई को सत्ता बदल गयी। सत्ताधारी कंजर्वेटिव पार्टी 14 साल बाद लेबर पार्टी से चुनाव हार गयी। इसके कुछ घंटे बाद भारतवंशी




ऋषि सुनक ने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। लेबर पार्टी के 61 साल के कीर स्टार्मर देश के 58वें प्रधानमंत्री बन गये हैं। सुनक ने हार स्वीकार कर पार्टी से माफी मांगी है। उन्होंने स्टार्मर को भी फोन कर जीत की बधाई दी। आम चुनाव में लेबर पार्टी को बंपर जीत मिली है। पार्टी ने कुल 650 सीटों में से 412 जीत दर्ज की है। सरकार बनाने के लिए 326 सीटों की जरूरत होती है। उधर कंजर्वेटिव 120 सीटों पर सिमट गयी। यह कंजर्वेटिव पार्टी की पिछले 200 सालों में सबसे बड़ी हार है।

# बालासोर में जादू-टोना के संदेह में ग्रामीणों ने तीन की हत्या की

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा के बालासोर जिले के सोरो में तिहरे हत्याकांड का मामला सामने आया है। बालासोर में जादू-टोना करने के शक में तीन लोगों की हत्या कर दी गयी। पुलिस ने पूछताछ के लिए कुल आठ लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने जांच की और पाया कि इस मामले में 15 से ज्यादा लोग शामिल हैं। कल पुलिस ने शव मिलने के बाद जांच के लिए 7 लोगों को हिरासत में लिया है। बताया गया है कि मृतकों में दो महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं। गुरुवार को बालासोर जिले के ऊपड़ा पुलिस स्टेशन के अंतर्गत आने वाले बड़ापाखोरी गांव के जंगल से तीन शव बरामद हुए। रिपोर्ट के अनुसार तीनों मृतकों की पहचान जलिया सिंह की पत्नी संबरी सिंह, डंपा सिंह और बड़ापाखोरी गांव की उसकी पत्नी के रूप में हुई है। जलिया और संबरी के बेटे निरंजन ने गांव के ही कुछ लोगों पर तीनों की हत्या का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्रामीणों को शक है कि तीनों पर काला जादू करने का आरोप है, जिसके चलते हत्या की गयी है। शिकायत मिलने पर ऊपड़ा पुलिस स्टेशन के आइआइसी श्रवण कुमार महाराणा ने एक टीम को जंगल में भेजा। जंगल में तलाशी लेने पर तीन शव बरामद हुए। 1 जुलाई को कुछ ग्रामीणों ने तीनों की पीट-पीट कर हत्या कर दी और शव को जंगल में फेंक दिया। शव को टुकड़ों में काटकर जंगल में फेंक दिया। हमले में इस्तेमाल हथियार भी जंगल से बरामद किये गये हैं।

# अयोध्या रामलला मंदिर में 25 और मूर्तियां लगायी जायेंगी : चंपत राय

- शेषावतार, सप्तऋषि और तुलसीदास की मूर्ति शामिल
- दिसंबर तक मंदिर निर्माण पूरा करने की कोशिश

आजाद सिपाही संवाददाता

**अयोध्या।** रामलला मंदिर में 25 और मूर्तियां लगेंगी। इसमें श्रीराम दरबार, सप्तऋषि, शेषावतार और कुछ अन्य देवी-देवताओं की मूर्तियां शामिल हैं। ये मूर्तियां फर्स्ट फ्लोर पर स्थापित की जायेंगी। रामचरित मानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास की एक बड़ी मूर्ति भी लगायी जायेगी, हालांकि इसका स्थान अभी तय नहीं है। ये जानकारी श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने दी। शुक्रवार को उन्होंने बताया कि राम मंदिर 221 फीट ऊंचा होगा। मंदिर का मुख्य शिखर 161 फीट ऊंचा होगा। इस पर 50 मीटर ऊंचा ध्वज दंड लगेगा। यह दंड गुजरात से तीन महीने पहले अयोध्या लाया गया है। ट्रस्ट की कोशिश है कि राम मंदिर दिसंबर, 2024 तक बन कर पूरी तरह से तैयार हो जाये। साथ में पूरे मंदिर परिसर का निर्माण 2025



के अंत तक पूरा कर लिया जाये।

**मंदिर निर्माण में अब तक लगे तीन लाख घन फीट पत्थर :** चंपत राय के अनुसार, राम मंदिर का निर्माण का काम तेजी से चल रहा है। निर्माण में अब तक तीन लाख घन फीट पत्थर का इस्तेमाल हो चुका है। करीब सवा लाख घन फीट पत्थर अभी और लगेंगे। मंदिर निर्माण में बरसात से कितनी बाधा आ सकती है, निर्माण तेज करने के लिए कितने मजदूरों की जरूरत पड़ेगी? इस पर भवन निर्माण समिति की बैठक में मंथन हो रहा है। चंपत राय से सवाल पूछा गया कि रामलला के शेष दो मूर्तियां कहां स्थापित होंगी? जवाब में उन्होंने कहा- वो ट्रस्ट की संपत्ति है। इस पर जल्द ट्रस्ट के पदाधिकारी बैठक कर स्थान का निर्धारण कर लेंगे। मीडिया को भी स्थान और समय की जानकारी दे दी जायेगी। रामलला की ये दो मूर्तियां वही हैं, जिनका निर्माण गर्भगृह के लिए किया गया था। हालांकि, सिलेक्शन नहीं हो सका था। कर्नाटक के मैसूर के रहने वाले मूर्तिकार अरुण योगीराज द्वारा बनायी गयी प्रतिमा गर्भगृह में स्थापित है।

**तय समय पर पूरा हो निर्माण, ट्रस्ट कर रहा मंथन :** मंदिर ट्रस्ट के सदस्य डॉक्टर अनिल मिश्र ने बताया कि राम मंदिर का निर्माण समय से और गुणवत्ता के साथ हो रहा है। इससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो, हम इसका हमेशा ध्यान रखते हैं। रोज इसकी समीक्षा की जाती है।

**सेकेंड फ्लोर का 70 फीसदी काम पूरा :** राम मंदिर का ग्राउंड फ्लोर 90 फीसदी बन गया है। सेकेंड फ्लोर का काम भी 70 फीसदी पूरा हो चुका है। सेकेंड फ्लोर पर 74 स्तंभों में से 60 स्तंभ स्थापित किये जा चुके हैं। परिसर में 800 मीटर लंबा परकोटा भी बन रहा है। परकोटे में छह मंदिरों का भी निर्माण कार्य चल रहा है। इसके अलावा परिसर में सप्त मंडपम की भी स्थापना की जा रही है। श्रद्धालुओं के लिए तीर्थ यात्री सुविधा केंद्र का काम पूरा हो गया है। यहां 25 हजार श्रद्धालु बैठ सकेंगे।

# आइओपी में यूजीसी-डीएइ सीएसआर भुवनेश्वर नोड का किया गया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** यूजीसी-डीएइ कंसोर्टियम फॉर साइंटिफिक रिसर्च (सीएसआर) भुवनेश्वर नोड का औपचारिक उद्घाटन 27 जून को इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिक्स (आइओपी), भुवनेश्वर में किया गया। इस कार्यक्रम में परमाणु ऊर्जा आयोग के अध्यक्ष और परमाणु ऊर्जा विभाग, मुंबई के सचिव प्रोफेसर अजीत कुमार मोहंती उपस्थित थे।

प्रोफेसर मोहंती ने अपने उद्घाटन भाषण में भारत के पूर्वी हिस्से में वैज्ञानिक विकास की उन्नति के लिए सहयोगात्मक अनुसंधान के महत्व और संसाधनों और जनशक्ति के प्रभावी उपयोग पर जोर दिया। उन्होंने इस तरह के सहयोग को बढ़ावा देने में यूजीसी-डीएइ सीएसआर भुवनेश्वर नोड के महत्व पर प्रकाश डाला और क्षेत्र में इसके भविष्य के विकास के लिए आशावाद व्यक्त किया।

समारोह में आइओपी के निदेशक प्रोफेसर करुणा कर नंदा,



यूजीसी-डीएइ सीएसआर के निदेशक प्रोफेसर अमलान जे पाल, परमाणु ऊर्जा विभाग और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के उल्लेखनीय प्रतिनिधियों के साथ-साथ संकाय सहित कई प्रतिष्ठित अतिथियों ने भाग लिया। संस्थान के सदस्य, अनुसंधान विद्वान और कर्मचारी। अपने भाषण में प्रोफेसर पाल ने आइओपी में यूजीसी-डीएइ सीएसआर भुवनेश्वर नोड की स्थापना की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रोफेसर नंदा ने भी सहयोग के महत्व पर जोर दिया और आशा व्यक्त की कि सभी हितधारकों के समर्थन से यह नोड अंततः एक पूर्ण यूजीसी-डीएइ सीएसआर केंद्र में विकसित होगा। यह उद्घाटन एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, क्योंकि यह भारत के पूर्वी हिस्से में अपनी तरह का पहला उद्घाटन है, जो इस क्षेत्र में उन्नत वैज्ञानिक अनुसंधान और सहयोग का मार्ग प्रशस्त करता है।

**यूजीसी-डीएइ सीएसआर के बारे में :** यूजीसी-डीएइ कंसोर्टियम फॉर साइंटिफिक रिसर्च (सीएसआर) एक सहयोगात्मक प्रयास है, जिसका उद्देश्य विभिन्न वैज्ञानिक क्षेत्रों में अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देना है। यह उन्नत अनुसंधान सुविधाओं तक पहुंच प्रदान करता है और पूरे भारत में शैक्षणिक और अनुसंधान संस्थानों के बीच सहयोग को बढ़ावा देता है।

# सरोगेसी से मां बननेवाली महिलाओं को मिले मैटरनिटी लीव, ये उनका अधिकार : हाइकोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** उड़ीसा हाइकोर्ट ने एक मामले में फैसला सुनाते हुए कहा कि सरोगेसी के जरिए मां बनने वाली महिला कर्मचारियों को भी अन्य महिलाओं की समान ही मैटरनिटी लीव और दूसरी लाभ प्राप्त करने का पूरा अधिकार है। जस्टिस एस के पाणिग्रही की सिंगल बेंच ने 25 जून को ओडिशा वित्त सेवा की महिला अधिकारी सुप्रिया जेना द्वारा 2020 में दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया।




जेना सरोगेसी के माध्यम से मां बनीं, लेकिन उन्हें ओड़िशा सरकार में उनके सीनियर अधिकारियों ने 180 दिनों के मैटरनिटी लीव नहीं दी। इसलिए उन्होंने सरकार के खिलाफ हाइकोर्ट का रुख किया। कोर्ट ने पाया कि नेचुरल मां बनने वाली महिलाएं और बच्चा गोद लेने वाली महिलाओं को 180 की मैटरनिटी लीव दी जाती है, लेकिन सेरोगेसी अपनाने वाली महिलाओं को लिए ऐसा कोई रूल नहीं है।

अदालत ने कहा कि अगर सरकार बच्चा गोद लेने वाली महिला को मैटरनिटी लीव दे सकती है तो सरोगेसी से मां बनने वाली महिला को लीव नहीं देना गलत है। कोर्ट ने फैसला सुनाया कि सभी नयी माताओं के लिए समान व्यवहार और सहायता तय करने के लिए सरोगेसी के माध्यम से मां बनने वाली कर्मचारियों को मैटरनिटी लीव दी जानी चाहिए, चाहे वे किसी भी तरह से माता-पिता बनें।

## ओड़िशा को भारत के विभिन्न हिस्सों से 5 बाघ मिलेंगे

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** पशु प्रेमियों के लिए खुशी की बात है, क्योंकि भारत के विभिन्न भागों से पांच नए बाघ ओडिशा आयेंगे। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को देबरीगढ़ अभ्यारण्य में तीन बाघ और सिंप्लीपाल में दो बाघों के आने की जानकारी मिली है। मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र से एक बाघ और दो बाघिनों को लाकर देबरीगढ़ अभ्यारण्य में स्थानांतरित किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि 31 अगस्त को बाघों को लाया जायेगा। इसी तरह मध्य प्रदेश या महाराष्ट्र के मध्य भूभाग से दो बाघों को लाकर सिमलीपाल में बसाया जायेगा। उपरोक्त जानकारी वन विभाग द्वारा दी गयी है।







| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |







आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**